उत्तर प्रदेश सरकार

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

Pratham

# गणित निर्देशिका

## कक्षा (4—5)

## बेसिक एवं एडवांस स्तर

**निपुण भारत के अन्तर्गत**
**कक्षा 4—5 के लिए**
**FLN कार्यक्रम**

**2022-23**



शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

Pratham

# गणित
# विषय–सूची


## बेसिक स्तर के लक्ष्य


| क्रमांक | सप्ताह | | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | 1–4 | बच्चे संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं को समझ पाएँगे। | 1–4 |
| 2. | 5–8 | बच्चे संख्याओं और मौलिक संक्रियाओं की अवधारणाओं पर बातचीत कर पाएँगे। | 5–8 |
| 3. | 9–12 | बच्चे 1–20 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे। | 9–12 |
| 4. | 13–16 | बच्चे 1–20 तक की संख्याओं में जोड़ व घटाव कर पाएँगे। | 13–16 |
| 5. | 17–20 | बच्चे 1–100 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे। | 17–20 |
| 6. | 21–24 | बच्चे 1–100 तक की संख्याओं में जोड़ व घटाव के शाब्दिक सवालों को हल कर पाएँगे। | 21–24 |


## एडवांस स्तर के लक्ष्य


| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | 1–4 | बच्चे संख्याओं और संक्रियाओं की अवधारणाओं पर बातचीत कर पाएँगे। | 25–28 |
| 8. | 5–8 | बच्चे 999 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे। | 29–32 |
| 9. | 9–12 | बच्चे अनुमान और मापन तथा आकृतियों के बारे में बता पाएँगे। | 33–36 |
| 10. | 13–16 | बच्चे 999 तक की संख्याओं में हासिल वाले जोड़ के शाब्दिक सवाल हल कर पाएँगे। | 37–40 |
| 11. | 17–20 | बच्चे 999 तक की संख्याओं में हासिल वाले घटाव के शाब्दिक सवाल हल कर पाएँगे। | 41–44 |
| 12. | 21–24 | बच्चे 3 अंकों वाली संख्याओं में 2 अंकों वाली संख्याओं से गुणा एवं भाग के शाब्दिक सवालों को हल कर पाएँगे। | 45–48 |


**नोटः– बच्चों के साथ बेसिक स्तर का लक्ष्य प्राप्त करने पर एडवांस स्तर व एडवांस स्तर का लक्ष्य प्राप्त करने पर उनके साथ पाठ्यपुस्तक की गतिविधियाँ की जाएँगी।**






शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# प्रस्तावना

Pratham

जैसा कि हम सभी जानते हैं पिछले दो वर्षों से कोविड के कारण बच्चे स्कूल आने से वंचित रहे । ऐसे में उनकी पढ़ाई–लिखाई सही से न हो पाना स्वाभाविक है। इस दौरान एक अच्छी बात यह हुई कि इस बार माता–पिता एवं अभिभावक भी पढ़ाई के महत्त्व को अच्छी तरह से समझे हैं और बच्चों की मदद भी की है। स्कूल खुलने के बाद शिक्षकों से उनका अच्छा रिश्ता बना है। यह एक ऐसा समय है कि हम सभी शिक्षक, माता–पिता, अभिभावक मिलकर बच्चों की भरपूर मदद करें। इससे बच्चों को भी अच्छा लगेगा और इन दो वर्षों में हुई शैक्षणिक क्षति की भी भरपाई हो पाएगी।

साथ ही साथ, नई शिक्षा नीति के लक्ष्यों को भी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए ऐसे बच्चों पर केंद्रित होकर काम किया जाना है जिनका शैक्षिक स्तर उनकी कक्षा के स्तर से काफी पीछे है अर्थात् ऐसे बच्चे जो पढ़ना और साधारण गणित के सवाल करना अभी भी नहीं सीख पाए हैं। इस पैकेज में बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति, पढ़ना, शब्दकोश बढ़ाना और लेखन कौशल को समृद्ध करने पर विशेष जोर रहेगा। गतिविधियों को सुचारू रूप से लागू करने से बच्चों में निश्चित रूप से हम सभी मिलकर कम समय में पढ़ने–लिखने और साधारण गणित करने का कौशल विकसित कर पाएंगे।

अतः शुरुआत से बच्चों के साथ अर्थपूर्ण और फ़ोकस तरीके से कार्य करने की ज़रूरत है ताकि उनके आधारभूत कौशल को आसानी से मज़बूत किया जा सके। स्कूल खुलने पर सबसे पहले सारे बच्चों का नामांकन कराया जाए साथ ही, उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पढ़ाई–लिखाई के साथ–साथ सामाजिक, भावनात्मक, बौद्धिक, शारीरिक विकास एवं स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियाँ की जाएँ ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके । बच्चे अपनी बातों को प्रभावी तरीके से रखें, इस पर भी कार्य करने की ज़रूरत है।

बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश और प्रथम संस्था द्वारा सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 4–5 के लिए **निपुण भारत के अन्तर्गत FLN कार्यक्रम** का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कमाल (CAMaL : Combined Activities for Maximized Learning) अर्थात teaching at the right level पद्धति पर आधारित है। बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश जहाँ एक तरफ निपुण भारत के दिशा–निर्देश के अनुसार कक्षा 1 से 3 के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ज़ोर–शोर से काम कर रहा है वहीं कक्षा 4 और 5 के बच्चों को भी नज़र अंदाज नहीं करना चाह रहा है । अतः विभाग ने कक्षा 4–5 के लिए भी **FLN** कार्यक्रम चलाकर एक नई पहल की है जिसमें कक्षा 4 और 5 के ऐसे बच्चे शामिल होंगे जिनका शैक्षिक स्तर उनकी कक्षा के अनुरूप नहीं है।

हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि हम सब मिलकर इन बच्चों के आधारभूत कौशल को मजबूत करने में ज़रूर कामयाब होंगे और वे जल्दी से पढ़ना–लिखना सीख जाएँगे और साधारण गणित आसानी से हल कर पाएँगे।

धन्यवाद!

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ पहले सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं को समझ पाएँगे।

**सप्ताह–1**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 20 मिनट | कक्षा के सभी बच्चों को कतार में खड़ा करें। अब बारी–बारी दो बच्चों में तुलना करते हुए पूछें कि इन दोनों में कौन बड़ा है और कौन छोटा? इसके बाद कक्षा में मौजूद चीज़ों की तुलना करें क्या बड़ा और क्या छोटा, इसके बारे में बताने को कहें, जैसे–टेबल बड़ी है या कुर्सी छोटी। | घर में दिखने वाली वस्तुओं के बारे में बताने को कहें कि क्या बड़ा है क्या छोटा? जैसे – बाल्टी बड़ी और गिलास छोटा। रोटी की तरह गोल दिखने वाली वस्तुओं का नाम बताने को कहें। | बच्चों से कक्षा में उपलब्ध गणित किट/पोस्टर/वस्तुओं के माध्यम से बताने को कहें कि क्या मोटा और क्या पतला? जैसे– गिलास मोटा और चम्मच पतला। बच्चों से कॉपी में गोल आकृति बनाने को कहें। | बच्चों से कक्षा में उपलब्ध गणित किट/पोस्टर/वस्तुओं के माध्यम से बताने को कहें कि क्या पतला और क्या मोटा है? जैसे– पोस्टर के माध्यम से करेला मोटा है और भिंडी पतली। बच्चों से कक्षा में चौकोर दिखने वाली वस्तुओं का नाम बताने को कहें। | बड़े समूह में बच्चों से कक्षा में उपलब्ध वस्तुओं के माध्यम से दूर–पास के बारे में पूछें। बच्चों से कक्षा में चौकोर दिखने वाली वस्तुओं का नाम बताने को कहें। | बड़े समूह में बच्चों से लुढ़कने और सरकने वाली चीज़ों के नाम बताने को कहें। जैसे– गेंद लुढ़कती है और बल्ला सरकता है। लुढ़कने और सरकने वाली वस्तुओं का आकर बताने को कहें। |
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | कक्षा में उपलब्ध संसाधनों पर संख्या आधारित चर्चा करें। जैसे – कक्षा में कितनी खिड़कियाँ हैं? कितने बच्चे हैं? किसकी संख्या सबसे अधिक है? किसकी संख्या सबसे कम है? कितनी अधिक है? कितनी कम है? आपने कैसे पता किया कि कितना अधिक है या कितना कम? | परिवार में सदस्यों की उपलब्धता पर संख्या आधारित चर्चा करें। जैसे– आपके घर में कुल कितने सदस्य हैं?, आपके दोस्त के घर में कुल कितने सदस्य हैं?, किसके घर में ज्यादा सदस्य हैं? | बच्चों से पूछें कि हम कैलेंडर का इस्तेमाल किन–किन कामों में करते हैं? कैसे करते हैं? बच्चों के जवाब के अनुसार चर्चा को आगे बढ़ाएँ। | बच्चों से कैलेंडर पर चर्चा करें, जैसे – एक सप्ताह में कितने दिन होते हैं। सप्ताह के दिनों के नाम बताएँ। बच्चों के जवाब के अनुसार चर्चा को आगे बढ़ाएँ। | बच्चों से पूछें कि घड़ी का इस्तेमाल किसलिए करते हैं? घड़ी में कितनी सुइयाँ होती हैं? इन सुइयों को किन–किन नामों से बुलाते हैं? एक घंटे में कितने मिनट होते है? मिनट बड़ा होता है या घंटा? कैसे? आदि। | बच्चों से पूछें कि घड़ी में कितना समय हुआ है यह हम कैसे पता करते हैं? कैसे पता करते हैं कि अभी 8 बजकर 15 मिनट हुआ है? |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | बच्चों से पूछें, आज कितने बच्चों ने लाल रंग और कितने बच्चों ने हरे रंग के कपड़े पहने है? अब बच्चों को उनके द्वारा बताए गए अंक के बराबर तीलियाँ गिनकर लेने को कहें और उन अंको को फ़्लैश कार्ड में दिखाएँ। इसके बाद उन अंको को संख्या चार्ट में ढूँढकर लिखने के लिए कहें। | बच्चे अपने आस–पास तीन की संख्या में दिखने वाली वस्तुओं के नाम बताएँ। जैसे – रिक्शा के पहिए तीन, पंखे की पत्तियाँ तीन आदि। इसी तरह चार, पाँच आदि संख्या में दिखने वाली वस्तुओं के बारे में भी पूछें। तीली की सहायता से 1–9 तक गिनने, फ़्लैश कार्ड में उसे दिखाने और चार्ट में ढूँढकर लिखने को कहें। | बड़े समूह में 1–9 तक का संख्या चार्ट वाचन कराने के बाद छोटे समूह में भी कराएँ। इसे ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर की ओर गिनती करने को कहें। समूह के सभी बच्चे बारी–बारी पढ़ें और उस दौरान समूह के अन्य बच्चे देखें और एक–दूसरे की मदद करें। | बच्चों को गोल घेरे में खड़े होने को कहें। आप ताली बजाते जाएँ और बच्चे अपने एक हाथ को आगे करके उल्टा–सीधा करते जाएँ। जैसे ही आप ताली बंद करेंगे सभी बच्चे रुक जाएँगे। किसी बच्चे को बुलाकर सीधे हाथ को गिनती करने को कहें। किसी दूसरे बच्चे से उल्टे हाथ को गिनती करने को कहें। | बच्चों को गोल घेरे में घूमने को कहें। उन्हें निर्देश दें कि जब मैं बोलूँ बैठ जाइए तो खड़े हो जाना है और जब बोलूँ खड़े हो जाइए तो बैठ जाना है। हर बार खड़े हुए और बैठे हुए बच्चों की गिनती करवाएँ। छोटे समूह में 1–9 तक का संख्या चार्ट वाचन करने को दें। | बच्चों से बारी–बारी एक मिनट में गिनती गिनने को कहें। निर्देश दें कि आज देखते हैं कि एक मिनट में कौन, कहाँ तक गिनती गिन सकता है! अब छोटे समूह में 1–9 तक की संख्या को संख्या चार्ट में बीच–बीच से एक–दूसरे से पूछने के लिए कहें। |
| मौलिक/मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 15 मिनट | जोड़ व घटाव के एक अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– रमन के पास 3 पेंसिल हैं। रीता ने उसे 2 पेंसिल और दे दीं। बताएँ, रमन के पास अब कितनी पेंसिल हो गईं? | जोड़ व घटाव के एक अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– कपिल के पास 8 आम हैं। उसने उनमें से 3 आम खा लिए। बताएँ, कपिल के पास अब कितने आम हैं? | जोड़ व घटाव के एक अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के बाद जोड़ के 1 सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके बताएँ। जैसे– करीम ने 5 टॉफ़िया ख़रीदी। उसे उसके पापा ने 4 टॉफ़िया और दे दीं। बताएँ, करीम के पास अब कितनी टॉफ़ियाँ हैं? | जोड़ व घटाव के एक अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के बाद जोड़ के 1 सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके बताएँ। जैसे– माला के पास 3 सेब हैं। शेखू ने उसे 5 सेब और दे दिए। बताएँ, माला के पास अब कितने सेब हो गए? | जोड़ व घटाव के एक अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के बाद घटाव के 1 सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके बताएँ। जैसे– जोजफ़ के पास 9 रुपये हैं। उसने उसमें से 3 रुपये ख़र्च कर दिए। बताइए, जोज़फ़ के पास अब कितने रुपये हैं? | जोड़ व घटाव के एक अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के उपरांत घटाव के 1 सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके बताएँ। जैसे– एक जीप में 8 यात्री बैठे हैं। अगले स्टाप पर 3 यात्री उतर गए। बताएँ, जीप में अब कितने यात्री बैठे हैं? |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ दूसरे सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं को समझ पाएँगे।

सप्ताह–2

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 20 मिनट | बच्चों के साथ बड़े समूह में कक्षा में मौजूद वस्तुओं की मदद से ऊपर– नीचे की समझ पर बातचीत करें। उन्हें छोटे–छोटे समूह में बाँटकर आस–पास की कुछ वस्तुएँ देकर ऊपर–नीचे की अवधारणा का अभ्यास कराएँ। | एक गोल घेरा बनाएँ सभी बच्चे गोल घेरे के बाहर खड़े हो जाएँ। निर्देश दें कि जब मैं बाहर कहूँगा तो आप घेरे के अंदर कूदेंगे और जब अंदर कहूँगा तो घेरे के बाहर कूदेंगे। बच्चों के साथ यह गतिविधि करें। इसके बाद बच्चों से इस पर चर्चा करें। | बच्चों को बड़े समूह में कक्षा में उपलब्ध वस्तुओं के माध्यम से गोल और तिकोना की पहचान करवाएँ। बच्चों को यह आकृति ज़मीन या कॉपी में बनाने को कहें। | बच्चों को कक्षा में मौजूद कुछ वस्तुएँ देकर बारी–बारी उन वस्तुओं को मेज़ के ऊपर और नीचे रखने को कहें। इस प्रकार आस– पास की कुछ वस्तुएँ देकर यह क्रिया दोहराएँ। कक्षा से बाहर की चीजों पर भी ऊपर–नीचे के बारे में पूछें। | बच्चों के साथ एक खेल गतिविधि करें जिससे बच्चों में दायाँ–बायाँ की समझ विकसित हो सके। इसके लिए खेल पुस्तिका की मदद से गतिविधि करें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | स्कूल में मौजूद वस्तुओं के बारे में बच्चों से बातचीत करें। जैसे– स्कूल में कितने कमरे हैं? कितनी कुर्सियाँ हैं? किसकी संख्या सबसे कम है? किसकी संख्या सबसे अधिक है और किसकी सबसे कम? आपने अधिक या कम कैसे पता किया? बच्चों से उनका तर्क भी पूछें। | आज रास्ते में आते समय आपने कितनी वस्तुएँ देखीं? क्या आपने कोई हल्की या भारी वस्तु देखी? कैसे पता चला कि वह वस्तु भारी है या हल्की? बच्चों से उनका तर्क भी पूछें। | बच्चों के साथ दुकान विषय पर बातचीत करें। उनसे पूछें कि दुकान में गणित कहाँ–कहाँ दिखाई देता है? बच्चों के जवाब के आधार पर चर्चा को आगे बढ़ाएँ। और बच्चों से उनका तर्क भी पूछें। | कक्षा में उपलब्ध गणित किट/पोस्टर/किताब के माध्यम से संख्या आधारित चर्चा करें। जैसे– चित्र में कौन–कौन है? आप कौन–सी वस्तुओं को गिनकर बता सकते हैं? इसमें आपको कहाँ–कहाँ गणित दिखाई देता है? बच्चों से उनका तर्क भी पूछें। | कक्षा में मौजूद बच्चों की संख्या पर बातचीत करें। जैसे– आज कौन नहीं आया है? हर एक मोहल्ले से कितने बच्चे आज उपस्थित हैं, कक्षा में आज कुल कितने बच्चे उपस्थित है ? बच्चों के जवाब के आधार पर चर्चा को आगे बढ़ाएँ और बच्चों से उनका तर्क भी पूछें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | बच्चों से बारी–बारी कुछ तीलियाँ गिनने को कहें। उन संख्याओं को फ़्लैश कार्ड में दिखाकर संख्या चार्ट में ढूँढकर लिखने को कहें। इस प्रकार बड़े समूह में 1–9 तक की संख्या की पहचान मूर्त वस्तुओं से करें। | बच्चों को कक्षा के बाहर से 1 से 9 तक कंकड़ या पत्थर लाने को कहें। बच्चे अपने–अपने कंकड़ या पत्थर गिनें। अब उन संख्याओं को फ़्लैश कार्ड में दिखाकर संख्या चार्ट में ढूंढे व ब्लैकबोर्ड में लिखने को कहें।। इस प्रकार समूह में 1–9 तक की संख्या की पहचान मूर्त वस्तुओं से करें। | पहले 1–9 तक संख्या चार्ट पढ़कर सुनाएँ। और फिर 3–4 बच्चों को पढ़ने का मौक़ा दें। अब बच्चों को छोटे समूह में बारी–बारी 1–9 तक संख्या चार्ट पढ़ने का अभ्यास करें। | आप एक बोलकर गिनती की शुरुआत करें। अब बच्चे बारी–बारी से गिनती आगे बढ़ाएँ। बच्चों ने जो संख्या बोली हैं वह उसे ज़मीन या कॉपी में लिखें। | बच्चों को कक्षा के बाहर से कुछ पत्ते गिनकर लाने को कहें। बच्चे अपने–अपने पत्तों की संख्या बताएँ। अब उन संख्याओं को फ़्लैश कार्ड में दिखाकर संख्या चार्ट में ढूँढकर अपनी कॉपी में लिखने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक/ मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 15 मिनट | एक अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ। जैसे– शालू के पास 7 पेंसिल है। रीता ने उसे 2 पेंसिल और दे दी तो बताएँ, शालू के पास अब कितनी पेंसिल हो गई? | घटाव के एक अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ। जैसे– फ़हीम के पास 4 आम हैं। उसने 2 आम खा लिए। बताएँ, अब उसके पास कितने आम हैं? | जोड़ के एक अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ। जैसे– नीलू के पास 3 अनार हैं मीलू ने उसे 2 अनार और दे दिए तो बताएँ, नीलू के पास अब कितने अनार हो गए? | घटाव के एक अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ। जैसे– मनप्रीत के पास 6 गुलाब हैं उसने परी को 2 गुलाब दे दिए तो बताएँ, मनप्रीत के पास अब कितने गुलाब बचे हैं? | एक अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ। जैसे– एक बाल्टी में 9 मग पानी था। अगर बाल्टी से 5 मग पानी निकाल लिया जाए, तो बाल्टी में कितने मग पानी बचेगा? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ तीसरे सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं को समझ पाएँगे।

**सप्ताह–3**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 20 मिनट | बच्चों के साथ बड़े समूह में कक्षा में मौजूद वस्तुओं की मदद से पास–दूर की समझ पर चर्चा करें। विभिन्न वस्तुओं की सहायता से बारी–बारी बच्चों के साथ अभ्यास करें। | कुछ बच्चों को एक कतार में खड़े करके बच्चों से पूछें कि कौन किसके आगे है कौन किसके पीछे है? इसके बाद आस–पास की चीजों में भी आगे–पीछे के बारे में पूछें। | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में एक कागज़ पर गोल और चौकोर आकृतियाँ बनाने को कहें। उसके बाद उन आकृतियों से पैटर्न बनाने को कहें। | बच्चों को कतार में खड़े करके बारी–बारी किसी बच्चे का नाम लें और सभी से पूँछे कि बाईं ओर से कितने नम्बर पर हैं? दाईं ओर से कितने नम्बर पर हैं? | कक्षा के सभी बच्चों को छोटे समूह में बाँट दें। अब उन्हें छोटे से बड़े के क्रम में कतार में खड़े होने के लिए कहें। जो समूह सबसे पहले ऐसा कर पाएँगे वही समूह जीतेंगे। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से स्कूल के बारे में बातचीत करें। जैसे– स्कूल में कुल कितने शिक्षक हैं? हर कक्षा में कितने लड़के और लड़कियाँ है? आज कुल कितने बच्चे आए हैं? बच्चों से उनका तर्क भी पूछें। | बच्चों से मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे– दुकान से 1 से 9 रुपये में कौन–कौन सी चीज़ें मिल सकती हैं? उनका मूल्य भी बताने को कहें। बच्चों से उनका तर्क भी पूछें। | स्कूल के दरवाज़े और मेज़ की लम्बाई पर अनुमान लगाने को कहें। प्रत्येक बच्चों से उनके अनुमान लगाने के तरीक़े पर चर्चा करें। प्रत्येक बच्चे से उनका तर्क भी पूछें। | बच्चों से मौखिक रुप से एक अंकीय साधारण जोड़ की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– मीना के पास 5 चॉकलेट है और रवि के पास 3 चॉकलेट है। अगर दोनों की चॉकलेट मिला दी जाएँ तो कुल कितनी चॉकलेट हो जाएँगी? चर्चा के दौरान बच्चों से उनका तर्क ज़रूर पूछें। | बच्चों से मौखिक रुप से एक अंकीय साधारण घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– रीता के पास 8 पेंसिल थी। रीता ने 3 पेंसिल अपने भाई को दे दी। तो बताएँ, अब रीता के पास कितनी पेंसिलें बचेंगी? चर्चा के दौरान बच्चों से तर्क ज़रूर पूछें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | बड़े समूह में 9–1 तक की संख्या चार्ट वाचन करें। इसके बाद उसी तरह से छोटे समूहों में चार्ट वाचन करने को दें। | बच्चों के छोटे–छोटे समूह में 1–9 और 9–1 तक की संख्या चार्ट वाचन कराएँ। तीली की सहायता से 1–9 के अंकों के साथ अभ्यास व फ्रेम में लिखने को कहें। | बड़े समूह में 1–9 तक संख्या चार्ट वाचन करने को दें। इसके बाद तीली की मदद से 1–9 तक गिनने और चार्ट में ढूँढकर ब्लैकबोर्ड में लिखने को कहें। | तीली की सहायता से 1–9 तक के अंकों के साथ गिनने का अभ्यास व फ्रेम में लिखने का अभ्यास करें। छोटे–छोटे समूह में 9–1 तक उल्टा चार्ट वाचन का अभ्यास करें। | आओ खेलें पुस्तिका से अंक पहचान के खेल कराएँ। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक / मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 15 मिनट | एक अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ। जैसे– एक ऑटो में 2 यात्री बैठे हैं। अगले स्टॉप पर 2 यात्री और बैठ गए तो बताएँ, अब ऑटो में कितने यात्री बैठे हैं ? | एक अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ। जैसे– माला के पास 8 सेब हैं उसने परी को 3 सेब दे दिए तो बताएँ, माला के पास अब कितने सेब हैं ? | एक अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ। जैसे– शबाना के पास 5 आम हैं सुनील ने उसे 3 आम और दे दिए तो बताएँ, शबाना के पास कितने आम हो गए ? | एक अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ। जैसे– हरि के पास 9 कंचे हैं उसने रोली को 6 कंचे दे दिए तो बताएँ, हरि के पास कितने कंचे बचे ? | एक अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ। (जैसे– सायरा के पास 3 चॉकलेट हैं महिमा ने उसे 2 चॉकलेट और दे दिया तो बताएँ, सायरा के पास कितनी चॉकलेट हो गई ? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ चौथे सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं को समझ पाएँगे।

सप्ताह–4

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 20 मिनट | एक झोले में कुछ वस्तुओं को रख दें। एक–एक कर बच्चों से हल्की और भारी वस्तुओं को अलग रखने को कहें। इस गतिविधि को छोटे समूह में अभ्यास करवाएँ। | बच्चों के साथ बड़े समूह में कक्षा में उपलब्ध गणित किट/पोस्टर के माध्यम से हल्का–भारी वस्तुओं पर चर्चा करें। जैसे–नींबू हल्का और सेब भारी। ऐसे ही अलग–अलग उदाहरण देकर बच्चों के साथ चर्चा करें। | बच्चों छोटे समूह में कक्षा में उपलब्ध गणित किट/पोस्टर के माध्यम से मोटी–पतली वस्तुओं पर चर्चा करें। जैसे– लौकी मोटी और भिंडी पतली। ऐसे ही अलग–अलग उदाहरण देकर बच्चों के साथ चर्चा करें। | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में बाँट दें। उन्हें गोल, तिकोना और चौकोर आकृति से कोई चित्र बनाने को कहें। | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में बाँट दें। उन्हें गोल, तिकोना और चौकोर आकृति से अलग–अलग पैटर्न बनाने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे– कौन–कौन से अंकों का जोड़ 10 हो सकता है। हर बच्चे से उनका तर्क भी पूछें। | स्कूल के अंदर और बाहर क्या–क्या चीज़ें हैं? बच्चों से मौखिक रूप से बातचीत करें। बच्चों के जवाब के आधार पर चर्चा को आगे बढ़ाएँ। | अनुमान लगाकर बताएँ एक मग से एक बाल्टी कितनी देर में भर सकती हैं? बच्चों से इस पर बातचीत करें और उन्हें घर पर करके देखने को कहें। | पिछले दिन के अनुमान की गतिविधि पर चर्चा करें। बड़े समूह में बच्चों के साथ यह गतिविधि स्वयं करके देखें। | कक्षा में उपलब्ध गणित किट/पोस्टर के माध्यम से संख्या आधारित चर्चा करें। जैसे– 8 के पहले और बाद कौन–सी संख्या आती है? गिनती चार्ट में 1–15 तक गिनने में 1 कितनी बार आता है? बच्चे छोटे–छोटे समूह में इसका अभ्यास करें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | बड़े समूह में 1–9 तक की संख्या चार्ट वाचन करें। बच्चे तीली की सहायता से 1–9 तक गिने और चार्ट में पहचान कर लिखें। | बड़े समूह में तीली की सहायता से 9–1 तक गिने और चार्ट में पहचान कर लिखें। छोटे समूह में बच्चों के साथ अभ्यास करें। | शिक्षक बड़े समूह में 9–1 तक का संख्या चार्ट वाचन करें। छोटे–छोटे समूह में बच्चों के साथ अभ्यास करें। | बड़े समूह में 9–1 तक की संख्या चार्ट वाचन करें। बच्चे छोटे समूह में 9–1 तक की संख्या चार्ट वाचन का अभ्यास करें और फ़्लैश कार्ड की मदद से संख्या ढूढ़कर कर दिखाएँ। | आओ खेले पुस्तिका से बच्चों के साथ मार छलाँग खेल खेलें। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक/ मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 15 मिनट | एक अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ। जैसे– रैना ने एक मैच में 5 और विराट ने 3 रन बनाए तो बताएँ, दोनों ने मिलकर कुल कितने रन बनाए? | एक अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ। जैसे– एक छत पर 8 कबूतर बैठे हैं। उसमें से 2 कबूतर उड़ गए तो बताएँ कि छत पर अब कितने कबूतर बैठे हैं? | एक अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ। जैसे– एक पेड़ पर 5 बंदर बैठे हैं। कुछ देर बाद उसी पेड़ पर 4 बंदर और आ गए तो बताएँ, उस पेड़ पर अब कितने बंदर हो गए? | एक अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ। जैसे– मेरे पास 9 केले हैं मैंने 5 केले खा लिए तो बताएँ, मेरे पास अब कितने केले हैं? | एक अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर बच्चों से मौखिक बातचीत करें। आओ खेले पुस्तिका की सहायता से छोटे– छोटे समूह में ताली–चुटकी का खेल खेलें। | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ पाँचवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे संख्याओं और मौलिक संक्रियाओं की अवधारणाओं पर बातचीत कर पाएँगे।

**सप्ताह–5**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | बच्चों के साथ बड़े समूह में **गुड़िया** मनोरंजक गतिविधि कराएँ। आस–पास गोल दिखने वाली वस्तुओं पर बातचीत करें। | बच्चों के साथ बड़े समूह में चित्र कार्ड के माध्यम से छोटे–बड़े की पहचान कराएँ। जैसे– चित्र में क्या छोटा और क्या बड़ा दिख रहा है? आदि। | कक्षा के सभी बच्चों को छोटे–छोटे समूहों में बाँटे और उन्हें कुछ तीलियों को इकट्ठा करके लाने को कहें। अब बच्चे उन तीलियों को छोटे से बड़े क्रम में सजाएँ। | बच्चों के साथ बड़े समूह में आगे–पीछे की समझ पर चर्चा करें। जैसे– तीन बच्चों के मध्य ये गतिविधि कराने पर कौन आगे और कौन पीछे खड़ा है आदि। अब उन्हें ग्रुप में बाँटकर आपस में आगे–पीछे का अभ्यास करने का अवसर दें? | बच्चों के साथ कक्षा में बड़े समूह में दूर–पास की समझ पर चर्चा करें। उन्हें ग्रुप में बाँटकर आपस में दूर– पास का अभ्यास करने का अवसर दें? जैसे– बच्चे से पूछें कि कक्षा में कौन–सी वस्तु दूर है और कौन–सी वस्तु पास है। बच्चे बता सकते हैं कि दरवाज़ा दूर है मेरा बैग पास है। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 20 मिनट | बच्चों से मौखिक चर्चा करें कि क्या आपके या किसी और के यहाँ दूधवाला आता है? यदि हाँ तो उसमें आपको गणित की कौन–कौन–सी बातें दिखती हैं? बच्चों के जवाब के आधार पर चर्चा को आगे बढ़ाएँ। | बच्चों से 1–20 संख्याओं के मध्य अंतराल पर बातचीत करें। जैसे– 2,4,6,8 के अंतराल में संख्याएँ बोलने को कहें। | कक्षा में उपलब्ध गणित किट/पोस्टर के माध्यम से संख्या आधारित चर्चा जैसे – 18 के ठीक पहले और ठीक बाद की संख्या आदि? अलग–अलग संख्या के साथ इसे आगे कराते रहें। | बच्चों से मौखिक रूप से जोड़ की संक्रिया पर बातचीत करें जैसे– शोभित के पास 8 कलम हैं उसे 4 कलम और मिल जाएँ तो शोभित के पास कितने कलम हो जाएँगे? | परिवेश में उपलब्ध संसाधनों पर संख्या आधारित चर्चा जैसे – ट्रैक्टर में कितने पहिए होते हैं? आपके बाग़ में आम के कितने पेड़ हैं? आदि। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | बच्चों से बारी–बारी 2, 6 और 8 तीलियाँ गिनकर लेने को कहें। अब उन संख्याओं को फ़्लैश कार्ड में दिखाकर संख्या चार्ट में खोजें और लिखने को कहें। इसके बाद बड़े समूह में 1–20 तक का संख्या चार्ट वाचन कराएँ। | बच्चे कक्षा के बाहर जाकर उपलब्ध वस्तुओं को उठाएँ और उन्हें गिनें। जैसे– कंकड़, पत्थर, पत्ते, लकड़ी आदि। | बड़े समूह में 1–20 तक का संख्या चार्ट वाचन कराएँ। आओ खेलें पुस्तिका से "मार छलाँग" खेल कराएँ। (1–20 तक की संख्याओं के साथ) | बच्चे कक्षा के बाहर उपलब्ध वस्तुओं को गिनकर लाएँ, बड़े समूह में 1–20 तक का संख्या चार्ट वाचन कराएँ। | बड़े समूह में 1–20 तक की संख्या चार्ट वाचन पैटर्न के साथ करवाएँ। जैसे 1, 3, 5...7 या 2, 4, 6....8 आदि। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक/ मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 15 मिनट | जोड़ के एक अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– कोमल के पास 9 पेंसिल हैं आलिया ने उसे 7 पेंसिल और दे दीं। बताएँ, कोमल के पास कितनी पेंसिल हो गईं? बच्चों से ज़रूर पूछें कि चीज़ों का जोड़ ही क्यों होगा या घटाव ही क्यों होगा? | जोड़ के एक अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– गोलू के पास 4 अमरूद हैं उसे 8 अमरूद और मिल जाएँ तो गोलू के पास कितने अमरूद हो जाएँगे? बच्चों से ज़रूर पूछें कि चीज़ों का जोड़ ही क्यों होगा या घटाव ही क्यों होगा? | जोड़ के एक अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के उपरांत 1 सवाल को तीली की सहायता से हल करवाएँ। जैसे– जीशान 5 सेब ख़रीद कर घर लाया उसके पापा भी 8 सेब लेकर आ गए। बताएँ घर में कितने सेब हो गए? बच्चों से ज़रूर पूछें कि चीज़ों का जोड़ ही क्यों होगा या घटाव ही क्यों होगा? | जोड़ के एक अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के उपरांत 1 सवाल को तीली की सहायता से हल करवाएँ। जैसे– एक कक्षा में 5 लड़के और 7 लड़कियाँ बैठी हैं तो बताएँ, उस कक्षा में कितने बच्चे हैं? बच्चों से ज़रूर पूछें कि चीज़ों का जोड़ ही क्यों होगा या घटाव ही क्यों होगा? | जोड़ के एक अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के उपरांत 1 सवाल को तीली की सहायता से हल करवाएँ। जैसे– संदीप के पास 35 रुपये थे। उसके पिता ने उसे 18 रुपये और दे दिए तो बताएँ, अब संदीप के पास कितने रुपये हो गए? बच्चों से ज़रूर पूछें कि चीज़ों का जोड़ ही क्यों होगा या घटाव ही क्यों होगा? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ छठे सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे संख्याओं और मौलिक संक्रियाओं की अवधारणाओं पर बातचीत कर पाएँगे।

**सप्ताह–6**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | कक्षा के सभी बच्चों को कुछ कंकड़ों को इकट्ठा करने और उन्हें अलग अलग समूहों में सजाने को कहें। फिर बच्चों से पूछें कि प्रत्येक समूह में कितने कंकड़ हैं। अब उन कंकड़ों से अलग–अलग आकार बनाने के लिए कहें। अब समोसे की तरह त्रिकोण दिखने वाली वस्तुओं का नाम बताने को कहें। | बच्चों के साथ तीलियों के माध्यम से कम–ज़्यादा पर बातचीत करें। जैसे– दो बच्चों के हाथ में तीलियाँ दें एक बच्चे के हाथ में ज़्यादा तीली हों और दूसरे बच्चे के हाथ में कम तीली हों बच्चों से बातचीत करते हुए पूछें कि किसके हाथ में ज़्यादा तीली हैं और किसके हाथ में कम? इसी तरह अलग–अलग ठोस वस्तु के साथ ये गतिविधि करें। | बच्चों के साथ बड़े समूह में कक्षा में उपलब्ध मेज़/कुर्सी के माध्यम से 'ऊपर– नीचे' विषय पर बातचीत करें। जैसे–मेज़ के ऊपर चॉक रखकर पूछें कि चॉक कहाँ रखी हुई है? आदि। इसी तरह अलग–अलग वस्तुओं को मेज़ के ऊपर अथवा नीचे रखकर बातचीत को आगे बढ़ाएँ। | बच्चों के साथ बड़े समूह में चर्चा करें कि आपकी कक्षा में एक जैसी 2 वस्तुएँ कौन–कौन सी हैं? ऐसे ही वस्तुओं की संख्या बदल–बदल के बच्चों से चर्चा करें। जैसे– पंखा 2, कुर्सी 2, खिड़की 2 आदि। | बच्चों को अपनी कॉपी में पेंसिल से अपनी मनपसंद आकृति बनाने और उसमें रंग भरने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 20 मिनट | बच्चों से 1–20 तक की संख्याओं के मध्य पैटर्न पर बातचीत करें। जैसे – 2, 4, 6, 8 आदि। | अपने घर में किचन में उपलब्ध संसाधनों पर संख्या आधारित चर्चा करें। जैसे– आपके किचन में कुल कितनी थालियाँ हैं? आपके किचन में कितने लोगों के लिए खाना बनता है? सबके लिए कितनी रोटियाँ बनती होंगी? आदि। | बच्चों के साथ बड़े समूह में चर्चा करें कि यदि आपको 20 रुपये दे दिए जाएँ तो आप उससे क्या–क्या ख़रीदेंगे? ऐसे अलग–अलग संख्या का उदाहरण देकर चर्चा को आगे बढ़ाएँ। | बच्चों से मौखिक रूप से संख्या पैटर्न पर बातचीत करें। जैसे– 16 कितनी बार जोड़कर लाया जा सकता है? बच्चे बताएँ कि 8+8, 10+6 या 5+11 आदि। | बच्चों से मौखिक रूप से जोड़ व घटाव की संक्रियाओं पर बातचीत करें। जैसे– आपके पास 12 रुपये हैं आपको कितने रुपये और मिल जाएँ कि आपके पास 20 रुपये हो जाएँ? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में 1–20 तक तीलियाँ गिनने का अभ्यास कराएँ। उन्हें बारी–बारी 1, 3, 5 और 7 तीलियाँ गिनकर जल्दी से दिखाने और लिखने को कहें। इसके बाद बड़े समूह में 1–20 तक का संख्या चार्ट वाचन कराएँ। | बच्चों छोटे–छोटे समूह में 1–9 तक तीलियाँ गिनकर रखें। उन्हें बारी–बारी 2, 4, 6 और 8 तीलियाँ गिनकर जल्दी से दिखाने और लिखने को कहें। इसके बाद बड़े समूह में 9–1 तक संख्या चार्ट वाचन कराएँ। | **नागू–नाग** खेल आओ खेलें **पुस्तिका से 1–20 तक की संख्याओं के साथ करें।** | बड़े समूह में 1–20 तक की संख्या चार्ट वाचन पैटर्न के साथ कराएँ। जैसे– 2, 4, 6, 8.... आदि। | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में बाँटे। हर समूह में कुछ तिलियाँ दें। बच्चे तीलियाँ उठाकर गिने और 10 तीलियाँ हो जाने पर बंडल बनाएँ। अब बच्चे बताएँ कि कितने बंडल और कितनी तीलियाँ है? आदि। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक/मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 15 मिनट | जोड़ व घटाव के एक अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– एक टोकरी में 15 संतरे रखे थे उसमें से 8 संतरे कावेरी ने बाँट दिए। अब बताएँ, टोकरी में कितने संतरे बचे? बच्चों से ज़रूर पूछें कि जोड़ ही क्यों होगा या घटाव ही क्यों होगा? | जोड़ व घटाव के एक अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– एक ऑटो में 8 सवारी बैठी हैं। रास्ते में 2 सवारी उतर गईं तो ऑटो में अब कितनी सवारी बैठी हैं? बच्चों से ज़रूर पूछें कि चीज़ें जोड़ ही क्यों होगा या घटाव ही क्यों होगा? | जोड़ व घटाव के एक अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के उपरांत जोड़ के 1 सवाल को बंडल–तीली की सहायता से हल करके ज़रूर बताएँ। जैसे–मोहित के पास 18 रुपये हैं। उसने 5 रुपये की एक गेंद ख़रीद ली। बताएँ, मोहित के पास अब कितने रुपये बचे? बच्चों से ज़रूर पूछें कि चीज़ें जोड़ ही क्यों होगा या घटाव ही क्यों होगा? | जोड़ व घटाव के एक अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के उपरांत जोड़ के 1 सवाल को बंडल–तीली की सहायता से हल करके ज़रूर बताएँ। जैसे– राजू के पास 16 रुपये थे। उसने बाज़ार में 8 रुपये ख़र्च कर दिए। बताएँ, राजू के पास कितने रुपये बचे? बच्चों से ज़रूर पूछें कि चीज़ें जोड़ ही क्यों होगा या घटाव ही क्यों होगा? | जोड़ व घटाव के एक अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के उपरांत घटाव के 1 सवाल को बंडल–तीली की सहायता से हल करके ज़रूर बताएँ। जैसे– एक पेड़ पर 12 चिड़ियाँ बैठी हैं। उसमें से 5 चिड़ियाँ उड़ गईं। बताएँ, पेड़ पर अब कितनी चिड़िया बैठी हैं? बच्चों से ज़रूर पूछें कि चीज़ें जोड़ ही क्यों होगा या घटाव ही क्यों होगा? | पुनरावृत्ति |

## बेसिक स्तर के बच्चों के साथ सातवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे संख्याओं और मौलिक संक्रियाओं की अवधारणाओं पर बातचीत कर पाएँगे।

**सप्ताह–7**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | बच्चों के साथ बड़े समूह में चर्चा करें कि आपके घर में हल्की और भारी कौन–कौन–सी वस्तुएँ हैं उनके नाम बताएँ। जैसे– मग हल्का और बाल्टी भारी। छोटे समूह में मग और बाल्टी का चित्र बनाकर मनपसंद रंग भरें। | बच्चों को अलग–अलग संख्या में कतारों में बैठाएँ। अब बच्चों से चर्चा करें कि यहाँ कितनी कतारें दिखाई दे रही हैं? सबसे ज्यादा बच्चे कौन–सी कतार में बैठे हैं? कौन–सी कतार में बच्चे कम हैं? इसी तरह चर्चा को आगे बढ़ाएँ। | बच्चे अपनी–अपनी कॉपी में बहुत–सी गोल और त्रिकोण आकृतियाँ बनाएँ। अब बनाई हुई आकृतियों को अलग–अलग पैटर्न से लगाएँ। | आओ खेलें पुस्तिका से रंग बिरंगे लम्बे–चौड़े खेल कराएँ। | बच्चे गणित किट में दी गई विभिन्न प्रकार की टाइल्स को आकृतियों के आधार पर वर्गीकृत करें। जैसे– सितारा, तिकोनी आकृति, आदि को उनके समूह में रखें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 20 मिनट | बच्चों से चर्चा करें कि 1–20 तक की संख्याओं में कितने तरह के पैटर्न बन सकते हैं। जैसे – 2,4,6,8 आदि। इसी तरह बच्चों को अलग–अलग पैटर्न बनाने को कहें। | बच्चों से मौखिक रूप से जोड़ व घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– आप बाज़ार 18 रुपये लेकर गए, वापस आने पर आपके पास 7 रुपये बचे तो बताएँ आपने बाज़ार में कितने रुपये ख़र्च किए? | बच्चों के साथ बड़े समूह में चर्चा करें कि यदि आपको 15 रुपये दे दिए जाएँ तो आप उससे क्या–क्या और कितने रुपये का ख़रीदेंगे? ऐसे अलग–अलग संख्या का उदाहरण देकर चर्चा को आगे बढ़ाएँ। | संख्याओं पर चर्चा करें कि 18 के 2 पहले की संख्या क्या होगी? 16 के तीन पहले की संख्या क्या होगी, आदि पर चर्चा करें। इसी तरह अलग–अलग संख्याओं के पहले की संख्या पूछें। | बच्चों से मौखिक रूप से जोड़ व घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– आपके पास 12 लड्डू थे उसमें से आपने 5 लड्डू खा लिए तो बताएँ, अब आपके पास कितने लड्डू बचे? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में 1–20 तक तीलियाँ गिनने को कहें। उन्हें बारी–बारी 1, 3, 5 और 8 तीलियाँ गिनकर जल्दी से दिखाने और लिखने को कहें। इसके बाद बड़े समूह में 1–20 तक का संख्या चार्ट वाचन कराएँ। | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में विभाजित कर प्रत्येक समूह में कुछ तीलियाँ दें। बच्चे तीलियाँ को गिने और चार्ट में खोज कर कॉपी या फ़र्श पर लिखें। | शिक्षक बड़े समूह में 20–1 तक गिनती बोलने को कहें। | बड़े समूह में 1–20 तक की संख्या चार्ट वाचन पैटर्न के साथ करें। जैसे 2, 4, 6, 8.... आदि। | बड़े समूह में 20–1 तक की संख्या चार्ट वाचन पैटर्न के साथ करें। जैसे 20, 18, 16.... आदि। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक / मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 15 मिनट | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– सरला ने दुकान से 15 रुपये की कॉपी और 5 रुपये की पेंसिल ख़रीदी। बताएँ, सरला ने कितने रुपये का सामान ख़रीदा? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। (जैसे– मीणा के पास 17 पटाखे हैं उसमें से 12 पटाखे फूट गए। बताएँ, मीणा के पास कितने पटाखे बचे? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के उपरांत जोड़ के 1 सवाल को तीली की सहायता से हल करके बताएँ। जैसे– सीमा ने बाज़ार से 7 रुपये के आलू और 5 रुपये के मिर्च दी। बताएँ, उसने दुकानदार को कितने रुपये दिए? | जोड़ व घटाव के दोअंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के उपरांत जोड़ के 1 सवाल को तीली की सहायता से हल करके बताएँ। जैसे–एक बस में 15 यात्री बैठे हैं। दूसरे स्टॉप पर 4 यात्री और चढ़ गए। बताएँ, अब बस में कितने यात्री हो गए? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के उपरांत घटाव के 1 सवाल को तीली की सहायता से हल करके बताएँ। जैसे– ममता के पापा ने 14 बर्फ़ी बनाईं। उसकी माँ ने 10 पेड़े बनाए। बताएँ, दोनों ने कितनी मिठाई बनाई? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ आठवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे संख्याओं और मौलिक संक्रियाओं की अवधारणाओं पर बातचीत कर पाएँगे।

सप्ताह–8

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | बच्चों के साथ बड़े समूह में चर्चा करें कि अपने घर के सदस्यों की संख्या, व उनकी उम्र बताएँ। | बच्चों से बड़े समूह में चर्चा करें कि आज कक्षा में कितने बच्चे उपस्थित हैं उनमें से कितने लड़के और कितनी लड़कियाँ हैं? आदि। कौन– किससे कितना ज़्यादा/कम है? | बच्चे अपनी कॉपी में बहुत–सी त्रिकोण और चौकोर आकृति बनाएँ। अब बनाई हुई आकृतियों को पैटर्न से लगाएँ। | बच्चों के साथ बड़े समूह में चर्चा करें कि आपके घर में 3 एक जैसी कौन–कौन सी वस्तुएँ हैं उनका नाम बताएँ? ऐसे ही अलग– अलग उदाहरण देकर चर्चा को आगे बढ़ाएँ। | बच्चों के साथ बड़े समूह में चर्चा करें कि आपकी कक्षा में ऊपर और नीचे की तरफ़ कौन–कौन–सी वस्तुएँ दिख रही हैं उनके नाम बताएँ? | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 20 मिनट | बच्चों से 1–20 तक की संख्याओं के साथ पैटर्न पर बातचीत करें। जैसे– 15 में 2 मिलाने पर कितना होगा? 14 में कितना मिलाएँ कि 19 हो जाए आदि। | बच्चों के साथ बड़े समूह में चर्चा करें कि जब आप बस से यात्रा करके कहीं जाते हैं तो उसमें आपको कहाँ–कहाँ गणित दिखाई देता है? | बच्चों से मौखिक रूप से जोड़ व घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– इशान बाज़ार से 12 रुपये के केले और 6 रुपये के कुछ चीकू लेकर आया। बताएँ, इशान ने बाज़ार में कितने रुपये ख़र्च किए? | संख्याओं पर चर्चा करें कि 28 में कितना कम करें कि 12 हो जाए? 25 के तीन पहले की संख्या क्या होगी? 23 के तीन बाद की संख्या क्या होगी? आदि पर चर्चा करें। | बच्चों से मौखिक रूप से जोड़ व घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक बाल्टी में 15 मग पानी है उसमे 8 मग पानी और मिला दिया तो बताएँ, अब बाल्टी में कितने मग पानी हो गए? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | बड़े समूह में 1–20 तक की संख्या चार्ट वाचन पैटर्न के साथ कराएँ। जैसे 1, 4, 7, 10 .... आदि। | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में विभाजित कर प्रत्येक समूह में कुछ तीलियाँ दें। बच्चे कुछ तीलियाँ उठाएँ और उन्हे गिनें। हर 10 तीलियों का बंडल बनाएँ। | बड़े समूह में 1–20 तक की संख्या चार्ट वाचन पैटर्न के साथ करें। जैसे 1,5,10,15.... आदि। | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में विभाजित कर प्रत्येक समूह में कुछ तीलियाँ दें। बच्चे कुछ तीलियाँ उठाएँ और उन्हे गिने। अब 10 तीली हो जाने पर उसका बंडल बनाएँ और बची हुई तीली गिनें। इसके बाद संख्या फ्रेम में लिखें। | बड़े समूह में 20–1 तक की संख्या चार्ट वाचन पैटर्न के साथ कराएँ। जैसे 20, 17, 14, 11.... आदि। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक/ मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 15 मिनट | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– एक पेड़ पर 20 चिड़ियाँ बैठी हैं उसमें से 15 चिड़ियाँ उड़ गईं। बताएँ, अब पेड़ पर कितनी चिड़ियाँ हैं? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– राधा ने 8 और संजय ने 15 बेसन के लड्डू बनाए। बताएँ, दोनों ने कितने लड्डू बनाए? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के उपरांत जोड़ के 1 सवाल को तीली की सहायता से हल करके ज़रूर बताएँ। जैसे– एक कक्षा में 19 बच्चे पढ़ते हैं उनमें से 8 लड़कियाँ हैं तो लड़कों की संख्या कितनी होगी? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के उपरांत जोड़ के 1 सवाल को तीली की सहायता से हल करके ज़रूर बताएँ। जैसे– राजा के पास 13 आम थे सोनू ने उसे 5 आम और दे दिए तो राजा के पास कितने आम हो गए? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत के उपरांत घटाव के 1 सवाल को तीली की सहायता से हल करके ज़रूर बताएँ। जैसे– मोहन के पास 27 केले थे उसने 12 केले अपने भाई को दे दिए तो बताएँ मोहन के पास अब कितने केले बचे? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ नौवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–20 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे।

**सप्ताह–9**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | बच्चों से सामने और पीछे की अवधारणा पर बातचीत करें। जैसे– स्कूल के ठीक सामने और ठीक पीछे क्या है? इसी प्रकार अलग– अलग उदाहरणों द्वारा बच्चों से चर्चा करें। | सभी बच्चे मिलकर एक गोल घेरा बनाएँ । अब आओ खेलें पुस्तिका की मदद से ताली–चुटकी का खेल खेलें । अब छोटे–छोटे समूह में बच्चे आपस में यह खेल खेलें । | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में विभाजित करें। काग़ज़ की सहायता से बच्चों को आकृति बनाने का अभ्यास कराएँ। जैसे– काग़ज़ को मोड़ कर कितने प्रकार की आकृतियाँ बना सकते हैं। हर समूह से यह ज़रूर पूछें कि आपने कितने प्रकार की आकृतियाँ बनाई हैं? | बच्चों के साथ बड़े समूह में चर्चा करें कि ऐसी कौन–कौन–सी सब्ज़ियाँ हैं जो ज़मीन के नीचे और कौन–सी ज़मीन के ऊपर उगती हैं। उन सब्ज़ियों के नाम बताएँ। | बच्चे अपनी कॉपी में कोई चित्र बनाएँ और उन्हें अपना पसंदीदा रंग भरने को कहें । | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 15 मिनट | ऐसी कौन–कौन–सी संख्याएँ हैं जिन्हें जोड़ने या घटाने पर संख्या 10 प्राप्त होगी? बड़े समूह में बच्चों से बातचीत करें । जैसे– 5 + 5 = 10, 12 – 2=10 आदि। | बड़े समूह में संख्याओं के अंतराल पर बातचीत करें। जैसे– 5, 10 , 15 ... आगे कौन–सी संख्या आएगी? बच्चों के जवाब आने पर उनका तर्क जानें । | कक्षा में उपलब्ध गणित किट/पोस्टर के माध्यम से संख्या आधारित चर्चा करें। जैसे– 15 और 19 के बीच की संख्या कौन–कौन सी है? इस प्रकार अलग–अलग संख्याओं के साथ यह गतिविधि करें। | 1–50 तक की संख्याओं के बीच 2 जोड़ के शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और बच्चों के हल करने के तरीक़े पर चर्चा करें। | किसी यात्रा का अनुभव साझा करें। बच्चों का भी अनुभव सुनें। इस अनुभव में गणित के बारे में चर्चा करें? जैसे– बस में यात्रा करने के लिए पैसे देकर टिकट लेना, बचे हुए पैसे वापस लेना आदि। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 20 मिनट | संख्या चार्ट की सहायता से बड़े व छोटे समूह में 30–50 तक संख्या चार्ट वाचन कराएँ। आओ खेलें पुस्तिका से 'उल्टा–सुल्टा' खेल कराएँ । | मूर्त वस्तुओं की सहायता से 50 तक की संख्या पहचान कराएँ । इसके बाद उन संख्याओं को बच्चे ज़मीन या कॉपी में लिखें । | बड़े समूह में 50–30 तक उल्टा संख्या चार्ट वाचन करें। अब 'मेरे जैसा कौन पढ़ेगा' कहकर कुछ बच्चों को पढ़ने का मौक़ा दें। | बड़े समूह में 30–50 तक संख्या चार्ट वाचन पैटर्न के साथ कराएँ। जैसे– 30, 32, 34, 36..... .आदि। अब 'मेरे जैसा कौन पढ़ेगा' कहकर कुछ बच्चों को पढ़ने का मौक़ा दें । | मूर्त वस्तुओं की सहायता से 50 तक की संख्या का पहचान करें। अब बच्चे छोटे समूह में वस्तुओं को गिनने और ज़मीन या कॉपी में संख्या लिखने का अभ्यास करें। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक/मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 15 मिनट | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक रेलगाड़ी में 25 यात्री सवार थे अगले स्टेशन पर 12 यात्री और चढ़ गए। बताएँ, अब रेलगाड़ी में कितने यात्री हो गए? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– जोसफ के पास 15 टॉफियाँ और रमा के पास 11 टॉफियाँ हैं। बताएँ, किसके पास अधिक टॉफियाँ हैं? | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक गोदाम में 22 बोरी चावल की और 10 गेहूँ की बोरियाँ हैं। बताएँ, गोदाम में कुल कितनी बोरियाँ हैं? | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– श्वेता ने 12 रुपये के फल, 21 रुपये की सब्ज़ी ख़रीदी। बताएँ, श्वेता ने कितने रुपये ख़र्च किए? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक बाल्टी में 25 मग पानी है उसमें से 12 मग पानी निकाल दिया। बताएँ, उस बाल्टी में अब कितने मग पानी है? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ दसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–20 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे।

**सप्ताह–10**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में विभाजित करें। हर समूह को कोई 5 चीज़ों की लंबाई मापकर लाने को कहें। बच्चें पेंसिल, हाथ, बित्ता आदि की मदद से माप सकते हैं बड़े समूह में चर्चा करें कि उनकी माप क्या है? चर्चा करें कि उन्होंने क्या तरीक़ा अपनाया था? | बच्चों को छोटे समूह में कुछ तीलियाँ दें और उन तीलियों से मनपसंद आकृति बनाने को कहें। हर समूह ने कौन–सी आकृतियाँ बनाई है उस पर चर्चा करें और उन्हें शाबाशी ज़रूर दें। | प्रत्येक समूह में एक चार्ट पेपर दें और बच्चे उस चार्ट पेपर को काटकर छोटी और बड़ी आकृतियाँ बनाएँ। एक जैसी आकृतियों को छोटे से बड़े क्रम में लगाएँ। | सभी बच्चे मिलकर एक गोल घेरा बनाएँ। आओ खेलें पुस्तिका की मदद से बोल भाई कितने? खेल खेलें। | बच्चों से कक्षा में उपलब्ध अलग–अलग वस्तुओं के वजन का अनुमान लगाने के लिए कहें। जैसे– डस्टर का वजन कितना होगा? मेज़ का वजन कितना होगा? चॉक का ख़ाली डिब्बा ज़्यादा वजन का होगा या भरा डिब्बा? इस प्रकार अलग–अलग वस्तुओं के वजन का अनुमान लगाने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 15 मिनट | बच्चों के साथ आज क्या देखा विषय पर चर्चा करें। जैसे– आज आते समय हमने 5 व्यक्तियों, 2 दुकानें और 3 साइकिलें देखीं। इस प्रकार अलग– अलग बच्चों से आज की ताज़ा ख़बर सुनें और बातचीत करें। | राशन की दुकान में गणित कहाँ–कहाँ दिखाई देता है? बड़े समूह में बच्चों से बातचीत करें। जैसे– चावल की बोरी गिनने में, अनाज की माप–तौल में, ग्राहक को पैसे देने में गणित आदि। | बच्चों से मौखिक रूप से जोड़ व घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– शबनम के घर में 9 किलो चीनी आई, 4 किलो चीनी पहले से ही घर में थी तो बताएँ, शबनम के घर में अब कितने किलो चीनी है? बच्चों से तर्क भी पूछें। | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में कोई संख्या दें, बच्चे उसका विस्तारित रूप करें। जैसे– संख्या 35 का विस्तारित रूप 30+5 है । इसी प्रकार हर समूह से चर्चा करें। | किसी मेले का अनुभव बच्चों से साझा करें। बच्चों का भी अनुभव सुनें। इस अनुभव में गणित के बारे में चर्चा करें? जैसे– मेले में मैंने जलेबी खाने में 40 रुपये ख़र्च किए। आपने मेले में क्या–क्या किया उसमें गणित कहाँ–कहाँ दिखता है? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 20 मिनट | छोटे–छोटे समूह में स्तर के अनुसार 1–30, 30–50, 50–30 और 30–1 तक का संख्या चार्ट वाचन कराएँ। छोटे समूह में बच्चों की पढ़ने में मदद करें। | मूर्त वस्तुओं की सहायता से 1–50 तक की संख्या का पहचान करें। बच्चे बंडल और तीली की मदद से अलग–अलग संख्या बनाएँ और ज़मीन या कॉपी में लिखें। | छोटे–छोटे समूह में 30–50 तक का संख्या चार्ट वाचन पैटर्न के साथ कराएँ। जैसे– 30...42...34... 46 आदि। छोटे समूह में पैटर्न की समझ के लिए बच्चों की मदद करें। | स्तर के अनुसार छोटे समूह में 1–50 तक की संख्याओं के साथ आओ खेलें पुस्तिका से 'मामा जी का घर' खेल कराएँ। | छोटे–छोटे समूह में 1–20 तक की संख्याओं के नाम बोलने और लिखने को कहें । जैसे– 9–नौ ...15–पंद्रह आदि। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक / मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 15 मिनट | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक टोकरी में 28 चीकू थे उसमें से 12 चीकू ख़राब हो गए तो बताएँ, टोकरी में कितने चीकू | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– महक के घर पर 45 लीटर सरसों का तेल आया । शादी में 31 लीटर तेल ख़र्च हो गया। बताएँ, अब महक के घर कितना लीटर तेल हैं? | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक गुब्बारे वाले के पास 18 लाल 13 गुलाबी गुब्बारे हैं। बताएँ, उसके पास कितने गुब्बारे हैं? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक होटल में 38 लोग ठहरे थे उसमें से 27 लोग चले गए तो उस होटल में कितने लोग बचे? | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक गुब्बारे वाले के पास 27 पीले व 13 लाल गुब्बारे हैं तो बताएँ, उसके पास कुल कितने गुब्बारे हैं? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ ग्यारहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–20 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे।

**सप्ताह–11**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | बड़े समूह में ठोस वस्तुओं की मदद से या किसी चित्र कार्ड के माध्यम से मोटा–पतला की अवधारणा पर चर्चा करें। अलग–अलग उदाहरण लेकर बच्चों से बात करें। | बच्चों को गोल, त्रिकोण और चौकोर आकृतियों से कोई पक्षी या जानवर का चित्र बनाने को कहें। छोटे–छोटे समूह में बच्चों की मदद करें। | सभी बच्चों के साथ गणित किट के माध्यम से ठोस वस्तुओं को पैटर्न में सजाने को कहें। बच्चों ने क्या पैटर्न बनाया है? उसे ज़मीन या कॉपी में बनाने को कहें। | बच्चों को कक्षा में उपलब्ध वस्तुओं की लम्बाई और चौड़ाई हाथ, बित्ते, हथेली और रस्सी की सहायता से मापकर लिखने को कहें। जैसे– दरवाज़े की चौड़ाई कितने बित्ते? खिड़की की लंबाई कितने हाथ हैं आदि। | एक इंच टेप लें । सभी बच्चों को आओ खेलें पुस्तिका की मदद से नापो इंच टेप से खेल खेलने को कहें। बच्चों ने क्या–क्या माप किया है? बाद में बच्चों से बातचीत करें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 15 मिनट | बड़े समूह में कुछ संख्याएँ बोलें और बच्चों से मौखिक रूप से छोटी संख्या और बड़ी संख्या बताने को कहें। साथ ही तर्क ज़रूर पूछें। जैसे– 7 और 13 में छोटी संख्या कौन हैं? | जोड़ के शाब्दिक सवाल पर मौखिक बातचीत करें। बच्चों को हर जबाब पर तर्क पूछें। जैसे– एक कारख़ाने में 26 पुरुष तथा 43 महिलाएँ काम करती हैं। बताएँ, कारख़ाने में कुल कितने लोग काम करते हैं? | बच्चों के साथ बड़े समूह में चर्चा करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– ऐसी कौन–सी संख्याएँ हैं जिन्हें जोड़ने या घटाने पर संख्या 18 प्राप्त हो? | घटाव के शाब्दिक सवाल पर मौखिक बातचीत करें। बच्चों से हर जबाब पर तर्क पूछें। जैसे– एक गोदाम में 30 बोरी चावल और 45 बोरी गेहूँ हैं? बताएँ, चावल की बोरियाँ गेहूँ से कितनी कम हैं? | बड़े समूह में कुछ संख्याएँ बोलें और बच्चें उन्हें मौखिक रूप से स्थानीय मान बताने को कहें। जैसे– 13 में 3 का स्थानीय मान कितना होगा? इसी प्रकार अलग–अलग संख्याओं के साथ स्थानीय मान पर बातचीत करें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 20 मिनट | बड़े समूह में स्तर के अनुसार 30–50 और 50–30 तक की संख्या का चार्ट वाचन कराएँ। छोटे–छोटे समूह में अभ्यास करें और बच्चों की पढ़ने में मदद करें। | बड़े समूह में स्तर के अनुसार 5, 10, 15.... और 50, 45, 40... के अंतर पर संख्या चार्ट वाचन कराएँ। छोटे–छोटे समूह में अभ्यास करें और बच्चों की पढ़ने में मदद करें। | बड़े समूह में 2, 4, 6 .... अंतराल पर संख्या चार्ट वाचन कराएँ। आओ खेलें पुस्तिका से छोटे समूह में 'उल्टी गिनती बोलने का अभ्यास करें। | बड़े समूह में 1–50 तक संख्या चार्ट वाचन कराएँ। संख्या चार्ट में बीच–बीच की संख्या पूछें और बच्चों से लिखने को कहें। | बड़े समूह में 50–1 तक संख्या चार्ट वाचन कराएँ। संख्या चार्ट में बीच–बीच की संख्या पूछें और बच्चों से लिखने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक/ मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 15 मिनट | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक बगीचे में अनार के 26 तथा अमरूद के 23 पेड़ लगे हैं। बताएँ, बग़ीचे में कितने पेड़ लगे हैं? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक पेड़ पर 37 चिड़ियाँ बैठी हैं। कुछ समय बाद पेड़ से 14 चिड़ियाँ उड़ गईं । बताएँ, पेड़ पर अब कितनी चिड़ियाँ बचीं? | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– शैलेश बाजार से 24 रुपये के साबुन और 35 रुपये की चीनी लेकर आया। बताएँ, शैलेश ने कितने रुपये का सामान ख़रीदा? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक पेड़ पर 28 नींबू लगे हैं। तेज़ आँधी से 9 नींबू झड़ गए। बताएँ, उस पेड़ पर कितने नींबू बचे? | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– रीता ने 35 रुपये की चाय और 24 रुपये के अण्डे ख़रीदे। बताएँ, रीता ने कितने रुपये का सामान ख़रीदा? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ बारहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–20 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे।

**सप्ताह–12**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | बच्चों से पीछे और सामने की चीज़ों पर बातचीत करें। कक्षा में मौजूद वस्तुओं के साथ यह खेल करें और बच्चों से चर्चा करें। | बच्चों के साथ बड़े समूह में आओ खेलें पुस्तिका से उठक–बैठक खेल खेलें। | ऐसी कौन–सी वस्तुएँ हैं जो लुढ़क सकती हैं? और कौन–सी फिसल सकती हैं? बच्चों के साथ बड़े समूह में चर्चा करें । सभी बच्चे कोई एक लुढ़कने वाली वस्तु का चित्र बनाएँ। | बच्चों के साथ बड़े समूह में दैनिक जीवन में समय प्रबंधन पर बात करें। जैसे– सुबह उठने का समय, स्कूल जाने का समय, स्कूल में लंच का समय, रात में सोने का समय आदि विषयों पर चर्चा करें। | बच्चों को 4–4 के छोटे –छोटे समूह में विभाजित करें उन्हें गणित किट में उपलब्ध कुछ ब्लॉक्स दें और उन्हें अलग–अलग पैटर्न में लगाने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 15 मिनट | बच्चों के साथ बड़े समूह में कुछ संख्या लेकर उनके स्थानीय मान (इकाई–दहाई) पर चर्चा करें। जैसे– 25 में कौन–सा अंक इकाई है और कौन–सा अंक दहाई आदि? | दो अंकीय साधारण घटाव के शाब्दिक सवाल पर मौखिक बातचीत करें। बच्चों के हल करने के तरीक़े पर बातचीत करें साथ ही बच्चों से तर्क पूछें। | बच्चों के साथ बड़े समूह में कुछ संख्या लेकर एक पैटर्न लिखें और उस पर चर्चा करें। जैसे– 2, 4, 6, 8, 10... इसमें उन्हें क्या तर्क दिखाई देता है? इसी प्रकार अन्य पैटर्न लेकर बच्चों से बातचीत करें। | फल की दुकान में गणित कहाँ–कहाँ दिखाई देता है बच्चों से चर्चा करें और उनसे तर्क भी पूछें। जैसे– अलग–अलग फलों के मूल्य, ग्राहक द्वारा पैसे के लेन–देन में गणित। | दो अंकीय साधारण जोड़ के शाब्दिक सवाल पर मौखिक बातचीत करें। बच्चों के हल करने के तरीक़े पर बातचीत करें साथ ही बच्चों से तर्क पूछें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 20 मिनट | बड़े समूह में स्तर के अनुसार 30–50 और 50–30 तक का संख्या चार्ट वाचन कराएँ। छोटे–छोटे समूह में अभ्यास करें और बच्चों की पढ़ने में मदद करें। आओ खेलें पुस्तिका से कट्टम कट्टा खेल 30–50 तक की संख्याओं के साथ कराएँ। | बड़े समूह में स्तर के अनुसार 50, 48, 46, 44 .... के अंतर पर संख्या चार्ट वाचन कराएँ। छोटे–छोटे समूह में अभ्यास करें और बच्चों की पढ़ने में मदद करें। | बड़े समूह में 5, 10, 15, 20 .... के अंतराल पर बच्चों को गिनती बोलने को कहें। इसी प्रकार अन्य पैटर्न में गिनती बोलने को कहें। | बड़े समूह में स्तर के अनुसार 1, 3, 5, 7 .... के अंतर पर संख्या चार्ट वाचन कराएँ। छोटे–छोटे समूह में अभ्यास करें और बच्चों की पढ़ने में मदद करें। | छोटे–छोटे समूह में अलग–अलग संख्याएँ दें जैसे– 12, 8, 44, 33, 25। अब बच्चों को सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्या पर गोला लगाने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक / मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 15 मिनट | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। किसी एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक गौशाला में 25 गाय और 22 बछड़े हैं तो बताएँ, उस गौशाला में कितने जानवर हैं? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। किसी एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक बोरी में 45 किलो आलू था यदि उसमें से 35 किलो आलू निकाल लिया गया तो बताएँ उस बोरी में अब कितने किलो आलू हैं? | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। किसी एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– मीणा ने 15 बड़ी कॉपियाँ और 32 छोटी कॉपियाँ ख़रीदीं। बताएँ, मीणा ने कुल कितनी कॉपियाँ ख़रीदीं? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। किसी एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक दूधवाले के पास 27 लीटर दूध था। उसने 17 लीटर दूध बेच दिया। बताएँ, दूधवाले के पास कितने लीटर दूध बचा? | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। किसी एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक पेड़ पर 32 चिड़ियाँ बैठी थीं। उस पर 15 चिड़ियाँ और आ गईं। बताएँ, पेड़ पर अब कितनी चिड़ियाँ हैं? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ तेरहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–20 तक की संख्याओं में जोड़ व घटाव कर पाएँगे।

**सप्ताह–13**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | हर बच्चे को कुछ गोल और चौकोर आकृतियाँ ज़मीन या कॉपी में बनाने को कहें। उन आकृतियों में अपना मनपसंद रंग भरने को कहें। | छोटे–छोटे समूह में बच्चे गणित किट में मौजूद आकृतियों को रंगों के आधार पर वर्गीकृत करें। शिक्षक बच्चों की मदद करें। | छोटे समूह में बच्चों से गोल और चौकोर आकृतियाँ ज़मीन या कॉपी में बनाने को कहें। हर बच्चों को आकृतियों के नाम लिखने को कहें। | कक्षा में बच्चों से गोल, चौकोर आकृतियों पर चर्चा करें और उनके गणितीय नाम से परिचित कराएँ। मिठाई की दुकान में कौन–सी वस्तुएँ गोल और चौकोर होती हैं? उनके नाम पर बातचीत करें। | आओ खेलें पुस्तिका से **दस कबूतर खेत में बो रहे थे जौ...** मनोरंजक खेल कराएँ। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 15 मिनट | बच्चों से 2 अंकीय जोड़ के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे– सेजल के पास दीपक से 15 रुपये अधिक हैं। यदि दीपक के पास 37 रुपये हैं। बताएँ, सेजल के पास कितने रुपये हैं? | बच्चों से चर्चा करें यदि आप मेला देखने गए हैं तो बताएँ वहाँ आपको गणित कहाँ–कहाँ दिखाई दिया? बच्चों के अनुभव पर तर्क–वितर्क करते हुए चर्चा करें। | बच्चों से चर्चा करें कि फुटबॉल खेल में गणित कहाँ–कहाँ दिखता है? एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं? दोनों टीम को मिला कर कुल कितने खिलाड़ी होते हैं? बच्चों से चर्चा करें। | बच्चों के साथ बड़े समूह में चर्चा करें। यदि आप किराने की दुकान पर 60 रूपये लेकर गए हैं तो आप वहाँ कौन–कौन सी वस्तुएँ ख़रीद सकते हैं? | बच्चों से मौखिक रूप से 2 अंकीय घटाव के शाब्दिक सवाल पर बातचीत करें। जैसे– दो संख्याओं का योगफल 57 है यदि पहली संख्या 28 है तो दूसरी संख्या क्या होगी? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | बड़े समूह में 1–60 तक की संख्या चार्ट वाचन अलग–अलग पैटर्न में करें। छोटे समूह में स्तर के अनुसार संख्या चार्ट वाचन का अभ्यास बच्चों के साथ करें। | आओ खेलें पुस्तिका की मदद से मार छलाँग खेल खेलें। बच्चों को ज़मीन पर उन संख्याओं को लिखने को कहें। | बड़े समूह में 1–60 तक की संख्याओं की पहचान ठोस वस्तुओं की मदद से करें। बच्चों से इकाई और दहाई के बारे में पूछें। | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में 31 से 50 के बीच की कुछ संख्याएँ दें। उन्हें उन संख्याओं के स्थानीय मान लिखने को कहें। जैसे– 34 में 3 का स्थानीय मान 3 दहाई 30 और 4 का स्थानीय मान इकाई 4 है। | आओ खेलें पुस्तिका की मदद से गर्म या ठंडा खेल 1 से 60 तक की संख्याओं के साथ खेलें। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक / मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 20 मिनट | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक गोदाम में 23 बोरी गेहूँ और 15 बोरी चावल की रखी है। बताएँ, गोदाम में कुल कितनी बोरियाँ रखी हैं? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– निज़ाम ने अभी 14 क्रिकेट मैच खेलें है, उसे कुल 23 मैच खेलने हैं। बताएँ, निज़ाम को अभी और कितने मैच खेलने होंगे? | आओ खेलें पुस्तिका की मदद से आज का दोस्त जोड़ खेल खेलें। | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– रतन के बाग में 27 पेड़ हैं। आँधी के कारण 19 पेड़ गिर गए। बताएँ, बाग में अब कितने पेड़ बचे? | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– दो चॉकलेट का मूल्य 20 रुपये है व एक साबुन का मूल्य 15 रुपये है। बताएँ, दोनों को ख़रीदने के लिए कितने रुपये की ज़रूरत होगी? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ चौदहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–20 तक की संख्याओं में जोड़ व घटाव कर पाएँगे।

सप्ताह–14

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | बड़े समूह में बच्चों से तिकोना आकृतियों पर बातचीत करें और आकृति के गणितीय नाम लिखने को कहें। जैसे– समोसा, ब्रेड पकौड़ा आदि। | बच्चों के साथ गणित किट में उपलब्ध डोमिनो कार्ड की सहायता से कड़ी निर्माण करने को कहें। | बच्चों से अनुमान विषय पर चर्चा करें। बच्चे पहले ब्लैकबोर्ड की लम्बाई का अनुमान लगाएँ फिर माप कर देखें। | सभी बच्चे एक पत्ता लेकर आयें। बच्चों को छोटे समूह में बैठने को कहें। बच्चों को समूह में सबसे छोटे और सबसे बड़े पत्ते को अलग करने को कहें। अब पत्तों को बड़े से छोटे के क्रम में लगाने के लिए कहें। | बच्चे अपनी कॉपी में एक बड़ा और एक छोटा पत्ता बनाएँ और उसमें अपना मनपसंद रंग भरें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 15 मिनट | बच्चों से 2 अंकीय जोड़ के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे– नदीम ने 25 रुपये का नमकीन और 28 रुपये की दाल ख़रीदी। बताएँ, नदीम ने दुकानदार को कितने रुपये दिए? | बच्चों से 2 अंकों की संख्याओं के साथ ठीक पहले और ठीक बाद की संख्या पूछें। जैसे– 54 के ठीक पहले 53 व ठीक बाद 55 आता है। बच्चों के जबाब पर चर्चा करें। | बच्चों से 2 अंकीय घटाव के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे– एक शादी में 52 लोग आए हैं यदि 27 लोग चले गए तो शादी में कितने लोग बचे? | बच्चों के साथ बड़े समूह में करेंसी और सिक्के पर बातचीत करें। जैसे– 50 रुपये का खुल्ला करना कैसे संभव हो सकता है? चर्चा करें। | बच्चों से 2 अंकीय जोड़ के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे– मेरे भाई की आयु मेरी आयु से 12 वर्ष अधिक है यदि मेरी आयु 25 वर्ष है तो मेरे भाई की आयु क्या होगी? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | बड़े समूह में 1–60 तक की संख्या चार्ट वाचन करें। छोटे–छोटे समूह में स्तर के अनुसार संख्या चार्ट वाचन का अभ्यास करें। | स्तर के अनुसार छोटे–छोटे समूह में बच्चों को 4–5 संख्या देकर उसे शब्दों में लिखने को कहें। जैसे– 40– चालीस, 23– तेईस आदि। | आओ खेलें पुस्तिका की सहायता से ठीक पहले, ठीक बाद में संख्या पहचान का खेल करें। | मूर्त वस्तुओं की सहायता से बड़े समूह में स्तर के अनुसार 1– 60 के बीच की संख्याओं की पहचान करें। बाद में छोटे–छोटे समूह में बच्चों के साथ अभ्यास करें। | संख्या चार्ट में 1–60 के बीच 5 कितनी बार आया है ढूँढ़ें और लिखें। इसी प्रकार 3, 5, 8, 9 आदि संख्याओं को गिने और लिखें। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक / मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 20 मिनट | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक मैच में करीम ने 35 रन और दीपक ने 18 रन बनाए तो बताएँ, दोनों ने मिलकर कुल कितने रन बनाए? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक कम्पनी में 59 अलमारियाँ थी। उसमें से 28 अलमारियाँ बिक गईं तो बताएँ, अब उस कम्पनी में कितनी अलमारियाँ बची? | आओ खेलें पुस्तिका से तोड़ो–जोड़ो खेल 1–60 तक संख्या के साथ करें। | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक शादी में व्यक्तियों की संख्या 60 है, यदि उसमें से 27 महिलाएँ हैं तो बताएँ, पुरुषों की संख्या कितनी होगी? | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– मीना ने 35 रुपये की लौकी ख़रीदी और 25 रुपये के टमाटर ख़रीदे तो बताएँ, मीना ने दुकानदार को कितने रुपये दिए? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ पंद्रहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–20 तक की संख्याओं में जोड़ व घटाव कर पाएँगे।

सप्ताह–15

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | एक कागज़ को तिकोन और चौकोर आकृतियों में काट ले। उसके बाद छोटे–छोटे समूह में बच्चों को पैटर्न में लगाने को कहें। | 1–60 तक की संख्याओं के साथ आओ खेलें पुस्तिका की सहायता से कौन बड़ा, कौन छोटा खेल खेलें? | बच्चों को छोटे समूह में कुछ पत्ते दें। उन पत्तों को सबसे छोटा फिर उससे बड़ा फिर उससे भी बड़ा .. क्रम में लगाने को कहें। | एक बाल्टी कितने मग पानी से भर जाएगा? पहले अनुमान लगाएँ फिर बच्चों से चर्चा करें। | एक कागज़ को तिकोन और चौकोर आकृतियों में काट लें । उसके बाद छोटे–छोटे समूह में बच्चों को जोड़ने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 15 मिनट | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– मेंरे पास 35 रुपये है और कविता के पास मुझसे 17 रुपये अधिक है तो बताएँ कविता के पास कितने रुपये है? | कौन–कौन सी वस्तुओं को किलोग्राम में माप–तौल करते हैं? जैसे– चीनी, चावल, आटा, मिठाई आदि। बच्चों से बातचीत करें और तर्क पूछें। | आपने अपने घर के आस–पास बगीचा देखा होगा। आपको बग़ीचे में गणित कहाँ–कहाँ दिखाई देता है? बच्चों से बातचीत करें। | आओ खेलें पुस्तिका से उठक – बैठक खेल कराएँ। | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– मेंरे पास 35 रुपये है और कविता के पास मुझसे 17 रुपये अधिक है तो बताएँ कविता के पास कितने रुपये है? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में कुछ संख्या दें जैसे– 60...19... 58...27 आदि। इन संख्याओं के विस्तारित रूप लिखने को कहें। | आओ खेलें पुस्तिका से **मार छलाँग** खेल 1–60 तक की संख्याओं के साथ कराएँ। | बड़े समूह में 60–20 तक की संख्या के मध्य पैटर्न चार्ट वाचन करें। छोटे–छोटे समूह में पैटर्न का अभ्यास करें। जैसे– 60...58...56 आदि। | आओ खेलें पुस्तिका से **मामा जी का घर** खेल 1–60 तक की संख्याओं के साथ कराएँ। | स्तर के अनुसार समूह में बच्चों को संख्याओं को शब्दों में लिखने को कहें। जैसे– इक्यावन, बावन, तिरपन , आदि। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक / मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 20 मिनट | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– राम ने 40 रुपये की चीनी और 15 रुपये की चायपत्ती ख़रीदी तो बताएँ राम ने कितने रुपये ख़र्च किए? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– रीना और मीना की आयु का योग 48 वर्ष है। यदि मीना की आयु 19 वर्ष है तो बताएँ रीना कि आयु कितनी होगी? | आओ खेलें पुस्तिका से **रोते–रोते हँसते–हँसते** खेल कराएँ। | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– दुर्गेश के पास 35 रुपये है तथा अरविंद के पास दुर्गेश से 18 रुपये अधिक हैं तो बताएँ अरविंद के पास कितने रुपये है? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक पेटी में 72 आम है, 28 आमों को माँ ने बच्चों में बाँट दिया तो बताएँ पेटी में कितने आम बचें? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ सोलहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–20 तक की संख्याओं में जोड़ व घटाव कर पाएँगे।

सप्ताह–16

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | बच्चों को घड़ी से परिचित कराएँ। घड़ी दिखाकर घंटा, मिनट के बारे में बताएँ। बच्चे अपनी कॉपी में अपने लिए खुद की घड़ी बनाएँ। | आओ खेलें पुस्तिका से गीत/कविता सुनाएँ। | कौन–कौन–सी वस्तुओं को लीटर में मापा जा सकता है? बच्चों से बातचीत करें और तर्क पूछें। छोटे समूह में उनका नाम व एक सूची बनवाएँ। | बच्चों से छोटे समूह में चर्चा करें और एक जैसे– दिखने वाले नोट/सिक्के को अलग–अलग करें। | चित्र कार्ड के माध्यम से मोटे और पतले दिखने वाले चित्र पर चर्चा करें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 15 मिनट | आपको अपने पिताजी के लिए नई कमीज़ सिलवानी है। इसके लिए आप क्या करेंगे? बच्चों से बातचीत करें। | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– रीना के पास रहीम से 17 रुपये कम हैं यदि रहीम के पास 43 रुपये हैं तो बताएँ कि रीना के पास कितने रुपये हैं? | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– दिवाली पर कैलाश ने 22 दीप और रीमा ने 19 दीप जलाए तो बताइए दोनों ने मिलकर कितने दीप जलाए? | ऐसी कौन –कौन–सी संख्याओं का जोड़–घटाव करने पर संख्या 50 प्राप्त होगी? बच्चों से चर्चा करें। | मुझे मेला देखने के लिए पिता जी ने कुछ रुपये और माँ ने भी कुछ रुपये दिए। मेरे पास कुल 50 रुपये हैं बताएँ दोनों ने कितने रुपये दिए होंगे? बच्चों से चर्चा करें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | बड़े समूह में 60–1 तक की संख्या चार्ट वाचन पैटर्न के साथ करें। जैसे– 60,55,50,45 आदि। | आओ खेलें पुस्तिका से नागू–नाग खेल 1–60 तक की संख्याओं के साथ कराएँ । | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में कुछ संख्या दें । जैसे– 62, 11, 58, 37 आदि। इन संख्याओं के बढ़ते क्रम में लिखने को कहें। | आओ खेलें पुस्तिका से एक लय में ताली चुटकी खेल 60 तक की संख्याओं के साथ कराएँ । | स्तर के अनुसार समूह में बच्चों से संख्याओं को अंकों में लिखने को कहें। जैसे– इक्यावन बावन, तिरपन, आदि। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक/मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 20 मिनट | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक कक्षा में 23 लड़के और 34 लड़कियाँ हैं तो बताएँ उस कक्ष में कुल कितने बच्चे हैं? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक बस में 57 यात्री बैठे थ। अगले स्टॉप पर 15 यात्री उतर गए, तो बताएँ अब बस में कितने यात्री बैठे हैं? | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। एक कारख़ाने में 26 महिला और 35 पुरुष काम करते हैं तो बताएँ उस कारख़ाने में कुल कितने कर्मचारी हैं? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– दो संख्याओ का योगफल 42 है यदि पहली संख्या 36 है तो दूसरी संख्या क्या होगी? | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– मेराज किसी वस्तु को 45 रुपये में ख़रीदता है उस वस्तु पर वह 13 रुपये लाभ लेकर बेचता है तो बताएँ की मेराज वस्तु को कितने रुपये में बेचेगा? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ सत्रहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–100 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे।

सप्ताह–17

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | बच्चों को कुछ नोट देकर उनसे चर्चा करें कि अगर 100 का एक नोट आपके पास है तो उसमें 10–10 के कितने नोट होंगे? ऐसे ही अन्य नोटों के साथ भी चर्चा करें। | बच्चे छोटे समूह में कागज़ की सहायता से आकृतियों का निर्माण करें एवं उनके मानक नाम लिखें। | बच्चे छोटे समूह में कागज़ की सहायता से आकृतियों का निर्माण करें एवं उन आकृतियों में क्या अंतर हैं, बातचीत करें। | बच्चे अपने मनपसंद फल व सब्ज़ियों की सूची बनाकर अनुमानित क़ीमत लिखें। बच्चों से बारी–बारी से बताने को कहें। | किसी फल/सब्ज़ी का आधा चित्र बनाएँ। छोटे समूह में मिलकर सभी बच्चे चित्र को पूरा करें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक कक्षा में 75 लड़के और 53 लड़कियाँ हैं। बताएँ लड़कियों की संख्या लड़कों से कितनी कम है? | ठीक पहले व ठीक बाद की संख्याओं पर मौखिक चर्चा करें और तर्क भी पूछें। जैसे– 72 के ठीक पहले 71 व ठीक बाद में 73 संख्या आती है। | बच्चों को 2 के पैटर्न में संख्याओं को पढ़ने को कहें। जैसे– 2, 4, 6, 8.... आदि। इसी प्रकार छोटे समूह में 3, 4, 5.... पैटर्न में पढ़ने को कहें। | बच्चों से मौखिक रूप से जोड़ की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक कक्षा में 35 लड़के व 37 लड़कियाँ हैं। बताएँ, कक्षा में कुल कितने बच्चे हैं? | बच्चे चर्चा करें यदि 100 के एक नोट को खुल्ले कराना हो तो कितने–कितने रुपये के खुल्ले हो सकते हैं? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 20 मिनट | बड़े समूह में चार्ट वाचन 50–100 तक की संख्याओं के साथ 2–2 के अंतराल में करें। जैसे– 50...52....54....56....58 ... आदि। इसी तरह स्तर के अनुसार छोटे–छोटे समूह में अभ्यास करें। | बच्चों को कुछ संख्याएँ दें और उनको घटते क्रम में लगाने के लिए कहें। जैसे– 47, 52, 78, 25, 37 आदि। इसी तरह स्तर के अनुसार छोटे–छोटे समूह में अभ्यास करें। | आओ खेलें पुस्तिका से **सेंचुरी** बनाओ खेल कराएँ। | बड़े समूह में उल्टा चार्ट वाचन 100–80 तक की संख्याओं के साथ जैसे– 100, 99, 98, 97... आदि। इसी तरह स्तर के अनुसार छोटे–छोटे समूह में अभ्यास करें। | बड़े समूह में बीच–बीच से संख्या पूछें। बच्चे संख्या ढूँढ़ें और जमीन पर लिखें। इसी तरह स्तर के अनुसार छोटे–छोटे समूह में संख्या ढूँढ़ें और लिखें। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक/मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 20 मिनट | आओ खेलें पुस्तिका के माध्यम से तीसरा कौन? खेल खेलें। इसी तरह स्तर के अनुसार छोटे–छोटे समूह में खेल खेलें। | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– झूलन ने पहले मैच में 37 रन और दूसरे मैच में 58 रन बनाए तो बताएँ कि झूलन ने दोनों मैचों में कुल कितने रन बनाएँ? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– सुनीता के पास 53 लड्डू और संजय के पास 38 लड्डू हैं। बताएँ, दोनों को मिलाकर कितने लड्डू है? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– कुनाल ने 23 सफ़ेद गेंद और 68 हरी गेंदें ख़रीदीं। बताएँ, उसने हरी गेंदें सफ़ेद गेंदों से कितनी अधिक ख़रीदीं? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– रामनाथ के पास 35 रुपये हैं। पंकज ने उसे 32 रुपये और दे दिए तो बताएँ, रामनाथ के पास कितने रुपये हो गए? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ अठारहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–100 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे।

**सप्ताह–18**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | सभी बच्चों को कुछ कंकड़ देकर उन्हें अलग–अलग समूह में बराबर–बराबर कंकड़ सजाने को कहें। उसके बाद उन कंकड़ों की मदद से आकृति बनाने को कहें। | बड़े समूह में चर्चा करें कि आपने ऐसी कौन–कौन–सी वस्तुएँ देखी हैं जो पानी के ऊपर तैरती व डूब जाती हैं। उनके नाम लिखने को कहें। | ऐसी कौन–कौन सी वस्तुएँ हैं जो फिसलती है और लुढ़कती हैं? बच्चों से बातचीत करें और उनके नाम लिखें? | बच्चों को कॉपी में अपनी मनपसंद आकृति बनाकर उसमें रंग भरने को कहें। आस–पास वैसी दिखने वाली वस्तुओं का नाम लिखें। | गणित किट की मदद से छोटे समूह में आयत और त्रिभुज को छाँटकर अलग करने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से खेल–कूद विषय पर बातचीत करें। किसी एक खेल को लेकर चर्चा करें, कि उसमें गणित का उपयोग हम कहाँ करते हैं? जैसे– कबड्डी खेल में गणित कहाँ–कहाँ दिखाई देता है? | बड़े समूह में मौखिक रूप से संख्याओं की तुलना करने को कहें। जैसे– 73 और 37 में कौन–सी संख्या बड़ी व छोटी है? कितनी छोटी है? इस प्रकार अलग–अलग संख्याओं से चर्चा करें। | बच्चों से मौखिक चर्चा करें कि वह अपने परिवार में रहने वाले सदस्यों की संख्या एवं उनकी उम्र बताएँ। सबसे अधिक और सबसे कम उम्र में अंतर भी बताएँ? | बड़े समूह में करेंसी नोट पर बातचीत करें। जैसे– 50 और 100 के नोट में कौन–सा नोट बड़ा है? 50 के नोट खुल्ला करने पर 10–10 के कितने नोट मिलेंगे? इस प्रकार चर्चा को अलग–अलग उदाहरण द्वारा आगे बढ़ाएँ। | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– कविता के पास 43 सेब हैं यदि उसने रवि को 28 सेब दे दिए। बताएँ, कविता के पास अब कितने सेब बचे? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 20 मिनट | बड़े समूह में 5–5 के अंतराल पर 100–1 तक की संख्याओं के साथ उल्टा चार्ट वाचन करें। इसी प्रकार स्तर के अनुसार छोटे समूह में अभ्यास करें। | छोटे–छोटे समूह में कुछ संख्याएँ दें और उनके स्थानीय मान पर बातचीत करें। जैसे– 67 में 6 का स्थानीय मान 60 आदि। इसी प्रकार स्तर के अनुसार छोटे समूह में स्थानीय मान पर अभ्यास करें। | आओ खेलें पुस्तिका से **दोगुना** करो–आधा करो खेल कराएँ। इसी प्रकार स्तर के अनुसार छोटे समूह में यह खेल खेलें। | बड़े समूह में जिग–जैग तरीके से 100–1 तक की संख्या चार्ट वाचन करें। जैसे– 100... 88.. 77... 66 आदि। इसी प्रकार स्तर के अनुसार छोटे समूह में अभ्यास करें। | बड़े समूह में कुछ संख्याएँ लिखें और बच्चे से उन संख्याओं को शब्दों में अपनी कॉपी में लिखने को कहें। जैसे– 86 को शब्दों में छियासी लिखें। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक / मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 20 मिनट | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– एक दुकान में 35 चीकू थे उसमें से 18 चीकू बिक गए। बताएँ, टोकरी में कितने चीकू बचे? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– महक के घर पर 55 लीटर सरसों का तेल आया। शादी में 28 लीटर तेल खर्च हो गया। बताएँ, अब महक के घर में कितने लीटर तेल बचा? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– एक गुब्बारे वाले के पास 48 गुब्बारे हैं। उसने 29 गुब्बारे बेंच दिए। बताएँ, उसके पास अब कितने गुब्बारे बचे? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– एक होटल में 42 लोग ठहरे थे उसमें से 27 लोग चले गए। बताएँ, उस होटल में अब कितने लोग बचे? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– एक हॉल में 85 लोगों के बैठने की जगह है। यदि 57 लोग पहले से बैठे हैं तो बताएँ अभी और कितने लोग बैठ सकते हैं? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ उन्नीसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–100 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे।

**सप्ताह–19**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | बड़े समूह में चित्र के माध्यम से लम्बे और छोटे पर चर्चा करें। जैसे– फीता लम्बा है और फुटा छोटा आदि। | बच्चों से मौखिक चर्चा करें आपके घर के किचन में कितनी चीज़ें गोल और चौकोर हैं उनकी संख्या लिखने को कहें। बच्चे यह भी बताएँ कि गोल और चौकोर में सबसे ज़्यादा कौन है? | आओ खेलें पुस्तिका से **बोल भाई** कितने? खेल खेलें। इस खेल को अंत तक खेलें। हर बार देखें कितने लोग बाहर हो गए कितने बचे? | चित्रों के पैटर्न बनाएँ। जैसे– गोल, त्रिकोण, चौकोर, गोल, त्रिकोण, चौकोर। बच्चों को इस पैटर्न को आगे बढ़ाने को कहें। | बच्चों को छोटे समूह में गोल, त्रिकोण आकृति का इस्तेमाल करके फूल और पत्ते बनाने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों को मौखिक रूप से कुछ संख्या बोलें और बच्चे उन संख्याओं को विस्तारित रूप में बताएँ। जैसे– संख्या 87 का विस्तारित रूप 80+7 होगा। इसी प्रकार अलग–अलग संख्याओं के साथ अभ्यास करें। | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– असलम के पास 60 किलो फल हैं। उसने 49 किलो फल पवन को दे दिए। बताएँ, असलम के पास अब कितने किलो फल बचे? | बच्चों से मौखिक रूप से गुणा की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– मोना ने एक किताब 10 रुपये में ख़रीदी। बताएँ, ऐसी ही 8 किताबें ख़रीदने के लिए मोना को कितने रुपये चाहिए? | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– 78 में कितना कम करें कि 37 हो जाए? | बड़े समूह में बच्चों के साथ संख्याओं के अंतर पर चर्चा करें। जैसे– 88 और 67 दोनों संख्याओं के बीच में कितना अंतर है? बच्चों से यह भी पूछें कि आपने कैसे पता लगाया? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 20 मिनट | बड़े समूह में बच्चों को कुछ अंक कार्ड दें और उनसे दो अंकों की संख्या बनाने के लिए कहें। इसी प्रकार छोटे–छोटे समूह में अलग कार्ड देकर अभ्यास करें। | बड़े समूह में बच्चों को तीन अंक कार्ड दें। अब उन्हें दो अंकों की संख्याएँ बनाने के लिए कहें। छोटे–छोटे समूह में अंकों को छोटे से बड़े क्रम में लगाने को कहें। | छोटे समूह में स्तर के अनुसार संख्या चार्ट वाचन 1–100 तक का ज़िग ज़ैग तरीक़े से पढ़ने को कहें। जैसे– 1..12...3....14....5...16 ... आदि। | आओ खेलें पुस्तिका की मदद से कौन बड़ा–कौन छोटा 50–100 तक की संख्याओं के साथ अभ्यास करें। | बड़े समूह में बच्चों के साथ संख्याओं की तुलना मूर्त वस्तुओं की मदद से करें। जैसे– 39 और 93 में कौन–सी संख्या बड़ी और कौन–सी संख्या छोटी है? | पुनरावृत्ति |
| मौलिक/ मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 20 मिनट | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– रियाज ने 40 रुपये की चीनी और 25 रुपये के चावल ख़रीदे तो बताएँ रियाज ने कितने रुपये ख़र्च किए? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– फ़ातिमा और मीना की आयु का जोड़ 48 वर्ष है। यदि मीना की आयु 19 वर्ष है तो बताएँ, कि फ़ातिमा की आयु कितनी होगी? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– आबिद के पास 45 जामुन हैं। गणेश के पास आबिद से 48 जामुन अधिक हैं। बताएँ, गणेश के पास कितने जामुन हैं? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– एक पेटी में 72 आम हैं, 28 आमों को माँ ने बच्चों में बाँट दिया। बताएँ, पेटी में कितने आम बचे? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– एक स्कूल में 45 लड़के व 49 लड़कियाँ हैं, तो बताएँ, स्कूल में कुल कितने बच्चे हैं? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ बीसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–100 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे।

सप्ताह–20

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | बच्चों को छोटे समूह मे घड़ी का चित्र बनाने को कहें। प्रत्येक समूह स्कूल आने का समय घड़ी में दर्शाएँ। | कक्षा में बच्चों से ऐसी आकृतियों पर चर्चा करें जिनकी आमने–सामने की भुजाएँ लंबाई में बराबर हों? जैसे– ब्लैकबोर्ड, कमरा आदि। | कक्षा में बच्चों से ऐसी आकृतियों पर चर्चा करें जिनकी चारों भुजाएँ बराबर हों? छोटे समूह में ऐसी आकृतियों को बनाने को कहें। | बच्चों को छोटे समूह में काग़ज़ की सहायता से आयताकार एवं वर्गाकार आकृतियाँ बनाने को कहें। | बच्चों को छोटे समूह में काग़ज़ की सहायता से तीन भुजा, चार भुजा, पाँच भुजा वाली आकृतियाँ बनाने और उनका नाम लिखने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक गुल्लक से 60 रुपये निकाल लेने के बाद गुल्लक में 34 रुपये अभी भी बचे हुए हैं। बताएँ, गुल्लक में पहले से कितने रुपये थे? | 11, 22, 33, 44 .. यह पैटर्न बोलें। बच्चों से पूछें आगे क्या आएगा? हर बच्चे से उसका तर्क भी पूछें। | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– रोहित के पास कुछ रुपये हैं। निगार ने 45 रुपये रोहित को दे दिए। रोहित के पास अब 98 रुपये हो गए। बताएँ, रोहित के पास पहले से कितने रुपये थे? | 1–100 तक ऐसी कौन–कौन सी संख्याएँ हैं जो 5 के पहाड़े में आती हैं। बच्चों से बातचीत करें। | ऐसी कौन–कौन–सी संख्याएँ हैं जिन्हें जोड़ने या घटाने पर 80 प्राप्त होगा? बच्चों से बातचीत करें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 20 मिनट | कोई संख्या बोले जैसे– 56, बच्चे अंक कार्ड की मदद से संख्या बनाएँ। इसी प्रकार अन्य संख्याओं के साथ अभ्यास करें। | बड़े समूह में 2–5 तक पहाड़ा चार्ट वाचन करें। बच्चे छोटे–छोटे समूह मे अभ्यास करें। | छोटे समूह में बच्चों को कुछ अंक कार्ड दें। बच्चे उनसे दो अंको की संख्याएँ बनाएँ और लिखें। बाद में उन संख्याओं को बढ़ते क्रम में लगाने को कहें। | छोटे समूह में कुछ संख्याएँ दें। बच्चे उन संख्याओं का स्थानीय मान लिखें। | आओ खेलें पुस्तिका से डबल– डबल 1–100 तक की संख्याओं के साथ खेलें। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक/ मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 20 मिनट | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– तान्या ने 45 रुपये की एक किताब ख़रीदी। अब उसके पास 48 रुपये बचे है। बताएँ, तान्या के पास पहले से कितने रुपये थे? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– एक बस मे 80 यात्री बैठे थे। अगले स्टेशन पर 26 यात्री उतर गए, तो बताएँ अब बस मे कितने यात्री है? | आओ खेलें पुस्तिका से सेंचुरी बनाओ खेल बच्चों के साथ खेलें। | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– मदन के दादा कि उम्र 78 साल है। मदन अपने दादा से 58 साल छोटा है। बताएँ, मदन कितने साल का है? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– जेबा ने 37 रुपये के आलू और 46 रुपये के प्याज ख़रीदे। बताएँ, जेबा ने कुल कितने रुपये ख़र्च किए? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ इक्कीसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–100 तक की संख्याओं में जोड़ व घटाव के शाब्दिक सवालों को हल कर पाएँगें।

सप्ताह–21

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | बच्चों से अनुमान लगाने पर चर्चा करें। जैसे– इस कक्षा में कुल कितने बच्चे बैठ सकते हैं? उनसे तर्क पूछें कि आपने कैसे अंदाज़ा लगाया? जवाब के अनुसार बातचीत करें और अन्य बच्चों को भी बताने को कहें। | बड़े समूह में कैलेंडर पर बातचीत करें। जैसे– कैलेंडर में कितने महीनों के नाम दिए गए हैं? जनवरी में कितने दिन होते हैं? कौन–कौन से महीने में 30 दिन होते हैं? कौन–कौन से महीने में 31 दिन होते हैं? फ़रवरी में कब 28 दिन होता है? आदि। | बच्चों को छोटे समूह में कागज़ देकर अलग–अलग आकृतियाँ बनाने को कहें। बनी हुई आकृतियों में से एक जैसी आकृति को छाँटने को कहें। | आओ खेलें पुस्तिका की मदद से बच्चों के साथ बड़े समूह में बच्चों का पसंदीदा खेल खेलें। | बच्चों को छोटे समूह में कागज़ देकर उसके 4 या 8 हिस्सों में बाँटने को कहें। हर टुकड़े पर एक अंक लिखें और समूह में खेल खेलें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 15 मिनट | बच्चों को छोटे समूह चर्चा में करने को कहें और बड़े समूह में बताएँ । जैसे– आप एक दिन में कितने लीटर पानी ख़र्च करते हैं? पानी की बचत के लिए हमें क्या करना चाहिए? | बच्चों से 80–82 के ठीक बीच की संख्या पर चर्चा करें। उसके बाद अलग–अलग संख्याएँ देकर ठीक बीच की संख्या पूछें। बच्चों के जबाब पर तर्क पूछें। | ऐसी पाँच चीज़ों के नाम लिखें जिसकी मात्रा लीटर में मापी जाती है। बच्चों को छोटे समूह में चर्चा करने और बड़े समूह में बताने को कहें। | बच्चों से 2 अंकीय जोड़ के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे– एक कारख़ाने में 48 कर्मचारी हैं। कुछ दिन बाद कारख़ाने में 26 नए कर्मचारी और आ गए। बताएँ, कारख़ाने में अब कितने कर्मचारी हैं ? | घटाव के 2 अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– एक गुल्लक में ताहिर ने 45 रुपये और सलमान ने 58 रुपये डाले। बताएँ, दोनों ने मिलकर गुल्लक में कितने रुपये डाले? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | बड़े समूह में संख्याओं के पैटर्न पर बातचीत करें। जैसे– 99...89. ...79....69....59 ... आदि। छोटे समूह अलग–अलग पैटर्न का अभ्यास करें। | बड़े समूह में बच्चों को कुछ अंककार्ड दें उन्हें दो अंकों की संख्या बनाने और लिखने को कहें। उसके बाद छोटे समूह में अलग–अलग अंक कार्ड देकर संख्या बनाने को कहें। | आओ खेलें पुस्तिका से **आज का दोस्त** जोड़ खेल कराएँ। उसके बाद छोटे समूह में आज का दोस्त जोड़ खेल खेलने को कहें। | बड़े समूह में 3 का पहाड़ा चार्ट में ढूँढ़कर दिखाएँ। बच्चों को छोटे समूह में 2, 5, 7 के पहाड़े ढूँढ़ने को कहें। | बड़े समूह में तीन बच्चों को बुलाएँ। उन्हें संख्या चार्ट के अलग–अलग कॉलम से अपनी मनपसंद कोई एक संख्या चुनकर एक–दूसरे के नीचे ब्लैकबोर्ड पर लिखने को कहें। एक बच्चा जोड़ कर संख्या नीचे लिखे। इसी तरह से संख्या ढूँढ़ने और जोड़कर लिखने का अभ्यास करें। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक / मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 20 मिनट | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– नबी के पास 68 रुपये हैं। मयंक के पास नबी से 35 रुपये अधिक हैं। बताएँ, मयंक के पास कितने रुपये हैं। | आओ खेलें पुस्तिका से **सेंचुरी** बनाओ खेल बड़े समूह में खेलें। उसके बाद छोटे समूह में सेंचुरी बनाओ खेल खेलने को कहें। जैसे– 80 + 20 = 100, 75 + 25 = 100 आदि। | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– फ़िरोज के पास 78 रुपये है। फ़िरोज ने 39 रुपये की चीनी ख़रीदी तो बताएँ फ़िरोज के पास अब कितने रुपये हैं? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक ड्रम में 56 लीटर पानी था। करीम ने उसमें 38 लीटर पानी और मिला दिया। बताएँ, उस ड्रम में अब कितने लीटर पानी है? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– सानिया ने 37 रुपये के सेब और राजा ने 59 रुपये के अनार ख़रीदे तो बताएँ दोनों ने मिलकर कितने रुपये के फल ख़रीदे? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ बाइसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–100 तक की संख्याओं मे जोड़ व घटाव के शाब्दिक सवालों को हल कर पाएँगें।

**सप्ताह–22**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | कक्षा में आयत, वर्ग, त्रिभुज और वृत्त की आकृति दिखा कर उनकी विशेषताओं पर बातचीत करें। | आस–पास वर्गाकार दिखने वाली आकृतियों को ढूँढ़ने को कहें। छोटे समूह में उनकी सूची बनाएँ। | बच्चों से अपनी कॉपी पर गोल, त्रिभुज, वर्ग और आयत का उपयोग करके घर का चित्र बनाएँ और अपना मनपसंद रंग भरें। | बच्चे गोल, त्रिभुज, वर्ग और आयत का उपयोग करके पैटर्न की एक माला बनाएँ। | बच्चे कॉपी में ऐसी 2–2 चीज़ें बनाएँ जो त्रिभुज और वर्ग के आकार की हों। उसके बाद अपनी मनपसंद आकृति में अपना मनपसंद रंग भरें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 15 मिनट | बच्चों से 2 अंकीय घटाव के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे– एक बोतल का दाम 65 रुपये है और एक गिलास का दाम 28 रुपये है। बताएँ, गिलास का दाम बोतल के दाम से कितना कम है? | बच्चों से बड़े समूह में विस्तारित रूप पर चर्चा करें। जैसे– 76 मतलब 70+6 आदि। छोटे समूह में स्तर के अनुसार अलग–अलग संख्या देकर विस्तारित रूप का अभ्यास करें। | बच्चों के साथ बड़े समूह में मौखिक रूप से संख्याओं की तुलना करें। जैसे– 35 और 55 में कौन–सी संख्या बड़ी व छोटी है? कितनी छोटी है? छोटे समूह में स्तर के अनुसार अलग–अलग संख्या देकर तुलना करें। | बच्चों से बड़े समूह में चर्चा करें कि क्या हमें रेलगाड़ी से यात्रा करने में गणित दिखाई देता है? जैसे–यात्रा के दौरान टिकट ख़रीदने में, अपनी सीट खोजने में, टिकट ख़रीदते समय बचे पैसे वापस लेने में आदि। | बच्चों से 2 अंकीय घटाव के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे– राजू की उम्र 25 वर्ष है। उसके पिता की उम्र 69 वर्ष है। बताएँ, राजू के पिता की उम्र राजू से कितने वर्ष अधिक है। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | बड़े समूह में 6 का पहाड़ा, चार्ट में ढूँढ़कर दिखाएँ। बच्चों को छोटे समूह में 5, 7 ,9 के पहाड़े ढूँढ़ने को कहें। | बड़े समूह में शिक्षक कुछ संख्याएँ बोलें बच्चे उस संख्या को संख्या कार्ड में ढूँढकर अपनी कॉपी में लिखकर दिखाएँ। | बच्चे अपने समूह के सभी लोगों के नाम और उनकी उम्र की सूची बनाएँ। उसके बाद उस उम्र के आधार पर छोटे से बड़े के क्रम में सभी लोगों के नाम और उम्र लिखें। | बच्चों को छोटे समूह में अलग–अलग कुछ करेंसी नोट दें। प्रत्येक समूह में एक–दूसरे से कुछ रुपये खुल्ले करने को कहें। बच्चों से यह चर्चा ज़रूर करें की आपने कितने रुपये दिए और कितने रुपये मिलें। | बड़े समूह में बच्चों को कुछ अंक कार्ड दें। उन्हें दो अंको से संख्या बनाने और लिखने को कहें। उसके बाद छोटे समूह में उन संख्याओं को छोटे से बड़े क्रम में लगाने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक / मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 20 मिनट | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– रुबीना के घर से खुशी से 24 पेड़ ज़्यादा हैं। यदि रुबीना के घर में 84 पेड़ हैं। तो बताएँ खुशी के घर में कितने पेड़ हैं? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– रुबेका के पास 64 रुपये थे। मेले में उसने 39 रुपये ख़र्च कर दिए। बताएँ, उसके पास अब कितने रुपये बचे ? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– साक्षी ने कहानी की एक किताब में से 92 पेज पढ़े और समीमा ने उसी कहानी की किताब में से 38 पेज पढ़े तो बताएँ, किसने ज़्यादा पेज पढ़े? | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– साबिया के पास 46 रुपये हैं। उसकी बहन ने 48 रुपये साबिया को और दे दिए तो बताएँ साबिया के पास अब कितने रुपये हैं? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– अजय को अपने स्कूल तक जाने में 55 मिनट लगे और वापस घर आने में 36 मिनट लगे तो बताएँ घर वापस आने में कितने मिनट कम लगे ? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ तेइसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–100 तक की संख्याओं मे जोड़ व घटाव के शाब्दिक सवालों को हल कर पाएँगें।

**सप्ताह–23**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | सभी बच्चों को कक्षा की वस्तुओं को इंचीटेप से मापकर तालिका में लिखने को कहें। सबसे लंबी एवं सबसे छोटी वस्तु के माप लिखवाएँ। | बच्चों को अपने घर के किचन के बर्तनों की सूची तैयार करने को कहें। और उसमें सभी सामानों की संख्या भी लिखें। बच्चे यह भी बताएँ कि कौन–सा बर्तन सबसे ज़्यादा और कौन–सा कम | बच्चे से बातचीत करें आप अपने घर की ऐसी पाँच वस्तुओं के नाम बताएँ जिन्हें आप आसानी से उठा सकते हैं। उन वस्तुओं का अनुमानित वजन भी बताने को कहें। | कक्षा में बच्चों को कैंची, स्केल, चूड़ी कागज़ आदि की सहायता से कागज़ को काटकर विभिन्न प्रकार की डिजाइन बनाने को कहें। | मापन की मानक इकाई मीटर, सेंटीमीटर आदि पर चर्चा करें। जैसे– कपड़े को सेंटीमीटर या मीटर में मापते हैं। दैनिक जीवन मे और कौन–कौन सी चीज़ें किसमें माप करते हैं? | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 15 मिनट | बच्चों से 2 अंकीय जोड़ के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे–एक किलो चीनी 42 रुपये की है। और एक किलो दाल की कीमत 98 रुपये है। तो बताएँ चीनी की कीमत दाल से कितने रुपये कम है? | बच्चों से 2 अंकीय घटाव के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे– एक किसान के पास 73 क्विंटल गेहूँ था। उसने 28 क्विंटल गेहूँ बेच दिया। बताएँ, किसान के पास अब कितना क्विंटल गेहूँ बचा? | बच्चों से 2 अंकीय घटाव के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे– सीमा ने एक गुल्लक में कुछ रुपये डाले और पंकज ने भी कुछ रुपये उसी गुल्लक में डाले। अब गुल्लक में 86 रुपये है। तो बताएँ, दोनों ने गुल्लक में कितने–कितने रुपये डाले? | बच्चों से 2 अंकीय घटाव के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे– साक्षी की दुकान में 55 झाड़ू हैं। उसने 38 झाड़ू बेच दिए। बताएँ, अब उसके पास कितनी झाड़ू बची? | बच्चों से बड़े समूह मे चर्चा करें। ऐसी कौन–कौन सी संख्याएँ हैं, जिन्हें जोड़ने या घटाव करने पर संख्या 100 प्राप्त हो। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | छोटे समूह में 1 से 100 तक की ऐसी संख्याएँ ढूँढ़े जिनके इकाई के स्थान पर 9 अंक आता है। उन्हें बढ़ते क्रम में लिखें और पढ़ें। | शिक्षक 2 अंको की कुछ संख्याएँ बोर्ड पर लिखें। बच्चे उन संख्याओं का स्थानीय मान और विस्तारित रूप अपनी कॉपी में लिखें। जैसे– 85 में 5 का स्थानीय मान 5 होगा, 85 का विस्तारित रूप 80+5 होगा। | बच्चों को छोटे समूह में कुछ फ्लैश कार्ड दें। बच्चे फ्लैश कार्ड से कुछ संख्याएँ बनाएँ और लिखें। उसके बाद उन संख्याओं को घटते क्रम में लिखें और पढ़ें। | शिक्षक बड़े समूह में बच्चों को मौखिक रूप से 100–1 तक गिनती बोलने के लिए कहें। इसी प्रकार छोटे समूह में अभ्यास करें। | बच्चों को दो समूह में विभाजित करें। पहला समूह दूसरे समूह से पहाड़ा पूछें। जैसे– पहले समूह ने पूछा कि 5 सत्ते.. इसी प्रकार दूसरा समूह पूछे 8 तिया... । ऐसे ही पहाड़ों का खेल खेलें। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक / मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 20 मिनट | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे–रोली ने 78 रुपये की दवा और 55 रुपये का ब्रश ख़रीदा। बताएँ, रोली ने कुल कितने रुपये ख़र्च किए? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– मेराज एक बैग 80 रुपये में ख़रीदकर उस बैग को 58 रुपये में बेच देता है। बताएँ, मेराज को कितने रुपये का नुक़सान हुआ? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक दुकानदार को एक खिलौना 85 रुपये में बेचने से उसे 25 रुपये का फ़ायदा हुआ, तो बताएँ उसने खिलौने को कितने रुपये में ख़रीदा था? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– सलमा के पास कुछ मोती थे। उसके पापा ने उसे 28 मोती और दे दिए। अब सलमा के पास 86 मोती हो गए तो बताएँ सलमा के पास पहले से कितने मोती थे? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– एक टंकी में से 45 लीटर पानी निकाल लेने के बाद भी, उसमें 58 लीटर पानी बचा हुआ है। बताएँ, उस टंकी में पहले से कितना लीटर पानी था? | पुनरावृत्ति |

# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ चौबीसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–100 तक की संख्याओं मे जोड़ व घटाव के शाब्दिक सवालों को हल कर पाएँगें।

**सप्ताह–24**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | बच्चों को कक्षा में उपलब्ध वस्तुओं की चौड़ाई माप कर सारणी बनाने को कहें। जैसे–डस्टर की चौड़ाई ,खिड़की की चौड़ाई, मेज़ की चौड़ाई आदि। सबसे चौड़ी वस्तु के माप का नाम बताएँ। | बच्चों से कहें कि मकान बनाने में कौन–कौन सी सामग्री लगती है उसकी सूची बनाएँ। छोटे समूह में सभी सामग्री का अनुमानित मूल्य भी लिखने को कहें। | आओ खेलें पुस्तिका की सहायता से झटपट आकृति बनाओं खेल खेलें। | एक गिलास कितने कप पानी से भरेगा? बच्चों से अनुमान लगाने पर चर्चा करें। जैसे– एक गिलास से कितनी बार पानी डालने पर पूरी बाल्टी भर जाएगी? उनसे तर्क पूछें। आपने कैसे अंदाज़ा लगाया? इसी प्रकार अन्य वस्तुओं पर अनुमान लगाने को कहें। | बच्चों से दो स्थानों के बीच की दूरी का अनुमान लगाने को कहें। जैसे– बच्चे से पूछें आपके घर से स्कूल कितने क़दम होगा? आपके गाँव से आपके शहर की दूरी कितनी होगी? अनुमान लगाकर बताएँ। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 15 मिनट | बच्चों से 2 अंकीय जोड़ के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे–रोहित के पास 85 लीटर दूध था। जिसमें से उसने 19 लीटर दूध का खोया और 35 लीटर दूध का दही जमाया तो बताएँ अब उसके पास कितने लीटर दूध बचे? | बच्चों से 2 अंकीय जोड़ के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे– रमा प्रत्येक दिन अपने गुल्लक में 5 रुपये के एक और 2 रुपये के एक सिक्के डालती है। बताएँ, कितने दिनों में उसके गुल्लक में 63 रुपये हो जाएँगे? | बच्चों से 2 अंकीय जोड़ के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे– विकास के पास सोहन से 29 रुपये अधिक है। यदि सोहन के पास 67 रुपये हैं तो बताएँ विकास के पास कितने रुपये हैं? | बच्चों से 2 अंकीय जोड़ के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे– जतिन के पास 54 रुपये हैं। उसकी माँ ने उसे 35 रुपये और दिए। यदि जतिन ने 44 रुपये ख़र्च कर दिए। तो बताएँ अब जतिन के पास कितने रुपये बचे? | बच्चों से 2 अंकीय जोड़ के शाब्दिक सवाल पर मौखिक रूप से बातचीत करें। जैसे–सकीरा के पास रहीम के दो गुने से 25 रुपये कम हैं। यदि रहीम के पास 125 रुपये हैं। बताएँ, सकीरा के पास कितने रुपये हैं? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | शिक्षक बड़े समूह में आओ खेले पुस्तिका से संख्या चक्र खेल करें। उसके बाद उन्हें छोटे–छोटे समूह में यह खेल खेलने को कहें। | बच्चों को छोटे–छोटे समूह में विभाजित करें। शिक्षक बोर्ड पर 3, 9, 6, 4 अंक लिखें और बच्चों को उनसे 2 अंकों की संख्या बनाने को कहें। उसके बाद उन संख्याओं को घटते क्रम में लगाने को कहें। | आओ खेलें पुस्तिका से 50–100 तक की संख्याओं के बीच मामा जी का घर खेल करें। इस खेल को स्तर के अनुसार छोटे समूह में खेलने को कहें। | 100, 98, 96, 94 ...बच्चों से इस क्रम में मौखिक गिनती बोलने को कहें। ऐसे ही एक साँस में बच्चों से क्रम में मौखिक गिनती बोलें और करके देखें। | एक मिनट में – आप एक मिनट में कितने जानवरों की आवाज़ निकाल सकते हैं? आप एक मिनट में कितनी बार ज़ोर–ज़ोर से ताली बजा सकते हैं? करके देखें। 1–99 के बीच 7 कितनी बार आता है। | पुनरावृत्ति |
| मौलिक / मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 20 मिनट | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। मीना ने 56 रुपये की गोभी ख़रीदी और 46 रुपये के प्याज ख़रीदे तो बताएँ मीना ने दुकानदार को कितने रुपये दिए? | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। एक कम्पनी में 82 अलमारियाँ थी। उसमें से 47 अलमारियाँ बिक गईं। बताएँ, कंपनी में अब कितनी अलमारियाँ बची है ? | आओ खेलें पुस्तिका से **मैं एक** मेरा रूप अनेक खेल कराएँ। इसी प्रकार बच्चों को छोटे समूह में यह खेल खेलने को कहें। | दो अंकीय घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– फ़ातिमा के पास 49 रुपये हैं लेकिन फ़ातिमा को 90 रुपये का एक खिलौना लेना है। बताएँ, फ़ातिमा को और कितने रुपये की ज़रूरत है? | दो अंकीय जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करें और बच्चों से तर्क पूछें। जैसे– रेल के एक डिब्बे में 53 यात्री बैठे हुए हैं। आगे जाकर 46 यात्री और चढ़ गए। बताएँ, रेल के उस डिब्बे में अब कितने यात्री हो गए? | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ पहले सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे संख्याओं और संक्रियाओं की अवधारणाओं पर बातचीत कर पाएँगे।

**सप्ताह–1**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 20 मिनट | बड़े समूह में बच्चों से पूछें, आपके घर में कुल कितने लोग हैं? सबसे ज़्यादा उम्र किनकी है और कितनी है? आज से 8 साल बाद उनकी उम्र कितनी होगी? आज से 5 साल पहले उनकी उम्र कितनी थी? यदि आज से 7 साल पहले किसी आदमी की उम्र 35 साल थी तो आज से 9 साल बाद उनकी उम्र कितनी होगी? | बड़े समूह में पूछें, क्रिकेट के खेल में आपको किस तरह से गणित होता हुआ दिखाई देता है? हर एक जवाब पर ज़रूर पूछें, कैसे? (यहाँ आप गेंद फेंकने की गति पर भी बात कर सकते हैं और इस बातचीत को आगे बढ़ा सकते हैं , जैसे – गति क्या होती है? यह कैसे मापी जाती है? इत्यादि।) | बड़े समूह में पूछें, आपके स्कूल में कुल कितनी खिड़कियाँ हैं? आपने कैसे पता किया? क्या इसे दूसरे तरीक़े से भी निकाला जा सकता है? कैसे के बारे में भी पूछें। (जो तरीक़े बच्चे नहीं बता पाते हैं वे आप बताएँ, जैसे – गिनती, जोड़, गुणा, गुणा और जोड़ तथा गुणा और घटाव के तरीक़े से) | बड़े समूह में पूछें, आप समय देखने के लिए क्या–क्या इस्तेमाल कर सकते हैं? समय को कैसे पढ़ा जाता है? 1 घंटा में कितने मिनट होते हैं? घंटा बड़ा होता है या मिनट? तर्क भी करें। 3 घंटे में कितने मिनट होते हैं? 300 मिनट मतलब कितने घंटे? 10 बजकर 40 मिनट में घड़ी की कौन–सी सुई कहाँ रहेगी? तर्क भी करें। | बड़े समूह में पूछें, कैलेंडर में कितने महीने तक की तारीख़ लिखी होती है? जनवरी में कितने दिन होते हैं? अप्रैल में कितने दिन होते हैं? कौन–कौन से महीने में 30 दिन होते हैं? कौन–कौन से महीने में 31 दिन होते हैं? फ़रवरी में कितने दिन होते हैं? फ़रवरी में कब 28 दिन होता है और कब 29 दिन? तर्क ज़रूर करें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | गिनती चार्ट 1 से 100 तक कक्षा में बच्चों की पहुँच तक लगाएँ। इसके बाद बारी–बारी दो–दो बच्चों को बुलाएँ और एक–दूसरे से इस चार्ट में से कोई एक संख्या ढूँढ़कर और ब्लैकबोर्ड पर लिखकर दिखाने को कहें। | छोटे–छोटे समूहों में सभी बच्चों को अपनी–अपनी कॉपी में 1 से 100 तक की गिनती चार्ट बनाने को कहें। इसके बाद अपने – अपने समूह के बच्चों से एक–दूसरे की कॉपी जाँच करने को कहें। | छोटे–छोटे समूहों में 1 से 100 तक की संख्याओं में पैटर्न निकालने को कहें, जैसे – 1, 3, 5, 7, ———————— 11, 21, 31, ————————आदि | बच्चों को दो पंक्तियों में आमने–सामने खड़े होने को कहें। अब बारी–बारी किसी भी पंक्ति में खड़े किसी भी बच्चे का नाम लें और दूसरे पंक्ति में खड़े बच्चों से पूछें, इसके पहले कौन–कौन हैं? इसके बाद कौन–कौन हैं? इसके ठीक पहले कौन है? इसके ठीक बाद कौन है? | बारी–बारी दो–दो बच्चों को बुलाएँ और एक–दूसरे से गिनती चार्ट 1 से 100 में कोई एक संख्या बोलकर उसके ठीक पहले और ठीक बाद वाली संख्या ढूँढ़कर बताने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 15 मिनट | जोड़ व घटाव के कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें, जैसे – अखिल के पास 29 आम हैं। यदि उसे 24 आम और मिल जाएँ तो उसके पास कितने आम हो जाएँगे? बच्चों को ज़रूर बताएँ कि चीज़ें बढ़ने पर हम जोड़ करते हैं और कम होने पर घटाव। | जोड़ व घटाव के कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें, जैसे – नीलू के पास 38 पेंसिलें हैं। यदि वह रीता को 23 पेंसिलें दे देगी तो उसके पास कितनी पेंसिलें बचेंगी? बच्चों से ज़रूर पूछें कि जोड़ ही क्यों होगा या घटाव ही क्यों होगा? | जोड़ व घटाव के कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें, जैसे – नीलिमा के पापा ने उसे 27 रुपये दिए। उसकी मम्मी ने उसे 35 रुपये दी। बताएँ, नीलिमा के पास कितने रुपये हो गए? बच्चों से ज़रूर पूछें कि जोड़ ही क्यों होगा या घटाव ही क्यों होगा? | जोड़ व घटाव के कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें, जैसे – सलमा के पास 85 खिलौने हैं। यदि वह उसमें से 28 खिलौने बेच दे तो उसके पास कितने खिलौने रह जाएँगे? बच्चों से ज़रूर पूछें कि जोड़ ही क्यों होगा या घटाव ही क्यों होगा? | जोड़ व घटाव के कम से कम 3 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें, जैसे – वजीर के पास 59 आम हैं। वह 32 आम रमेश को दे दिया । बताएँ, वजीर के पास अब कितने आम हैं? बच्चों से ज़रूर पूछें कि जोड़ या घटाव ही क्यों होगा? | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | कक्षा में त्रिकोण दिखने वाली आकृतियों की पहचान कराएँ व उससे जुड़ी कुछ वस्तुओं का नाम बताएँ और फिर ऐसी अन्य वस्तुओं का नाम बच्चों से बताने को कहें। (अगले दिन के लिए सभी बच्चे को एक काग़ज़ लेकर आने को कहें) | छोटे समूहों में लाए गए काग़ज़ को मोड़कर अलग–अलग तरह की त्रिभुजाकार आकृतियाँ बनाने को कहें। इसके बाद सभी समूहों को बारी–बारी बड़े समूह में अपनी आकृतियाँ दिखाने और बताने को कहें। | छोटे समूहों में पेंसिल व कॉपी की सहायता से सभी को अपनी – अपनी कॉपी में अलग–अलग तरह की त्रिकोण आकृतियाँ बनाने को कहें। इसके बाद एक–दूसरे की कॉपी जाँच करने और बताने को कहें। | कक्षा में चौकोर दिखने वाली आकृतियों की पहचान कराएँ व उससे जुड़ी कुछ वस्तुओं का नाम बताएँ और फिर ऐसी अन्य वस्तुओं के नाम बताने को कहें। (अगले दिन के लिए सभी बच्चे को एक काग़ज़ लेकर आने को कहें) | छोटे समूहों में लाए गए काग़ज़ को मोड़कर अलग–अलग तरह की चौकोर आकृतियाँ बनाने को कहें। इसके बाद सभी समूहों को बारी–बारी बड़े समूह में अपनी आकृतियाँ दिखाने और बताने को कहें। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ दूसरे सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे संख्याओं और संक्रियाओं की अवधारणाओं पर बातचीत कर पाएँगे।

सप्ताह–2

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 20 मिनट | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– दो संख्याओं का योग 75 है। यदि पहली संख्या 38 है तो दूसरी संख्या क्या होगी? तर्क ज़रूर देने को कहें। | स्थानीय मान और स्थान के बारे में पूछें। जैसे– 103 में 1 कौन से स्थान पर है और उसका मान क्या होगा? अगर 1 को इकाई के स्थान पर रख दिया जाए तब उसका मान कितना होगा? | बच्चों के साथ बड़े समूह में दोगुना करो आधा करो का खेल खेलें। जैसे– 40 का दो गुना कितना? 28 का दो गुना कितना? 80 का आधा कितना? आदि। | बच्चों से खेल–कूद विषय पर बातचीत करें और किसी एक खेल को लेकर चर्चा करें कि उसमें गणित कैसे प्रयोग में आता है ? जैसे– फुटबॉल के खेल में गणित कहाँ–कहाँ आता है ? | बच्चों से मौखिक रूप से जोड़ की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– कौन–कौन सी संख्याओं को मिलाएँ कि 75 आ जाए? प्रत्येक जवाब पर तर्क ज़रूर पूछें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | बारी–बारी दो–दो बच्चों को बुलाएँ और एक–दूसरे से गिनती चार्ट 1 से 100 में ठीक बीच वाली संख्या ढूँढने को कहें। जैसे – 35 और 37 के ठीक बीच की संख्या कौन–सी है? | 1 से 100 तक की संख्याओं में अंकों के स्थान, स्थानीय मान और अंकित मान के बारे में पूछें। | पर्चियों में संख्या और संख्यानाम लिखकर सभी को बाँट दें और अपनी–अपनी जोड़ी ढूँढने को कहें। इसके बाद बारी–बारी सभी को संख्या पढ़कर सुनाने को कहें। | कोई चार अंक ब्लैकबोर्ड पर लिख दें और उनसे छोटे समूहों में दो अंकों की बनने वाली सभी संख्याएँ लिखने को कहें बिना किसी अंक को दोहराए। | कोई चार अंक ब्लैकबोर्ड पर लिख दें और उनसे छोटे समूहों में दो अंकों की बनने वाली सभी संख्याएँ लिखने को कहें। अंकों को दोहरा भी सकते हैं। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 15 मिनट | जोड़ व घटाव के कम से कम शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें, जैसे – एक बस में 25 यात्री बैठे थे। दूसरे स्टॉप पर 16 यात्री और चढ़ गए। बताएँ, बस में अब कितने यात्री हो गए? | जोड़ व घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। उसके उपरांत जोड़ के एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ, जैसे– माला के पास 66 सेब हैं। परी ने उसे 25 सेब और दे दिये। बताएँ, माला के पास अब कितने सेब हैं? | छोटे समूहों में जोड़ के 3 सवालों की पर्चियाँ दें और मूर्त वस्तुओं के माध्यम से हल करने को कहें। | जोड़ व घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। उसके बाद घटाव के एक सवाल को मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करके दिखाएँ। जैसे – रेहाना के पास 75 आम है। वह 28 आम सबाना को दे दी। बताएँ, रेहाना के पास अब कितने आम हैं? | छोटे समूहों में घटाव के 3 सवालों की पर्चियाँ दें और मूर्त वस्तुओं के माध्यम से हल करने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | छोटे समूहों में पेंसिल व कॉपी की सहायता से सभी को अपनी – अपनी कॉपी में अलग–अलग तरह की चौकोर आकृतियाँ बनाने को कहें। इसके बाद एक–दूसरे की कॉपी जाँच करने और बताने को कहें। | कक्षा में गोल आकार की दिखने वाली आकृतियों की पहचान कराएँ व वस्तुओं का नाम बताएँ बच्चों से भी बताने को कहें। | कक्षा में आयताकार दिखने वाली आकृतियों की पहचान कराएँ व वस्तुओं का नाम बताएँ बच्चों से भी बताने को कहें। | कक्षा में वर्गाकार दिखने वाली आकृतियों की पहचान कराएँ व वस्तुओं का नाम बताएँ बच्चों से भी बताने को कहें। | ब्लैकबोर्ड पर आयत और वर्ग की आकृति बनाएँ और उनमें अंतर पूछें। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ तीसरे सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे संख्याओं और संक्रियाओं की अवधारणाओं पर बातचीत कर पाएँगे।

**सप्ताह–3**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 20 मिनट | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक दुकान में 62 पेन्सिलें हैं। उसमें से 37 पेन्सिलें बिक गईं तो बताएँ, अब दुकान में कितनी पेन्सिलें बचेंगी? | बच्चों से खेल–कूद विषय पर बातचीत करें और किसी एक खेल को लेकर चर्चा करें कि उसमें गणित कैसे प्रयोग में आता है? जैसे–साँप–सीढ़ी खेल में गणित किस प्रकार से होता हुआ दिखता है? | बच्चों से 2 अंकीय संख्याओं के स्थानीय मान व उसके मानक नाम पर चर्चा करें। जैसे– 25 में दो किस स्थान पर है? उसका मान क्या होगा? अलग–अलग संख्या लेकर अभ्यास कराएँ। | बच्चों के साथ बड़े समूह में पहले और बाद की संख्याओं पर चर्चा करें, जैसे– 35 के 5 पहले और 8 बाद वाली संख्या कौन–सी होगी? इस प्रकार अलग–अलग संख्या लेकर चर्चा करें। | बच्चों से मौखिक रूप से जोड़ की संक्रिया पर बातचीत करें, जैसे– कौन–कौन सी संख्याओं को मिलाएँ कि 75 आ जाए? बच्चों से यह ज़रूर पूछें,आपने कैसे पता किया? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | 1 से 100 तक की संख्याओं में बड़ी और छोटी संख्याओं की छोटे समूहों में प्रतियोगिता कराएँ। | 1 से 100 तक की संख्याओं में से कोई दो संख्याएँ ब्लैकबोर्ड पर लिखें और उनके बीच में बड़ा, छोटा और बराबर का चिन्ह लगाने को कहें। | 1 से 100 तक की संख्याओं में आरोही और अवरोही क्रम का छोटे समूहों में प्रतियोगिता कराएँ। | बच्चों के साथ **रोते–रोते** हँसते–हँसते खेल आओ खेलें पुस्तिका से कराएँ। | 1 से 100 तक की संख्याओं में से बारी–बारी 4–5 संख्याएँ ब्लैकबोर्ड पर लिखें और बड़ा या छोटा का चिन्ह लगाकर आरोही और अवरोही क्रम में लिखने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 15 मिनट | छोटे समूहों में जोड़ व घटाव के 3 शाब्दिक सवालों की पर्चियाँ दें और मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करने को कहें। | छोटे समूहों में जोड़ व घटाव के 3 शाब्दिक सवालों की पर्चियाँ दें और मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करने को कहें। | छोटे समूहों में जोड़ व घटाव के 3 शाब्दिक सवालों की पर्चियाँ दें और मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करने को कहें। | छोटे समूहों में जोड़ व घटाव के 3 शाब्दिक सवालों की पर्चियाँ दें और मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करने को कहें। | छोटे समूहों में जोड़ व घटाव के 3 शाब्दिक सवालों की पर्चियाँ दें और मूर्त वस्तुओं की सहायता से हल करने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | ब्लैकबोर्ड पर त्रिभुज और चतुर्भुज की आकृति बनाएँ और उनमें अंतर पूछें। | ब्लैकबोर्ड पर एक त्रिकोण आकृति बनाएँ और बच्चों से उसकी भुजाओं व कोनों के बारे में पूछें। जैसे– इसमें कितने कोने हैं? कितनी भुजाएँ हैं आदि। त्रिकोण को त्रिभुज नाम से भी अवगत कराएँ। | छोटे समूहों में पेंसिल व कॉपी की सहायता से सभी को अपनी–अपनी कॉपी में ऐसी त्रिभुजाकार आकृतियाँ बनाने को कहें जिनकी एक भी भुजा बराबर नहीं हो, दो भुजाएँ बराबर हों, तीनों भुजाएँ बराबर हों। इनके नाम से भी अवगत कराएँ। | समकोण, न्यूनकोण, अधिककोण और सरल कोण के बारे में बातचीत करें और सभी को अपनी–अपनी कॉपी में बनाने को कहें। | समकोण, न्यूनकोण, अधिककोण और सरल कोण कहाँ–कहाँ दिखते हैं, उनके बारे में पूछें। जैसे– फर्श और दीवार के बीच समकोण बनता है। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ चौथे सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे संख्याओं और संक्रियाओं की अवधारणाओं पर बातचीत कर पाएँगे।

सप्ताह–4

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 20 मिनट | बच्चों से मेला विषय पर बातचीत करें कि मेला में कहाँ–कहाँ गणित होता हुआ दिखाई देता है? हर एक जवाब पर कैसे और क्यों वाले प्रश्न ज़रूर पूछें। | बच्चों के साथ बड़े समूह में मौखिक रूप से संख्याओं की तुलना करें, जैसे– 35 और 75 में कौन सी संख्या बड़ी व छोटी है? कितनी छोटी है? इस प्रकार अलग–अलग संख्याओं से चर्चा करें। बच्चों से यह ज़रूर पूछें कि आपने कैसे पता किया? | बच्चों से मौखिक रूप से जोड़ की संक्रिया पर बातचीत करें, जैसे–गीता ने 59 रुपये की नमकीन और 65 रुपये में बिस्कुट ख़रीदा। बताएँ, गीता ने कुल कितने रुपये ख़र्च किये ? बच्चों से तर्क ज़रूर करें। | बच्चों के साथ बड़े समूह में नोट की सहायता से बातचीत करें। जैसे – 100 की नोट और 50 की नोट में कौन – सी नोट बड़ी है? 10 की नोट में 1 –1 के कितने सिक्के मिलेंगे ? इस प्रकार चर्चा को अलग–अलग उदाहरण देकर आगे बढ़ाएँ। | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें, जैसे– नगमा के पास 66 सेब हैं। वह निशु को 23 सेब दे दी। बताएँ, नगमा के पास अब कितने सेब हैं? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 15 मिनट | 1 से 100 तक की संख्याओं में तुलना आधारित कुछ सवाल पूछें। जैसे – 56 और 38 में कौन बड़ा? | 1 से 100 तक की संख्याओं में पैटर्न आधारित कुछ सवाल पूछें। जैसे – 1,3,5,7 | 1 से 100 तक की संख्याओं में कुछ अंक देकर उनसे बनने वाली दो अंको की सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्या के बारे में पूछें। | छोटे समूहों में 1 से 100 तक की संख्याओं में संख्या आधारित सवाल पूछने की प्रतियोगिता कराएँ। | 1 से 100 तक की संख्याओं में संख्या आधारित क्विज़ करें। जैसे– एक अंक की सबसे छोटी संख्या क्या है? गिनती में दो अंको वाली कितनी संख्याएँ होती हैं? इत्यादि। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 15 मिनट | छोटे समूहों में चर्चा करके 3 अलग–अलग तरह के जोड़ के शाब्दिक सवाल लिखने को कहें। इसके बाद बताने को कहें कि वे एक–दूसरे से कैसे अलग हैं? | छोटे समूहों में चर्चा करके 3 अलग–अलग तरह के घटाव के शाब्दिक सवाल लिखने को कहें। इसके बाद बताने को कहें कि वे एक–दूसरे से कैसे अलग हैं? | छोटे समूहों में 1 से 100 तक की संख्याओं में जोड़ व घटाव आधारित शाब्दिक सवालों की प्रतियोगिता कराएँ। | छोटे समूहों में 1 से 100 तक की संख्याओं में जोड़ व घटाव आधारित शाब्दिक सवालों की प्रतियोगिता कराएँ। | 1 से 100 तक की संख्याओं में जोड़ व घटाव आधारित शाब्दिक सवालों का क्विज़ करें। | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | दो समूह बनाकर भुजा के आधार पर त्रिभुज के अलग–अलग प्रकार के बारे में बोलें और बच्चों को खड़े होकर उस तरह की आकृति बनाने को कहें। | कोण के आधार पर समकोण, न्यूनकोण और अधिककोण त्रिभुज बनाने को कहें। | दो समूह बनाकर कोण के आधार पर त्रिभुज के अलग–अलग प्रकार के बारे में बोलें और बच्चों को खड़े होकर उस तरह की आकृति बनाने को कहें। | ब्लैकबोर्ड पर एक चौकोर आकृति बनाएँ और बच्चों से उसकी भुजाओं व कोनों के बारे में पूछें। जैसे – इसमें कितने कोने हैं? कितनी भुजाएँ हैं आदि। चौकोर को चतुर्भुज नाम से भी अवगत कराएँ। | ब्लैकबोर्ड पर अलग–अलग तरह की चतुर्भुजाकार आकृतियाँ बनाएँ और उनके बारे में पूछें कि वे एक–दूसरे से कैसे अलग हैं। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ पाँचवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 999 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे।

**सप्ताह–5**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों को कुछ संख्याएँ बोलें और बच्चे उस संख्या को विस्तारित रूप में मौखिक रूप से बताएँ। जैसे– 95 का विस्तारित रूप = 90+5 | बच्चों के साथ बड़े समूह में कम और ज़्यादा पर चर्चा करें। जैसे– 50 और 35 में कौन ज़्यादा और कौन कम है? ऐसे अलग–अलग उदाहरण के साथ चर्चा को आगे बढ़ाएँ। | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक बाल्टी में 52 लीटर पानी भरा जा सकता है। अगर उस बाल्टी में 15 लीटर पानी पहले से भरा है तो बताएँ कि अभी उस बाल्टी में कितने लीटर पानी और भरा जा सकता है ? | बच्चों से 2 अंकीय संख्याओं के अंकों के स्थानीय मान व अंकित मान पर चर्चा करें और अलग–अलग संख्या लेकर मौखिक अभ्यास कराएँ। जैसे– 56 में 5 का स्थानीय मान क्या है? यदि इकाई के स्थान में 8 है और दहाई के स्थान में 7 है तो वह संख्या क्या होगी? | बच्चों से मौखिक रूप से जोड़ की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे – एक हलवाई की दुकान में 39 पीले लड्डू तथा 54 सफेद लड्डू हैं तो बताएँ कि दुकान में कुल कितने लड्डू हैं ? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 20 मिनट | एक चार्ट पेपर पर विस्तार सारणी बनाकर लाएँ और उसे कक्षा में लगा दें। इसके बाद बड़े समूह में विस्तार सारणी चार्ट की 2 लाइन पहले आप पढ़ें और फिर 3–4 बच्चों को पढ़ने का मौक़ा दें। इसके बाद सभी बच्चों को अपनी–अपनी कॉपी में विस्तार सारणी चार्ट बनाने को कहें। | कॉपी में बनाए हुए विस्तार सारणी चार्ट को छोटे समूहों में बारी–बारी अलग–अलग तरीक़े से पढ़ने को कहें। | कॉपी में बनाए हुए विस्तार सारणी चार्ट को छोटे समूहों में बारी–बारी अलग–अलग तरीक़े से पढ़ने को कहें। | बड़े समूह में ज़्यादा से ज़्यादा बच्चों को बुलाएँ और उन्हें विस्तार सारणी का अलग–अलग तरीके से वाचन करने को कहें। | बारी–बारी तीन–तीन बच्चों को बुलाएँ और विस्तार सारणी से 1,10 और 100 के कॉलम से मनपसंद संख्या चुनकर ब्लैकबोर्ड पर ऊपर–नीचे उन संख्याओं को लिखने और जोड़कर नई संख्या बनाने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 20 मिनट | गुणा व भाग के कम से कम 3 शाब्दिक सवाल मौखिक पूछें। जैसे – एक किलो आम 30 रुपये के मिलते हैं। यदि आपको 3 किलो आम लेना हो तो आप दुकानदार को कितने रुपये देंगे? | गुणा व भाग के कम से कम 3 शाब्दिक सवाल मौखिक पूछें। जैसे– घर के 8 लोगों ने मिलकर 72 सेब खाए। यदि सभी लोग समान संख्या में सेब खाए हों तो बताएँ कि हर एक लोग ने कितने सेब खाए? | आओ खेलें पुस्तिका से **सेंचुरी** बनाओ खेल बच्चों के साथ करवाएँ। | गुणा व भाग के कम से कम 3 शाब्दिक सवाल मौखिक पूछें। जैसे – अमित ने 45 रुपये प्रति किलो के हिसाब से 2 किलो चावल ख़रीदा। बताएँ, अमित ने कितने रुपये खर्च किए? | गुणा व भाग के कम से कम 3 शाब्दिक सवाल मौखिक पूछें। जैसे– गुरमीत ने 5 किलो आलू 80 रुपये में ख़रीदे। यदि गुरमीत को एक किलो आलू खरीदने होते तो उसे दुकानदार को कितने रुपये देने पड़ते? | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | स्थानों के बीच की दूरी का मापन। जैसे– बच्चे से पूछें कि इस कक्षा के दरवाजे से स्कूल गेट की दूरी लगभग कितने क़दम होगी? बच्चे अनुमान लगा कर बताएँ फिर कदमों से मापने के लिए कहें। | कक्षा में विभिन्न वस्तुओं के वज़न पर चर्चा करें। जैसे– कुर्सी और मेज में किसका वज़न ज़्यादा होगा? | विभिन्न वस्तुओं की लम्बाई का पहले अमानक इकाई (बित्ते, हाथ, अँगुली आदि) में अंदाज़ा लगवायें और फिर मापने को कहें। | विभिन्न वस्तुओं की क्षमता का पहले अमानक इकाई में अंदाज़ा लगवायें और फिर मापने को कहें। जैसे – एक खाली बाल्टी में कितने गिलास पानी भरा जा सकता है? | विभिन्न वस्तुओं की ऊँचाई का पहले अमानक इकाई में अंदाज़ा लगवायें और फिर मापने को कहें। जैसे – फर्श से खिड़की की ऊँचाई लगभग कितनी अंगुलियाँ होंगी? | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ छठे सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 999 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे।

सप्ताह–6

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से मौखिक रूप से गुणा व भाग की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक लीटर दूध का मूल्य 32 रुपये है। बताएँ, 4 लीटर दूध का मूल्य कितने रुपये होगा? | बच्चों से चर्चा करें कि बैंक के कौन–कौन से कार्यों में गणित होता हुआ दिखाई देता है? जैसे– पैसा निकालते समय, पर्ची भरते समय, पैसों के लेन–देन आदि में। बच्चों से कैसे के बारे में भी पूछें? | बच्चों से पूछें, सब्ज़ी बाज़ार में गणित किस प्रकार से होता हुआ दिखता है? | बच्चों को बड़े समूह में कुछ अंक दें और उन अंकों से मौखिक रूप से तीन अंकों वाली संख्याएँ बनाने को कहें। जैसे– अंक 1,2,7,5 से बनने वाली संख्याएँ = 127, 275, 572 आदि। | बच्चों से मौखिक रूप से गुणा व भाग की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे–एक किलो हरी मिर्च का मूल्य 60 रुपये है। बताएँ, 5 किलो हरी मिर्च कितने रुपये में मिलेगी ? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 20 मिनट | बच्चों को छोटे समूह में आपस में करेंसी नोटों से परिचित होने का अवसर दें। बच्चे एक–दूसरे से करेंसी नोटों के बारे में पूछें और बताएँ। | करेंसी नोटों के माध्यम से संख्या बनाने व फ्रेम में लिखने को कहें। जैसे– 587 को इकाई, दहाई और सैकड़ा के घर में लिखना। | छोटे समूहों में कुछ करेंसी नोट दें और एक दूसरे से कुछ रुपये लेने को कहें। जैसे–कोई बच्चे बोलें कि मुझे 527 रुपये दो। | कुछ अंक ब्लैकबोर्ड पर लिखें और उन अंकों से तीन अंकों वाली संख्याएँ बनाकर उन्हें शब्दों में भी लिखने को कहें। जैसे–3, 6, 2, 5 से बनने वाली संख्याएँ हैं 625 = छह सौ पच्चीस, 362 = तीन सौ बासठ आदि। | आओ खेलें पुस्तिका से **संख्या** चक्र खेल कराएँ। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 20 मिनट | आओ खेलें पुस्तिका से **आज का** दोस्त जोड़ खेल बच्चों के साथ करवाएँ। | गुणा व भाग के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– 64 सेबों को 8 बच्चों में बराबर–बराबर बाँटा गया। बताएँ, प्रत्येक बच्चे को कितने सेब मिले? | गुणा व भाग के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– एक किलो चावल 32 रुपये का है। बताएँ, ऐसे ही 3 किलो चावल कितने रुपये का होगा? | गुणा व भाग के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। जैसे– 2 किलोग्राम रुई का मूल्य 96 रुपये है। बताएँ, 1 किलोग्राम रुई का मूल्य क्या होगा? | गुणा व भाग के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। एक सवाल को हल करवाएँ। जैसे–एक कॉपी की क़ीमत 15 रुपये है तो ऐसी ही 8 कॉपियों की कीमत कितनी होगी? | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | अंदाज़ा लगाकर बताने को कहें कि बेंच की लम्बाई कितने बित्ते होंगे? इसके बाद मापने को भी कहें। | अंदाज़ा लगाकर बताने को कहें कि डस्टर की लम्बाई कितनी अंगुलियाँ होंगी? इसके बाद मापने को भी कहें। | बच्चों से अपने घर में लकड़ी से बने सामानों की लिस्ट बनवाएँ और उनकी माप अंदाज़े से अँगुली, बित्ता और हाथ में लिखने को कहें। घर जाकर उन्हें मापकर भी लिखने को कहें। | बच्चों से ऐसे सामानों के नाम बताने को कहें जो लुढ़क और फिसल सकती हों। जैसे– टमाटर, आलू,बोतल लुढ़क सकते हैं। बर्फ, चप्पल फिसल सकती हैं। | कमरे की चौड़ाई का अंदाज़ा हाथ में बताने को कहें। इसके बाद मापने को भी कहें। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ सातवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 999 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे।

**सप्ताह–7**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे–एक पेटी में 46 अनार थे। उसमें से 24 अनार निकाल लिए तो बताएँ कि पेटी में कितने अनार बचे? | बच्चों से चर्चा करें कि अस्पताल में गणित किस प्रकार से होता हुआ दिखाई देता है? जैसे– दवाइयाँ ख़रीदने में, डॉक्टर की फीस देने में। बच्चों से कैसे के बारे में भी पूछें? | बच्चों से मौखिक रूप से गुणा की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे–एक ड्रेस का मूल्य 25 रुपये है तो बताएँ कि ऐसी ही 3 ड्रेस का मूल्य क्या होगा ? | किसी बच्चे को खड़ा करें और उनसे उनकी और उनके पिता की उम्र पूछें। सभी बच्चों से उनकी उम्र का अंतर बताने को कहें। अंतर निकालने के अलग – अलग तरीके के बारे में भी पूछें। | बच्चों से मौखिक रूप से भाग की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे–4 समान क्यारियों में 80 पौधे लगे हैं। बताएँ, प्रत्येक क्यारी में कितने पौधे लगे हैं? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 20 मिनट | तीन अंकों वाली संख्याओं के स्थानीय मान और अंकित मान पूछें। जैसे – 326 में 3 का स्थानीय मान 300 और अंकित मान 3 है। | छोटे समूहों में तीन अंकों वाली संख्याओं का विस्तारित रूप और संक्षिप्त रूप लिखने को कहें। जैसे– समूह का प्रत्येक बच्चा बारी–बारी एक–एक संख्या बोले और सभी उसका विस्तारित रूप (428 = 400 + 20 + 8) और संक्षिप्त रूप लिखें। | छोटे समूह में प्रत्येक बच्चे को बारी–बारी तीन अंकों वाली चार–चार संख्याएँ बोलने और लिखने को कहें। इसके बाद उसे बढ़ते क्रम (आरोही क्रम) में लिखने को कहें। | छोटे समूह में प्रत्येक बच्चे को बारी–बारी तीन अंकों वाली चार–चार संख्याएँ बोलने और लिखने को कहें। इसके बाद उसे घटते क्रम (अवरोही क्रम) में लिखने को कहें। | छोटे समूहों को एक–दूसरे से तीन अंकों वाली दो संख्याओं के बारे में पूछने को कहें, कौन बड़ा और कौन छोटा? जैसे – 345 और 395 में कौन बड़ा और कौन छोटा? | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 20 मिनट | गुणा के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। एक सवाल को हल करके दिखायें। जैसे– एक बोरी भूसा 25 रुपये का है। बताएँ, 4 बोरी भूसा कितने रुपये में मिलेगा? | गुणा के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। एक सवाल को हल करके दिखायेँ। जैसे– एक कप का मूल्य 20 रुपये है। यदि वैसे ही 4 कप लेने हों तो कितने रुपये देने पड़ेंगे? | भाग के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। एक सवाल को हल करके दिखायें। जैसे– 75 आम को 3 बच्चों में बराबर–बराबर बाँटने पर प्रत्येक बच्चे को कितने आम मिलेंगे? | भाग के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें। एक सवाल को हल करके दिखाएँ। जैसे– आलिया अपने गाँव से 84 अमरूद लाई। वह इन अमरूदों को 6 सहेलियों में बराबर बाँटना चाहती है। बताएँ, प्रत्येक सहेली को कितने अमरूद मिलेंगे? | आओ खेलें पुस्तिका से **तीसरा** कौन खेल कराएँ। | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | अंदाज़ा लगाने को कहें, साइकिल के एक पहिये में लगभग कितनी तीलियाँ होती हैं? गिनकर भी बताने को कहें। | बच्चों को माचिस की तीली की मदद से वर्ग व आयत का चित्र बनाने को कहें और इसे बच्चे अपनी कॉपी में भी बनाएँ। | छोटे समूहों को अलग–अलग आकृतियों की मदद से कोई चित्र बनाने और सबको दिखाने के लिए कहें। | अंदाज़ा लगाने को कहें, एक जग कितने कप से भर जाएगा। किसी बच्चे को इसे करके भी दिखाने को कहें। | बच्चों के साथ बड़े समूह में दैनिक जीवन में समय प्रबंधन पर बात करें। जैसे– सुबह उठने का समय, स्कूल जाने का समय, स्कूल में लंच का समय, रात में सोने का समय आदि विषयों पर चर्चा करें। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ आठवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 999 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे।

सप्ताह–8

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बड़े समूह में पूछें, दर्जी की दुकान में गणित का उपयोग किस प्रकार से होता है ? जैसे– कपड़े की माप लेते समय, कपड़ा सिलते समय, कपड़ा काटते समय आदि। कैसे के बारे में ज़रूर पूछें। | बड़े समूह में पूछें, आप लोग संख्या लिखा हुआ कहाँ–कहाँ देखते हैं और कौन–कौन सी संख्या? रुपये वाली संख्या के लिए पूछें, इसके लिए कौन–से नोट कितने लेने होंगे? | बड़े समूह में पूछें, तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या और सबसे छोटी संख्या कौन–सी होगी? कारण भी पूछें। जैसे – 999 ही सबसे बड़ी क्यों है? | बड़े समूह में पूछें, यदि आपको 900 रुपये दिए जाएँ तो आप क्या–क्या और कितने–कितने रुपये का ख़रीदेंगे ताकि आपके पास 250 रुपये बच भी जाएँ? | 100 से 999 तक की संख्याओं में स्थानीय मान, अंकित मान, विस्तारित रूप, संक्षिप्त रूप, बड़ा–छोटा आदि के बारे में पूछें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 20 मिनट | छोटे समूहों में बारी–बारी सभी बच्चे को एक–दूसरे से 100 से 999 तक की संख्याओं में ठीक पहले और ठीक बाद की संख्या पूछने के लिए कहें। | ब्लैकबोर्ड पर अंक 5, 8, 7, 4 लिखें और छोटे समूहों में सबको मिलकर इनसे बन सकने वाली तीन अंकों वाली ज़्यादा से ज़्यादा संख्याएँ लिखने को कहें। | छोटे समूहों में बारी–बारी सभी को तीन अंकों वाली कोई संख्या बोलने के लिए कहें। समूह के सभी बच्चों को उन संख्याओं को अंकों और शब्दों दोनों में लिखने को कहें। | छोटे समूहों में 100 से 999 तक की संख्याओं में अलग–अलग तरह के पैटर्न लिखने को कहें, जैसे – 111, 222, 333, 444, 555, ................ | छोटे समूहों में एक–दूसरे समूह से संख्या आधारित सवालों पर प्रतियोगिता करवाएँ। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 20 मिनट | आओ खेलें पुस्तिका से **मनचाही संख्या लो, नई संख्या बनाओ** खेल कराएँ। | छोटे समूहों में गुणा व भाग के 3 सवालों की पर्चियाँ दें और समूह में चर्चा करके उन्हें हल करने को कहें। | छोटे समूहों में गुणा व भाग के 3 सवालों की पर्चियाँ दें और समूह में चर्चा करके उन्हें हल करने को कहें। | छोटे समूहों में चर्चा करके तीन–तीन अलग–अलग तरह के गुणा व भाग के शाब्दिक सवाल लिखने को कहें। | छोटे समूहों में एक–दूसरे समूह से गुणा व भाग आधारित शाब्दिक सवालों पर प्रतियोगिता करवाएँ। | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | बच्चों को हथौड़ी, पेंसिल, घर, रस्सी आदि की लम्बाई, चौड़ाई और मोटाई को मापने के लिए अँगुली, क़दम, बित्ता आदि से पहले अंदाजा लगाने और फिर मापने को कहें। | आयताकार दिखने वाली आकृतियों या वस्तुओं के नाम पूछें। जैसे– दरवाजा, खिड़की, ब्लैकबोर्ड आदि। | वर्गाकार दिखने वाली आकृतियों व वस्तुओं का नाम पूछें। जैसे– लूडो के पासे का प्रत्येक सतह, टायल्स आदि । | बच्चों से अपने द्वारा किए जानेवाले कार्य की सूची तैयार करने को कहें और किस कार्य को करने में लगभग कितना समय लगता है ये भी लिखने को कहें। | बच्चों से अपने घर में प्रयोग होने वाले फल का नाम और उसका दाम अनुमान से लिखने को कहें और उसके दाम के अनुसार कितने रुपये ख़र्च होंगे ये भी बताने को कहें। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ नौवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे अनुमान और मापन तथा आकृतियों के बारे में बता पाएँगे।

सप्ताह–9

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | पूछें, आपके मामा ने आपको 100 रुपये के 2 नोट और 50 रुपये के 3 नोट दिए तो अनुमान लगाकर तुरंत बताएँ कि आपको लगभग कितने रुपये मिले? | अनुमान लगाकर बताएँ कि आपके घर से बाज़ार कितना किलोमीटर है? बाज़ार जाने में कौन–कौन से साधन का उपयोग करते हैं और उसमें लगभग कितना समय लगता है? | अनुमान लगाकर तुरंत बताने को कहें कि 1 से 100 तक की गिनती में कितनी बार 1 आता है? बाद में गिनती चार्ट में गिनने को भी कहें। | अनुमान लगाकर बताने को कहें, 15 अगस्त के लगभग कितने दिन बाद 26 जनवरी आता है? | ऐसी वस्तुओं का नाम अंदाज़े से बताने को कहें जिनका वज़न 5 किलोग्राम से ज़्यादा हो, लेकिन 10 किलोग्राम से कम हो। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | अनुमान लगाकर तुरंत बताने के लिए कहें। 640–320= ? 550–250= ? 390–225= ? | संख्या आधारित अनुमान के प्रश्न पूछें। जैसे – एक ड्रम में लगभग कितने लीटर तेल आएगा? | पूछें, यदि आपके पास 100 रुपये के 2 नोट और 10 रुपये के 5 नोट हों तो आप उससे लगभग कितने लीटर दूध ख़रीद सकते हैं? | स्केल या इंच टेप में दिखाकर बताएँ कि 1 सेंटीमीटर कितना बड़ा होता है। इसके बाद अलग–अलग वस्तुओं की लम्बाई, चौड़ाई और मोटाई सेंटीमीटर में मापने को कहें। | आज बताएँ कि 1 मीटर में 100 सेंटीमीटर होता है। इसके बाद कुछ सवाल पूछें, जैसे – 6 मीटर में कितने सेंटीमीटर? 9 मीटर में कितने सेंटीमीटर? इत्यादि। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 20 मिनट | रजनीश के पास 43 रुपये हैं। मीरा ने उसे 49 रुपये और दे दिए। बताएँ, अब रजनीश के पास कितने रुपये हो गए ? | एक पेटी में 93 आम थे। उसमें से 84 आम बेच दिए गए। बताएँ, पेटी में अब कितने आम हैं ? | आओं खेलें पुस्तिका से **वर्ग** पहेली गुणा का खेल कराएँ। | एक साबुन की क़ीमत 25 रुपये हैं। बताएँ, ऐसे हीं 3 साबुन की क़ीमत कितनी होंगी? | यदि 3 कैरेट में 90 अंडे रखे हुए हैं तो बताएँ कि एक कैरेट में कितने अंडे होंगे? | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 20 मिनट | पहले ब्लैकबोर्ड की लम्बाई अंदाज़े से सेंटीमीटर में बताने को कहें और उसके बाद स्केल या इंच टेप से मापने को भी कहें। | छोटे समूहों में सभी को अपना स्केल बनाने को कहें। | आओ खेलें पुस्तिका से **आकार** बनाओ खेल कराएँ। | प्रत्येक छोटे समूह में चार्ट पेपर देकर बच्चों को अलग–अलग आकार की आकृतियाँ बनाने के लिए कहें। बनी हुई आकृतियों से अलग–अलग पैटर्न बनाने को कहें। | बच्चों से पूछें कि आपके गाँव से आपके मामा के गाँव की दूरी लगभग कितनी होगी? बच्चे अनुमान लगा कर बताएँ। उन्हें वास्तविक इकाई भी बताएँ कि ज़्यादा दूरी को किलोमीटर में तथा कम दूरी को सेंटीमीटर में मापा जाता है। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ दसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे अनुमान और मापन तथा आकृतियों के बारे में बता पाएँगे।

**सप्ताह–10**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | पूछें, मैं 2 अंकों की संख्या हूँ, मैं 20 से कम हूँ, लेकिन 14 से अधिक हूँ । मैं 10 और 20 के बराबर दूरी पर आती हूँ। बताएँ, मै कौन हूँ? | 500 ग्राम में कितना मिलाने पर 950 ग्राम हो जाएगा? इसी तरह संख्या बदल–बदल कर मान बताने के लिए कहें। | ऐसी कौन–कौन सी वस्तुएँ हैं? जो मीटर में मापी जाती है। | पूछें आपके घर खाना बनने में लगभग कितना समय लगता है? क्या दिन और रात का खाना बनाने में बराबर समय लगता है? समय को लेकर बातचीत को आगे बढ़ाएँ। | ऐसी कौन–कौन सी वस्तुएँ हैं? जो किलोग्राम में मापी जाती है। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | आओ खेलें पुस्तिका से **गर्म या** ठंडा खेल कराएँ। उक्त गतिविधि तीन अंकों की संख्याओं के साथ कराएँ । | बच्चों से संख्याओं पर अनुमान लगाकर बताने के लिए कहें। जैसे – 260 रुपये में कितने रुपये मिलाने पर 620 रुपये हो जाएँगे? ऐसे ही सवाल अलग–अलग रुपयों के मान के साथ करें। | दिए गए माप को बढ़ते घटते क्रम में लगाने को कहें। 450 सेंटीमीटर, 840 सेंटीमीटर, 630 सेंटीमीटर, 765 सेंटीमीटर, 480 सेंटीमीटर | घर से बाज़ार की दूरी का अंदाज़ा किलोमीटर, मीटर और सेंटीमीटर में लगाने को कहें। | ऐसी वस्तुओं के नाम बताने को कहें जिनका वज़न 500 ग्राम से ज़्यादा लेकिन 999 ग्राम से कम है। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 20 मिनट | मगन के पास छगन से 35 भेड़ें कम हैं। यदि मगन के पास 59 भेड़ें हैं तो बताएँ कि छगन के पास कितनी भेड़ें हैं ? | रंजीता की दुकान में 70 मीटर सूती कपड़े थे। उसने 38 मीटर सूती कपड़े बेच दिए। बताएँ, अब रंजीता की दुकान में कितने मीटर कपड़े हैं? | एक वर्गाकार खेत के सभी किनारों पर गुलाब के पौधे लगाए गए हैं। हर किनारे पर 18 गुलाब के पौधे लगे हैं। बताएँ, वहाँ कितने गुलाब के पौधे लगाए गए हैं? | आओं खेलें पुस्तिका से **तीसरा** कौन का खेल कराएँ। | 2 किलोग्राम प्याज़ की क़ीमत 60 रुपये है। तो बताएँ, एक किलोग्राम प्याज की कीमत कितने रुपये होगी? | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 20 मिनट | पूछें, 5 मीटर 50 सेंटीमीटर मतलब कितने सेंटीमीटर? ऐसे और सवाल पूछें। | पूछें, 7 किलोग्राम 200 ग्राम मतलब कितने ग्राम? ऐसे और सवाल पूछें। | आओ खेलें पुस्तिका से **आओ** बाजार लगाएँ खेल कराएँ। | बच्चों के साथ खुली आकृति की परिभाषा पर बात करें। जैसे– बच्चों को बताएँ, कि जो आकृति एक बिंदु से शुरु होकर किसी दूसरे बिंदु पर खत्म होती है।, उसे खुली आकृति कहते हैं। बच्चों से ऐसी आकृतियाँ बनाने को कहें। | छोटे समूहों में पहले व्यक्तिगत रूप से करने और फिर एक–दूसरे को दिखाने के लिए कहें। जैसे– आप प्रतिदिन कौन–सा काम कितने बजे करते हैं, उन्हें लिखें एवं उन सभी कामों को घड़ी बनाकर दर्शाएँ। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ ग्यारहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे अनुमान और मापन तथा आकृतियों के बारे में बता पाएँगे।

सप्ताह–11

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | पूछें, मम्मी या पापा को नाश्ता बनाने, दिन का खाना बनाने और रात का खाना बनाने में लगभग कितना समय लगता है? यहाँ कम और ज़्यादा की भी बात करें। | पूछें, डाकघर में गणित किस प्रकार से होता हुआ दिखाई देता है और कैसे? जैसे– पार्सल की गिनती में, रुपये जमा करने में, टिकट पर लिखी संख्या में आदि। कैसे के लिए विस्तार से बताने को कहें। | पूछें, आपके पास 1,2,5,10 के बहुत सारे सिक्के हैं। आपको दुकानदार को 15 रुपये देना है। आप कौन–कौन सिक्के देंगे। अलग–अलग तरीक़े के बारे में बातचीत करें। | कक्षा में मौजूद वस्तुओं की लम्बाई का पहले अंदाज़ा लगाने को कहें और उसके बाद मापने को भी कहें। | कक्षा में मौजूद वस्तुओं के वज़न का पहले अंदाज़ा लगाने को कहें और उसके बाद मापने को भी कहें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | अंदाज़ा लगाकर बताने को कहें, आपके स्कूल में लगभग कितने बच्चे होंगे? अंदाज़ा कैसे लगाया उसके बारे में ज़रूर पूछें। | तीन अंकों वाली संख्याओं को अनुमान से जोड़कर जल्दी से बताने को कहें, जैसे– 363+275 लगभग कितना होगा? | चार अंकों वाली संख्याओं को अनुमान से जोड़कर जल्दी से बताने को कहें, जैसे– 8363+6275 लगभग कितना होगा? | तीन अंकों वाली संख्याओं को अनुमान से घटाकर जल्दी से बताने को कहें, जैसे– 836–473 लगभग कितना होगा? | चार अंकों वाली संख्याओं को अनुमान से घटाकर जल्दी से बताने को कहें, जैसे– 6279–3445 लगभग कितना होगा? | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 20 मिनट | अतुल ने 56 रुपये का बैट और कुलदीप ने 39 रुपये की गेंद ख़रीदी। बताएँ, दोनों ने मिलकर कितने रुपये खर्च किए? | एक विद्यार्थी को 90 अंक में से 76 अंक मिले। बताएँ, उसे कितने अंक कम मिले ? तर्क और अलग–अलग तरीक़े पर ज़रूर बात करें। | आओं खेलें पुस्तिका से **आज का** दोस्त जोड़ खेल कराएँ। | एक कॉपी की क़ीमत 25 रुपये है। बताएँ, ऐसी ही 4 कॉपियों की क़ीमत कितनी होगी ? तर्क और अलग–अलग तरीक़े पर ज़रूर बात करें। | 3 किलोग्राम आलू की क़ीमत 90 रुपये है। बताएँ, एक किलोग्राम आलू की क़ीमत कितनी होगी ? तर्क और अलग–अलग तरीक़े पर ज़रूर बात करें। | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 20 मिनट | रुपये को पैसे में और पैसे को रुपये में बदलने पर बातचीत करें। जैसे– 4 रुपये = 400 पैसे, 300 पैसे = 3 रुपये। | मीटर को सेंटीमीटर में और सेंटीमीटर को मीटर में बदलने पर बातचीत करें। जैसे – 7 मीटर = 700 सेंटीमीटर और 600 सेंटीमीटर = 6 मीटर। | किलोग्राम को ग्राम में और ग्राम को किलोग्राम में बदलने पर बातचीत करें। जैसे – 5 किलोग्राम = 5,000 ग्राम और 9,000 ग्राम = 9 किलोग्राम। | लीटर को मिलीलीटर में और मिलीलीटर को लीटर में बदलने पर बातचीत करें। जैसे– 8 लीटर = 8,000 मिलीलीटर तथा 5,000 मिलीलीटर = 5 लीटर। | छोटे समूहों में एक – दूसरे समूह से इकाइयों के बदलने पर आधारित प्रतियोगिता करवाएँ। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ बारहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे अनुमान और मापन तथा आकृतियों के बारे में बता पाएँगे।

सप्ताह–12

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | दर्जी के पास किस प्रकार से गणित होता हुआ दिखाई देता है? जैसे– कपड़ा सिलते समय और काटते समय आदि। | दूध बेचने वाले के पास किस प्रकार से गणित होता हुआ दिखाई देता है? जैसे– दूध बेचते समय और दूध मापते समय आदि। | आओ खेलें पुस्तिका से **अंकों से** संख्या बनाओ का खेल कराएँ। | एक जगह से दूसरे जगह यात्रा करने में गणित किस प्रकार से होता हुआ दिखाई देता है? जैसे– दोनो जगहों की दूरी, टिकट खरीदना आदि। | आपको स्कूल आने में एक महीना में लगभग कितने घंटे या मिनट लगते होंगे? तर्क ज़रूर पूछें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | ठीक पहले एवं ठीक बाद की संख्या इकाई के साथ लिखने को कहें।<br>540 किलोमीटर<br>672 किलोमीटर<br>979 किलोमीटर<br>845 किलोमीटर | 8 मीटर को कितने अलग–अलग तरीक़ों से सेंटीमीटर में लिखा जा सकता है?<br>जैसे– 300 सेंटीमीटर + 500 सेंटीमीटर | एक टंकी में 500 लीटर पानी भरने के लिए 25 लीटर के डब्बे से लगभग कितने डब्बे पानी डालने की ज़रूरत होगी? | आओ खेलें पुस्तिका से **कैलेंडर** से दोस्ती का खेल कराएँ। | पूछें, आपको 150 किलोमीटर जाने में इन साधनों से अनुमानित कितने समय लगेंगे?<br>रेलगाड़ी, बस, घोड़ागाड़ी, ऑटो, पैदल, मोटर साइकिल, कार इत्यादि से। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 20 मिनट | सानिया ने बस से 46 किलोमीटर तथा रेलगाड़ी से 48 किलोमीटर की यात्रा की। बताएँ, उसने कितने किलोमीटर की यात्रा की? | सचिन की दुकान में 78 बैग और नायर की दुकान में 49 बैग हैं। बताएँ, सचिन के पास नायर से कितने बैग अधिक हैं ? | आओ खेलें पुस्तिका से तोड़ो–जोड़ो का खेल कराएँ। | इरफान की आयु दीपक की आयु से 4 गुनी है। यदि दीपक की आयु 16 वर्ष है तो बताएँ कि इरफान की आयु कितनी है? | 8 नींबू की क़ीमत 56 रुपये हैं। बताएँ, एक नींबू की क़ीमत कितनी होगी? | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 20 मिनट | बच्चों से छोटे समूह में ऐसे सामान की सूची बनाने को कहें जिनको मिलाकर 100 किलो से ज्यादा वज़न हो जाए। सभी समूह एक–दूसरे को अपनी सूची दिखाएँ। | छोटे समूहों में एक–दूसरे समूह से मापन एवं अनुमान पर आधारित सवालों को पूछने की प्रतियोगिता करवाएँ। | बच्चों से घड़ी के प्रयोग के बारे में चर्चा करें। उनसे यह भी पूछें कि घड़ी के तीनों सुईयों में क्या–क्या अंतर दिखता है? | छोटे समूहों में एक–दूसरे समूह से मापन एवं अनुमान पर आधारित सवालों को पूछने की प्रतियोगिता करवाएँ।<br>बच्चे एक दूसरे ग्रुप से सवाल करेंगे। | आप मापन एवं अनुमान के विभिन्न सवालों का एक क्विज़ करें। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ तेरहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 999 तक की संख्याओं में हासिल वाले जोड़ के शाब्दिक सवाल हल कर पाएँगे।

**सप्ताह–13**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | मौखिक जोड़ की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक गुलदस्ते में लाल रंग के 23 फूल हैं और पीले रंग के 38 फूल हैं। बताएँ, गुलदस्ते में कितने फूल हैं? | मौखिक जोड़ की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे–मीना के पास 45 जामुन थे। उसने 28 जामुन सलमा से ले लिए दिए। बताएँ, अब मीना के पास कितने जामुन हैं? | आओ खेलें पुस्तिका से **झटपट** जोड़ का खेल बच्चों के साथ कराएँ। | बच्चों से 2,3, और 4 से तीन अंकों की बनने वाली संख्या बनाने को कहें और उन्हें आपस में जोड़ने एवं घटाने को कहें। बच्चों से पूछें कि आपने कैसे किया, जैसे– 342, 234, 243, 423, 432,324<br>234 + 423= 657<br>432 – 342 = 90 | मौखिक रूप से आधा और चौथाई पर चर्चा करें। जैसे – 100 का आधा 50, 100 का चौथाई 25 , इस प्रकार अलग–अलग संख्याओं के साथ आधा और चौथाई की समझ विकसित करें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | बच्चों को तीन अंकीय संख्याएँ दें और उनके ठीक पहले, ठीक बाद व बीच की संख्या बताने को कहें। अलग–अलग संख्याओं के साथ यह गतिविधि कराएँ। | बच्चों को बड़े समूह में 2 अलग–अलग संख्या दें और उनमें जोड़ एवं घटाव चिन्ह लगाकर उत्तर बताने को कहें। जैसे– 150.....50 में बच्चे जोड़कर उत्तर 200 बताएँगे तथा घटाकर उत्तर 100 बताएँगे। इसी तरह अलग–अलग संख्या बदलकर करवाएँ। | संख्याओं पर आधारित सवाल पूछें। जैसे – तीन अंकों वाली कुल कितनी संख्याएँ होती हैं? 523 का इकाई और सैकड़ा अंक अगर आपस में अदला – बदली कर लें तो कौन–सी नई संख्या बनेगी? आदि। | छोटे समूहों में एक दूसरे समूह से संख्या आधारित सवालों पर प्रतियोगिता करवाएँ। | छोटे समूहों में तीन अंकों वाली संख्याओं का विस्तारित रूप अलग–अलग तरीके से लिखने को दें।<br>जैसे– 234 = 2 सैकड़ा + 3 दहाई + 4 इकाई।<br>234=200+30+4,<br>234=2X100+3X10+4X1 | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 30 मिनट | जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – एक दुकान में 145 गुलाब के फूल और 165 गेंदा के फूल हैं। बताएँ, उस दुकान में कितने फूल हैं? प्रतिदिन बच्चों को 4–5 सवाल लिखकर हल करने को दें। | जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – एक डिब्बे में 176 टॉफियाँ और दूसरे डिब्बे में 148 टॉफियाँ हैं। बताएँ, दोनों डिब्बे मिलाकर कितनी टॉफियाँ हैं ?<br>प्रतिदिन बच्चों को 4–5 सवाल लिखकर हल करने को दें। | आओं खेलें पुस्तिका से **मैं एक** मेरा रूप अनेक खेल कराएँ। | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – एक गुल्लक में 256 रुपये डालते ही 434 रुपये हो गए। बताएँ, गुल्लक में पहले से कितने रुपये थे? | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे– अहमद की दुकान में 563 नारियल थे। उसने उसमें से 387 नारियल बेच दिए। बताएँ, अब उनके पास कितने नारियल हैं? | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | छोटे समूहों में एक सूची तैयार करने को कहें कि वे एक दिन में अनुमानित कितना किलोमीटर चलते हैं। सूची बनाकर एक–दूसरे समूह को बताने के लिए कहें। | छोटे समूहों में बच्चों की लम्बाई सेंटीमीटर में मापकर उसकी सूची बनाने के लिए कहें। अब सभी समूह अपने–अपने सदस्यों की लम्बाई का कुल जोड़ बताएँ और देखें कि किस समूह की लम्बाई सबसे ज़्यादा हुई? | मानक इकाइयों का जोड़ अनुमान से बताने को कहें, जैसे – 3 किलोमीटर 75 मीटर और 5 किलोमीटर 97 मीटर का जोड़ लगभग कितने किलोमीटर होगा? | प्रतिदिन बच्चों को 4–5 सवाल लिखकर हल करने को दें। छोटे समूहों में अनुमान लगाने को कहें कि उनके घर में कपड़े धोने और खाना पकाने में लगभग कितना लीटर पानी लगता है? एक तालिका में लिखकर दिखाने को कहें। | प्रतिदिन बच्चों को 4–5 सवाल लिखकर हल करने को दें। बच्चों से कहें कि वे सभी अपने–अपने घर के सदस्यों के वज़न की सूची बनाएँ और किन्हीं दो सदस्यों के वज़न का जोड़ बताएँ। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ चौदहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 999 तक की संख्याओं में हासिल वाले जोड़ के शाब्दिक सवाल हल कर पाएँगे।

**सप्ताह–14**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से मौखिक जोड़ की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक दुकानदार ने 125 कॉपी हिन्दी और 135 कॉपी गणित की खरीदी बताएँ, दुकानदार ने कितनी कॉपियाँ खरीदीं? | बच्चों से 951 से 10 पीछे तक की गिनती बताने को कहें। जैसे– 950,949, 948 आदि। अलग–अलग संख्या के साथ यह गतिविधि करें। | आओ खेलें पुस्तिका से **अंकों से** संख्या बनाओ खेल बच्चों के साथ करवाएँ। | बच्चों से मौखिक रूप से जोड़ की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– मालती ने 259 टोपी और नाजिया ने 238 टोपी बेचने के लिए ख़रीदी। बताएँ, दोनों ने मिलकर कितनी टोपियाँ ख़रीदी? | बच्चों से मौखिक रूप से 500 से 700 के बीच की संख्याओं के बीच आधा और चौथाई पर चर्चा करें। जैसे – 600 का आधा 300, 640 का चौथाई 160। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | छोटे समूहों में एक–दूसरे से स्थानीय मान और अंकित मान पूछने के लिए कहे। जैसे– 624 में 6 का स्थानीय मान = 600 624 में 6 का अंकित मान = 6 | छोटे समूहों में एक–दूसरे से विस्तारित रूप और संक्षिप्त रूप पूछने के लिए कहे। जैसे– 325=300+20+5 | छोटे समूहों में तीन अंकों वाली संख्याओं में छोटी – बड़ी संख्याएँ पूछने की प्रतियोगिता करवाएँ। | आओ खेलें पुस्तिका से **हवा में** लिखो खेल तीन अंकीय संख्याओं के साथ कराएँ। | छोटे समूहों में तीन अंकों वाली संख्याओं में आरोही क्रम और अवरोही क्रम पूछने की प्रतियोगिता करवाएँ। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 30 मिनट | जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे– रचित के पास 236 गुब्बारे हैं।उसने 145 गुब्बारे और खरीदे। बताएँ, रचित के पास अब कितने गुब्बारे हो गए? बच्चों को 4–5 सवाल लिखकर हल करने को दें। | जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे– अदिति के पास 348 कंचे हैं। उसने 127 कंचे और जीत लिए। बताएँ, अदिति के पास अब कितने कंचे हो गए? बच्चों को 4–5 सवाल लिखकर हल करने को दें। | आओ खेलें पुस्तिका से उल्टी गिनती का खेल 800–600 संख्याओं के बीच कराएँ। | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – नैयर के पास 473 लीटर दूध हैं। उसने 376 लीटर दूध बेच दिया। बताएँ, अब उसके पास कितने लीटर दूध है? | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – एक गोदाम में 685 बोरी चावल है। उसमें से 268 बोरी चावल निकाल लिए गए। बताएँ, गोदाम में अब कितनी बोरियाँ चावल हैं? बच्चों को 4–5 सवाल लिखकर हल करने को दें। | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | एक दावत में 235 लीटर दूध का दही और 348 लीटर दूध की मिठाई बनाई गई। बताएँ, उस दावत में कितने लीटर दूध खपत किए गए? बच्चों से इस सवाल पर बातचीत करें एवं इसे समूह में हल करने के लिए कहें एवं अनुमान लगाने का आधार पूछें। | छोटे समूहों में करने को कहें कि वे अपने किताब और कॉपी की लम्बाई तथा चौड़ाई का जोड़ सेंटीमीटर में मापकर लिखें और एक दूसरे को दिखाएँ। | बच्चों को 2–2 के जोड़े में बाँटें और स्केल लेकर उन्हें सेंटीमीटर में कॉपी पर लंबी रेखा खींचने का अभ्यास कराएँ। जैसे– एक बच्चे ने कहा 4 सेंटीमीटर तो दूसरा बच्चा अपनी कॉपी में उसे स्केल की मदद से खींचकर दिखाएँ। अब दोनों लाइनों का जोड़ कितना हुआ लिखकर दिखाने के लिए कहें। | बच्चों को छोटे समूहों में करने के लिए कहे, घर के सदस्यों के द्वारा एक दिन में कितने लीटर पानी पिया जाता है? इसकी एक सूची बनाएँ एवं यह भी बताएँ कि एक दिन में सभी के द्वारा कितना लीटर पानी पिया जाता है? | बच्चों से अपने परिवार के सदस्यों की आयु की सूची बनाने को कहें। सबसे बड़े एवं सबसे छोटे सदस्यों की आयु का जोड़ भी लिखकर बताने के लिए कहें। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ पंद्रहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 999 तक की संख्याओं में हासिल वाले जोड़ के शाब्दिक सवाल हल कर पाएँगे।

**सप्ताह–15**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से मौखिक घटाव की संक्रियाओं पर बातचीत करें। जैसे– एक मोबाइल में 425 फोटो थे। उसमें से 175 फोटो डिलिट कर दिए गए? बताएँ, अब उस मोबाइल में कितनी फोटो हैं? | बच्चों से 600 से 10 पीछे तक की गिनती 2–2 के अंतर से बताने को कहें। जैसे– 598,596 ,594 आदि। अलग–अलग संख्या के साथ यह गतिविधि करें। | बच्चों से बातचीत करें कि बाज़ार में कौन–कौन सी वस्तुओं को ख़रीदने में 500 से अधिक रुपयों की जरूरत होती है। वस्तु तथा उनके अनुमानित क़ीमत भी बताने के लिए कहें। | बच्चों से मौखिक जोड़ की संक्रियाओं पर बातचीत करें। जैसे– जमील ने मेले में 137 किलो जलेबी और 125 किलो पेठा बेंचे। बताएँ, उसने कितने किलो मिठाई बेंची? | छोटे समूहों में जोड़ व घटाव की संक्रियाओं पर बातचीत करने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | बच्चों को 300 से 400 के बीच में से कोई भी दो संख्याओं के बीच की संख्या बताने एवं लिखने के लिए कहें। जैसे– 315 और 319 के बीच की संख्याएँ 316, 317, 318 | बच्चों से 500–300 तक की संख्याओं के बीच 5–5 के अंतराल से गिनती करने को कहें। इसमें सभी बच्चों को मौक़ा दें। | बच्चों को तीन अंकीय 5 अलग–अलग संख्या देकर उनका नाम शब्दों में लिखने को कहें। जैसे– 432 = चार सौ बत्तीस | आओ खेलें पुस्तिका से **मामा** जी का घर खेल तीन अंकीय संख्याओं के साथ करवाएँ। | छोटे समूहों में एक–दूसरे समूह से तीन अंकों वाली संख्याओं में पैटर्न के सवालों पर प्रतियोगिता करवाएँ। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 30 मिनट | जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – एक बगीचे में 327 आम के तथा 105 कटहल के पेड़ हैं। बताएँ, उस बगीचे में कितने पेड़ हैं ? प्रतिदिन बच्चों को 4–5 सवाल लिखकर हल करने को दें। | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – सोनाली 400 रुपये लेकर बाजार गई। उसने 249 रुपये की दाल खरीदी। बताएँ, अब सोनाली के पास कितने रुपये हैं? बच्चों को 4–5 सवाल लिखकर हल करने को दें। | 'आओं खेलें' पुस्तिका से **कैलेंडर** का मजा खेल कराएँ। | जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – अमर को 150 रुपये देने के बाद भी उनके पापा के पास 575 रुपये हैं। बताएँ, पहले से अमर के पापा के पास कितने रुपये थे? बच्चों को 4–5 सवाल लिखकर हल करने को दें। | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – पूनम के पास जफर से 467 रुपये अधिक हैं। यदि पूनम के पास 728 रुपये हैं तो बताएँ कि जफर के पास कितने रुपये हैं? बच्चों को 4–5 सवाल लिखकर हल करने को दें। | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | छोटे समूहों में बच्चों को करने के लिए कहें, उन्हें घर से विद्यालय आने में कितने मिनट लगते हैं? उसकी सूची बनाएँ एवं उनके पूरे समूह को कितने मिनट लगते हैं वह भी एक–दूसरे को बताने के लिए कहें। | छोटे समूहों में बच्चों को करने के लिए कहें, अपने–अपने घर से विद्यालय की अनुमानित दूरी मीटर में लिखें और पूरे समूह को मिलाकर कितना मीटर हुआ, वह भी लिखकर बताने के लिए कहें। | बच्चों को 2–2 के जोड़े में बाँटे और उन्हें अपने पास के किसी दुकान की वस्तुओं एवं उसकी क़ीमत की सूची बनाने को कहें। अब उस सूची में से किन्हीं 5 वस्तुओं की कुल क़ीमत लिखकर बताने के लिए कहें। | छोटे समूहों में बच्चों को करने के लिए कहें, किलोग्राम में मापी जाने वाली वस्तुओं की सूची बनाने को कहें। अब किन्हीं 4 वस्तुएँ एवं उनका कुल वज़न लिखकर बताने के लिए कहें। | छोटे समूहों में बच्चों को करने के लिए कहें, प्रत्येक समूह को अपने पसंदीदा सब्ज़ियों की क़ीमत का पता लगाने एवं उसका बिल बनाने के लिए कहें। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ सोलहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 999 तक की संख्याओं में हासिल वाले जोड़ के शाब्दिक सवाल हल कर पाएँगे।

सप्ताह–16

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से मौखिक रूप से जोड़ की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– ममता के पास 143 खिलौने हैं। उसके पापा ने उसे 157 खिलौने और दे दिए। बताएँ, अब उसके पास कितने खिलौने हो गए? | छोटे समूहों में जोड़ व घटाव की संक्रियाओं पर बातचीत करने को कहें। | बच्चों से मौखिक रूप से जोड़ की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक दुकानदार के पास 342 पतंगे हैं। 182 पतंगें और आ जाने के बाद दुकानदार के पास कितनी पतंगे हो जाएँगी ? | छोटे समूहों में जन्म दिन पर आधारित गणितीय बातचीत करने को कहें। | छोटे समूहों में मेला पर आधारित गणितीय बातचीत करने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | बच्चों से 455 से 20 पीछे तक की गिनती 2–2 के अंतर से बताने को कहें। जैसे– 453,451,449 आदि। अलग–अलग संख्या के साथ ये प्रक्रिया करें। | छोटे समूहों में संख्या आधारित सवालों पर प्रतियोगिता करवाएँ। | बच्चों से 300 से 400 तक की संख्याओं के बीच कोई 2 पैटर्न से गिनती लिखने को कहें। इसमें सभी बच्चों को लिखने और बताने को कहें। | आओ खेलें पुस्तिका से **सोचो तुम** बताऊँ मैं खेल तीन अंकीय संख्याओं के साथ करवाएँ। | छोटे समूहों में को 7,5,3 अंकों से ज़्यादा से ज़्यादा संख्या बनाने को कहें और उन्हें बढ़ते क्रम में लिखने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 30 मिनट | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – आराधना के पास 485 सेब हैं। कितने सेब और खरीदने से उसके पास 805 सेब हो जाएँगे? | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – राधा के पास 283 लड्डू और संजय के पास 387 लड्डू हैं। बताएँ, किसके पास ज्यादा लड्डू हैं और कितने ज्यादा हैं? | आओं खेलें पुस्तिका से झटपट जोड़ खेल कराएँ। | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – एक गाँव में 500 लोग हैं। उसमें से यदि पुरुष की संख्या 275 है तो बताएँ कि महिलाओं की संख्या कितनी हैं? प्रतिदिन बच्चों को 4–5 सवाल लिखकर हल करने को दें। | छोटे समूहों में जोड़ और घटाव के 3 शाब्दिक सवाल हल करने के लिए दें। जैसे– संख्या 755 में कितना मिला दिया जाए कि 940 हो जाए? | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | छोटे समूहों में मानक इकाइयों के जोड़ पर आधारित सवालों पर प्रतियोगिता करवाएँ। | बच्चे जिस कक्षा में बैठे हैं उस कक्षा की लम्बाई और चौड़ाई कितने मीटर हैं? उसे मापकर बताने के लिए कहें। इसी प्रकार दरवाजा, खिड़की को भी मापने के लिए कहें। | बच्चों को 2–2 के जोड़े में बाँटें और अपने पास के किसी बिजली की दुकान के किन्हीं पाँच सामानों की अनुमानित दर से मूल्य सूची बनाने को कहें। | बच्चों को छोट–छोटे समूहों में करने को कहें, अपनी पसंदीदा मिठाई एवं उसकी अनुमानित क़ीमत की सूची बनाने के लिए कहें। जैसे– 2 किलोग्राम के हिसाब से सभी मिठाइयाँ ख़रीदने पर कितने रुपये ख़र्च होंगे? इसका बिल बनाने के लिए कहें। | बच्चों को बोलें कि वे सभी अपने–अपने बैग में रखे सभी वस्तुओं की लम्बाई को सेंटीमीटर में मापकर लिखें और किन्हीं 4 वस्तुओं का कुल माप भी जोड़ कर बताने के लिए कहें। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ सत्रहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 999 तक की संख्याओं में हासिल वाले घटाव के शाब्दिक सवाल हल कर पाएँगे।

सप्ताह–17

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक कारखाने में 754 लोग काम करते हैं। उसमें से 265 महिलाएँ हैं। बताएँ, उस कारखाने में कितने पुरुष हैं? | छोटे समूहों में घर पर आधारित गणितीय बातचीत करने को कहें। | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक हॉल में 255 व्यक्तियों की बैठने की जगह है। यदि उस हॉल में 135 व्यक्ति बैठ गए हैं तो बताएँ कि अभी उस हॉल में कितने व्यक्ति और बैठ सकते हैं? | छोटे समूहों में स्कूल पर आधारित गणितीय बातचीत करने को कहें। | छोटे समूहों में एक दूसरे समूह से संक्रियाओं पर आधारित गणितीय बातचीत करवाएँ। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | सीढ़ी पद्धति से 2 का पहाड़ा बनाने को समझाएँ और उसके बाद 3 का पहाड़ा सभी को बनाने को कहें। घर से इन पहाड़ों को याद करके लाने को भी कहें। | बड़े और छोटे समूहों में 2 और 3 का पहाड़ा चार्ट वाचन कराएँ। | छोटे समूहों में 4 और 5 के पहाड़े बनाने को कहें । घर से इन पहाड़ों को याद करके लाने को भी कहें। | बड़े और छोटे समूहों में 4 और 5 का पहाड़ा चार्ट वाचन कराएँ। | बड़े और छोटे समूहों में 2 से 5 तक का पहाड़ा चार्ट वाचन कराएँ। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 30 मिनट | घटाव के 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल कराएँ। जैसे – पिंकी के पास 430 रुपये हैं। उसे 840 रुपये की एक कमीज़ ख़रीदनी है। बताएँ, पिंकी को और कितने रुपये की ज़रूरत होगी ? छोटे समूहों में 4–5 सवाल हल करने को दें। | गुणा के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत कर हल कराएँ। जैसे – एक ब्रेड के पैकट का मूल्य 23 रुपये है। ऐसी ही 5 ब्रेड के पैकट का मूल्य क्या होगा? छोटे समूहों में 4–5 सवाल हल करने को दें। | आओं खेलें पुस्तिका से **आज का** दोस्त जोड़ खेल कराएँ। | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – एक शादी में 760 लोग आए। उनमें से 435 लोग खाना खाकर चले गए। बताएँ, अभी कितने लोग खाना खाने के लिए बचे हुए हैं ? | भाग के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – 12 खरगोश की क़ीमत अगर 300 रुपये है तो एक खरगोश की क़ीमत क्या होगी ? छोटे समूहों में 4–5 सवाल लिखकर हल करने को दें। | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | बच्चों से पूछें, आप 200 रुपये लेकर बाज़ार गए। वहाँ आपने एक किताब 75 रुपये में ख़रीदी। अब आपके पास कितने रुपये बचे ? | बच्चों से पूछें, रेशमा ने अपनी दो जेबों में 20 रुपये और 45 रुपये रखे हैं। उसने 12 रुपये में आइसक्रीम और 20 रुपये में केले ख़रीदे। उसके पास कितने रुपये बचेंगे? | बच्चों को छोटे समूह में 10 ऐसी वस्तुओं के नाम लिखने को कहें। जिनका वज़न 10 किलोग्राम से ज़्यादा हो, लेकिन 20 किलोग्राम से कम हो । | पूछें और तर्क जानें, एक कंगारू 4 मीटर 50 सेंटीमीटर कूदता है और उसका बच्चा 2 मीटर 30 सेंटीमीटर कूदता है। माँ की तुलना में बच्चे का कूदना कितना कम है? | पूछें और तर्क जानें, रोहन के पिताजी बाज़ार से 34 किलोग्राम और 500 ग्राम चीनी ख़रीदकर लाए। उसमें से 23 किलोग्राम 750 ग्राम चीनी ख़र्च हो गए। अब घर में कितनी चीनी शेष रह गई ? | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ अठारहवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 999 तक की संख्याओं में हासिल वाले घटाव के शाब्दिक सवाल हल कर पाएँगे।

सप्ताह–18

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक पानी की टंकी में 750 लीटर पानी आता है। यदि उसमें 427 लीटर पानी है तो बताएँ कि उसमें और कितना पानी आएगा? | बच्चों से मौखिक रूप से गुणा की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे – यदि एक खिलौने का मूल्य 25 रुपये हों तो बताएँ कि ऐसे ही 3 खिलौने का मूल्य क्या होगा? | बच्चों के साथ बड़े ग्रुप में संख्या के आधा और चौथाई नंबर पर बातचीत करें। जैसे– 200 का आधा = 100 और चौथाई = 50 होगा। | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– 428 में कितना जोड़ें कि 867 हो जाए ? | गुणा से सम्बंधित क्रिकेट के खेल पर बातचीत करें। जैसे – 5 ओवर में कितने गेंद फ़ेंके जाते हैं? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | 2 से 5 तक के पहाड़े में हल्ला बोल पहाड़ा बोल का खेल कराएँ। | छोटे समूहों में एक–दूसरे समूह से 2 से 5 तक के पहाड़े के बारे में पूछने को कहें। जैसे – पाँच सत्ते कितना? | छोटे समूहों में 6 से 10 तक के पहाड़े बनाने को कहें। घर से इन पहाड़ों को याद करके लाने को भी कहें। | बड़े और छोटे समूहों में 6 से 10 तक का पहाड़ा चार्ट वाचन कराएँ। | बड़े और छोटे समूहों में 6 से 10 तक का पहाड़ा चार्ट वाचन कराएँ। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 30 मिनट | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – दो संख्याओं का योग 953 है। यदि पहली संख्या 328 है तो दूसरी संख्या क्या होगी ? | गुणा के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – दीपक की आयु राजीव से 4 गुनी है। यदि राजीव की आयु 19 वर्ष हो तो बताएँ कि राजीव की आयु कितनी होगी ? | गुणा के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – एक कलम की क़ीमत 20 रुपये है। बताएँ, ऐसी ही 5 कलम की क़ीमत क्या होगी ? | जोड़ के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – एक चारागाह में 489 बकरियाँ और 422 भेड़ें चर रही हैं। बताएँ, चारागाह में कुल कितने जानवर चर रहे हैं? | भाग के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – 5 किताबों का मूल्य 825 रुपये है तो बताएँ कि एक किताब का मूल्य क्या होगा? | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | एक बड़े बोरे में 50 किलोग्राम 250 ग्राम चावल है और छोटे बोरे में 25 किलोग्राम 300 ग्राम गेहूँ है। बताएँ, गेहूँ से चावल कितना अधिक है ? | मीना पानी की बोतल में 750 मिलीलीटर पानी लेकर स्कूल गई। स्कूल से वापस आने पर बोतल में 200 मिलीलीटर पानी था। बताएँ, मीना कितना पानी पी लिया? | हेमलता को किताब ख़रीदने के लिए 100 रुपये की ज़रूरत है। उसके पास अभी 40 रुपये 50 पैसे हैं। बताएँ, किताब ख़रीदने के लिए उसे कितने रुपये और चाहिए? | अमित ने 50 रुपये 75 पैसे की शक्कर ख़रीदी। उसने दुकान वाले को 200 रुपये दिए। दुकान वाले कितने रुपये और कितने पैसे वापस करेंगे? | मोहित ने 60 रुपये 80 पैसे का सामान ख़रीदा और दुकान वाले को 100 रुपये का नोट दिया। बताएँ, उसे कितने रुपये वापस मिलेंगे ? | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ उन्नीसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 999 तक की संख्याओं में हासिल वाले घटाव के शाब्दिक सवाल हल कर पाएँगे।

**सप्ताह–19**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से मौखिक रूप से घड़ी में समय पर बातचीत करें। जैसे– 5:30 बजे का मतलब है कि घंटे की सुई 5 और 6 के बीच में है। 9 बजे का मतलब मिनट की सुई 12 पर होगी। | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक बाग़ में आम के पेड़ों की संख्या जामुन के पेड़ों की संख्या से 346 कम है। यदि जामुन के पेड़ों की संख्या 943 हो तो बताएँ कि आम के पेड़ों की संख्या कितनी है? | बच्चों से पूछें कि राजू के मामा ने उसे 500 रुपये के 4 नोट दिए। क्या आप बता सकते हैं कि मामा ने उसे कुल कितने रुपये दिए ? अलग–अलग संख्या के साथ ये प्रक्रिया करें। | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– मोनू के पास दीपक से 453 रुपये कम है। यदि दीपक के पास 800 रुपये हैं तो मोनू के पास कितने रुपये हैं? | पूछें, खाना पकाने में किस तरह से गणित होता हुआ दिखता है? कैसे के बारे में भी पूछें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | बच्चों के साथ आओ खेलें पुस्तिका से लुका छिपी खेल 3 अंकों की संख्या के साथ करवाएँ। | 6 से 10 तक के पहाड़े में हल्ला बोल पहाड़ा बोल का खेल कराएँ। | छोटे समूहों में 11 से 15 तक के पहाड़े बनाने को कहें। घर से इन पहाड़ों को याद करके लाने को भी कहें। | बड़े और छोटे समूहों में 11 से 15 तक का पहाड़ा चार्ट वाचन कराएँ। | बड़े और छोटे समूहों में 11 से 15 तक का पहाड़ा चार्ट वाचन कराएँ। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 30 मिनट | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – राकेश के पास 764 रुपये थे। मेले में उसने 359 रुपये ख़र्च कर दिए। बताएँ, उसके पास अब कितने रुपये हैं? | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – अंशिका ने 928 रुपये की एक किताब ख़रीदी तो उसे 459 रुपये की छूट मिली। बताएँ, अंशिका को कितने रुपये देने पड़े? | आओ खेलें पुस्तिका से तोड़ो–जोड़ो का खेल तीन अंकीय संख्याओं के साथ करवाएँ। | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – किसी वस्तु को 646 रुपये में बेचकर दुकानदार को 147 रुपये फायदा होता है तो बताएँ कि दुकानदार ने उस वस्तु को कितने रुपये में ख़रीदा होगा ? | गुणा के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – एक किलो अंगूर 65 रुपये में मिलते हैं तो बताएँ कि 7 किलो अंगूर कितने रुपये में मिलेंगे? | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | एक दवाई की क़ीमत 140 रुपये 75 पैसे थी। अब उसकी क़ीमत 160 रुपये 25 पैसे हो गई। बताएँ, दवाई की क़ीमत कितनी बढ़ गई ? | एक दुकानदार ने 525 मीटर बिजली का तार ख़रीदा। उसने 275 मीटर 30 सेंटीमीटर तार बेच दिया। बताएँ, अब उसके पास कितने तार हैं? | दस वर्ष पूर्व एक छोटे से गाँव की जनसंख्या 456 थी। अब उस गाँव की जनसंख्या 785 हो गई है। बताएँ, आज से 20 वर्ष बाद उस गाँव की जनसंख्या लगभग कितनी हो सकती है? | एक बोतल का वज़न 2 किलोग्राम है। दूसरे बोतल का वज़न 1 किलोग्राम 25 ग्राम है। बताएँ, दूसरे बोतल का वज़न कितना कम है? | 20 लीटर तेल से 500 मिलीलीटर की क्षमता वाले कितने बोतल भरे जा सकते हैं? | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ बीसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 999 तक की संख्याओं में हासिल वाले घटाव के शाब्दिक सवाल हल कर पाएँगे।

**सप्ताह–20**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– राकेश के पास 464 किलोग्राम चावल थे। उसने उसमें से 339 किलोग्राम चावल बेच दिए बताएँ। उसके पास अब कितने किलोग्राम चावल हैं? | पूछें, झूला झूलने में किस प्रकार से गणित होता हुआ दिखता है? कैसे के बारे में भी पूछें । | दो अलग–अलग ऐसी संख्या बताएँ जिनको जोड़ने पर 980 आए। (सम्भावित उत्तर कई हो सकते हैं) | 515 में क्या जोड़ें कि वह तीन अंकों की बड़ी से बड़ी संख्या बन जाए? | बच्चों से मौखिक रूप से गुणा की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक मीटर कपड़े का मूल्य 95 रुपये है तो बताएँ कि ऐसे ही 6 मीटर कपड़े का मूल्य क्या होगा? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | 11 से 15 तक के पहाड़े में हल्ला बोल पहाड़ा बोल का खेल कराएँ। | छोटे समूहों में एक–दूसरे समूह से 11 से 15 तक के पहाड़े के बारे में पूछने को कहें। जैसे – 15 अठे कितना? | छोटे समूहों में 16 से 20 तक के पहाड़े बनाने को कहें। घर से इन पहाड़ों को याद करके लाने को भी कहें । | बड़े और छोटे समूहों में 16 से 20 तक का पहाड़ा चार्ट वाचन कराएँ। | बड़े और छोटे समूहों में 16 से 20 तक का पहाड़ा चार्ट वाचन कराएँ। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 30 मिनट | एक बल्ब की क़ीमत 370 रुपये है तो बताएँ कि ऐसे ही 8 बल्ब की क़ीमत कितने रुपये होंगे? | रीतू की दुकान में 863 पुस्तकें और जीतू की दुकान में 456 पुस्तकें हैं। बताएँ, रीतू के पास जीतू से कितनी पुस्तकें अधिक हैं? | आओं खेलें पुस्तिका से तीन अंकों वाली संख्याओं में तीसरा कौन खेल कराएँ। | एक जग की क़ीमत बाल्टी की क़ीमत से 153 रुपये कम है। यदि जग की क़ीमत 185 रुपये हैं तो बाल्टी की क़ीमत कितनी होगी? | सोनू के पास 360 टॉफियाँ हैं। 20 लोगों को देने में प्रत्येक व्यक्ति को कितनी टॉफियाँ देनी पड़ेंगी? | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | बच्चों से गेंद को हवा में उछालने पर वह कितने सेकण्ड में नीचे आएगी ये अंदाजा लगवाएँ और बाद में ऐसा करके देखने को बोलें कि आप 1 मिनट में कितनी बार गेंद को हवा में उछाल सकते हैं? | बच्चों से अपने घर के अलग –अलग वस्तुओं के नाम को उनके वज़न के अनुसार घटते –बढ़ते क्रम में व्यवस्थित करने को बोलें और पूरी कक्षा को सुनाने कहें। | स्कूल की कुछ वस्तुओं को स्केल से मापकर तालिका में लिखने को बोलें। सबसे लम्बी एवं सबसे छोटी वस्तु की माप का अंतर भी बताने को कहें। | बच्चों से अपनी पसंदीदा सब्ज़ियों/फलों की क़ीमत का अनुमान लगाकर उसका बिल बनाने को कहें। | छोटे समूहों में विभिन्न आकृतियाँ, जैसे– त्रिभुज, वर्ग, वृत्त आदि की कॉपी में बनाकर ढेर सारे पैटर्न बनाने को कहें। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ इक्कीसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 3 अंको वाली संख्याओं में 2 अंको वाली संख्याओं से गुणा एवं भाग के शाब्दिक सवालों को हल कर पाएँगे।

**सप्ताह–21**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से मौखिक रूप से गुणा की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– गोलू ने एक किताब 12 रुपये में ख़रीदी तो ऐसी ही 8 किताबें ख़रीदने के लिए गोलू को कितने रुपये देने पड़ेंगे? | बच्चों से मौखिक रूप से भाग की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– 70 आम 10 बच्चों में बराबर–बराबर बाँटना है। बताएँ, प्रत्येक बच्चे को कितने आम मिलेंगे? | आओ खेलें पुस्तिका से **गुणा** की वर्ग पहेली खेल बच्चों के साथ करवाएँ। | बच्चों से मौखिक रूप से गुणा की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक व्यक्ति एक दिन में 5 रुपये बचाता है। बताएँ, वह 30 दिन में कितने रुपए बचा लेगा? | बच्चों से मौखिक रूप से गुणा की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– यदि एक क्यारी में 6 पौधे लग सकते हों तो बताएँ कि ऐसी ही 5 क्यारियों में कितने पौधे लगेंगे? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | बच्चों को गोल घेरे में खड़े करके 1 से 100 तक की गिनती करवाएँ। 2, 4, 6, .....आदि पर बोलना नहीं है बल्कि ताली बजानी है। यदि ऐसा करने में कोई ग़लती करता है तो वहाँ से गिनती फिर से 1 से शुरू होगा। | बच्चों को गोल घेरे में खड़े करके 1 से 100 तक की गिनती करवाएँ। 2, 4, 6, .....आदि पर बोलना नहीं है बल्कि ताली बजानी है। यदि ऐसा करने में कोई ग़लती करता है तो वहाँ से गिनती फिर से 1 से शुरू होगा। | बच्चों को गोल घेरे में खड़े करके 1 से 100 तक की गिनती करवाएँ। 1, 3, 5, .....आदि पर बोलना नहीं है बल्कि ताली बजानी है। यदि ऐसा करने में कोई ग़लती करता है तो वहाँ से गिनती फिर से 1 से शुरू होगा। | बच्चों को गोल घेरे में खड़े करके 1 से 100 तक की गिनती करवाएँ। 1, 3, 5, .....आदि पर बोलना नहीं है बल्कि ताली बजानी है। यदि ऐसा करने में कोई ग़लती करता है तो वहाँ से गिनती फिर से 1 से शुरू होगा। | आज बताएँ कि 2, 4, 6, 8,.... आदि को सम संख्या और 1, 3, 5, 7, ..... आदि को विषम संख्या कहा जाता है। अब बच्चों से कुछ सम संख्या और कुछ विषम संख्या बोलने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 30 मिनट | एक बॉक्स में 11 घड़ियाँ हैं तो ऐसे ही 21 बॉक्स में कितनी घड़ियाँ होंगी ? | एक पर्स की क़ीमत 350 रुपये है तो ऐसे ही 2 पर्स की क़ीमत कितनी होगी? | 5 थाली की क़ीमत 50 रुपये है तो ऐसी ही एक थाली की क़ीमत क्या होगी? | यदि तीन साड़ियों की क़ीमत 999 रुपये है तो बताएँ कि ऐसी ही एक साड़ी की क़ीमत कितनी होगी ? | 144 सेबों को 12 लोगों में बराबर–बराबर बाँटा गया। बताएँ, हर एक को कितने सेब मिले? | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | बच्चों के साथ बड़े समूह में समय को लेकर स्थिति आधारित बातचीत करें। जैसे– फल गिरने में, बाल लंबे होने में, कपड़े सूखने में लगभग कितना समय लगता है? यहाँ मिनट, सेकंड और घंटे के बारे में भी पूछें। | छोटे समूहों में रोज़ाना और साल में एक बार होने वाले कार्यों की सूची बनाने को कहें। जैसे– जन्मदिन साल में एक बार होता है। स्कूल हमें हर दिन जाना होता है। अब साल, महीना, और दिन का एक–दूसरे में बदलने के बारे में बात करें। | पूछें, आपको अपने चचेरे भाई के घर जाना है जो शहर में रहता है। आपको वहाँ पहुँचने में लगभग कितना समय लगेगा? अलग–अलग संसाधनों जैसे– कार, साइकिल, मोटर साइकिल आदि से जाने में। | छोटे समूहों में अनुमान लगाने को कहें कि उनके घर में कपड़ा धोने और खाना पकाने में कितना लीटर पानी लगता है? एक तालिका बनाकर दिखाने को कहें। फिर आप उस पर आधारित सवाल पूछें। | बच्चों से कैलेंडर की मदद से अपने परिवार के सभी सदस्यों का जन्मदिन और शादी की सालगिरह लिखने को कहें और कैलेंडर में इन तिथियों को चिन्हित करने को कहें। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ बाइसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

**लक्ष्य : बच्चे 3 अंको वाली संख्याओं में 2 अंको वाली संख्याओं से गुणा एवं भाग के शाब्दिक सवालों को हल कर पाएँगे।**

**सप्ताह–22**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | एक बाग में 9 अमरुद के पेड़ हैं बाग से कुल 270 अमरुद तोड़े गए। सभी पेड़ों पर अमरूद की संख्या समान थी। बताएँ, प्रत्येक पेड़ पर कितने अमरुद लगे थे? | राहुल के पास 150 लड्डू हैं। वह उसे अपने 25 दोस्तों में बराबर–बराबर बाँटना चाहता है तो प्रत्येक दोस्त को कितने लड्डू मिलेंगे? | बच्चों के साथ बड़े समूह में दोगुना करो आधा करो का खेल खेलें। जैसे– 40 का दो गुना कितना? 28 का दो गुना कितना? 90 का आधा कितना? आदि। | बच्चों से खेल–कूद विषय पर बातचीत करें और किसी एक खेल को लेकर चर्चा करें कि उसमें गणित कैसे प्रयोग में आता है? इसमें सभी बच्चों को मौका दें जैसे– फुटबॉल के खेल में गणित कहाँ–कहाँ आता है? | एक टोकरी को बनाने में 180 मिनट लगता है तो 4 टोकरी को बनाने में कितने घंटे लगेंगे? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | बच्चों से 12 से 15 तक के पहाड़े में हल्ला बोल पहाड़ा बोल का खेल कराएँ। | बच्चों को 800–900 संख्याओं के बीच ठीक पहले और ठीक बाद की संख्या लिखने को कहें। जैसे– 811 के ठीक पहले की संख्या 810 के ठीक बाद की संख्या 812 होगी आदि। | बच्चों से 780–800 तक की संख्याओं के बीच आरोही व अवरोही संख्या क्रम बनाने को कहें। | आओ खेलें पुस्तिका से **सोचो** तुम, बताऊँ मैं खेल तीन अंकीय संख्याओं के साथ करवाएँ। | बच्चों को तीन अंकीय 5 अलग–अलग संख्या देकर उनका विस्तारित रूप लिखने को कहें। जैसे– 347 = 300+40+7 | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 30 मिनट | एक लिफाफे का मूल्य 20 रुपये है। बताएँ, 15 लिफाफे का मूल्य कितना होगा? | मोहन साइकिल से एक घंटे में 8 किलोमीटर चलता है तो 16 घंटे में कितने किलोमीटर चलेगा? | 15–18 तक के पहाड़े पूछने का एक–दूसरे समूह में प्रतियोगिता कराएँ। जैसे – 18 तिया कितना? | मेरे पास 630 लीटर तेल है। उसे 15 लोगों में बराबर– बराबर बाँटना है तो प्रत्येक को कितने–कितने लीटर तेल मिलेंगे? | एक बाग में 19 आम के पेड़ हैं। बाग से कुल 798 आम तोड़े गए। सभी पेड़ों पर आम की संख्या समान थी। बताएँ, प्रत्येक पेड़ पर कितने आम लगे थे?'' | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | बच्चों से उनके परिवार के सदस्यों के वज़न का अनुमान लगाकर सबसे बड़े सदस्य और सबस छोटे सदस्य के वज़न के जोड़ को भी बताने को कहें। | छोटे समूहों में करने को कहें, किसी होटल में बिकने वाले किन्हीं 5 सामानों के वज़न, दर और मूल्य की अनुमानित सूची तैयार करने को कहें। | बच्चों द्वारा समूह में कागज़ की सहायता से आयताकार एवं वर्गाकार आकृतियों का निर्माण करने एवं उनकी विशेषताएँ बताने को कहें। जैसे– आयत की आमने–सामने की भुजाएँ बराबर होती हैं और वर्ग की चारों भुजाएँ बराबर होती हैं। | छोटे समूहों में मापन की सभी मानक इकाइयों के नाम लिखने को कहें। इसके बाद आप उन इकाइयों पर बातचीत करें। | 24 घंटे वाली तथा 12 घंटे वाली घड़ी के समय पर बातचीत करें और सवाल पूछें। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ तेइसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 3 अंको वाली संख्याओं में 2 अंको वाली संख्याओं से गुणा एवं भाग के शाब्दिक सवालों को हल कर पाएँगे।

सप्ताह–23

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | एक गिलास की क़ीमत 15 रुपये है तो ऐसे ही 132 गिलास की क़ीमत कितनी होगी? हल करने के अलग–अलग तरीक़े पर बातचीत करें। | एक किताब का वज़न 450 ग्राम है तो 7 किताब का वज़न कितने किलोग्राम और कितने ग्राम होंगे? | पूछें, एक महीने में आपके घर में लगभग कितना आटा ख़र्च होगा? अनुमान के आधार पर जरूर बात करें। | पूछें, एक आयताकार मैदान के 8 चक्कर लगायें गयें। इन 8 चक्करों में कुल कितनी दूरी तय हुई इसे जानने के लिए क्या–क्या मालूम होना जरूरी है और कैसे निकालेंगे? | 15 पैकेट में 180 पेंसिलें आती हैं तो एक पैकेट में कितनी पेंसिलें आएँगी? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | बच्चों से 5,2,1,0 अंकों का प्रयोग करके तीन अंकों वाली संख्याएँ बनवाएँ एवं उन संख्याओं को बढ़ते क्रम में लिखने को कहें। | आप बड़े समूह में 16 से 20 तक के पहाड़े में गुणा की वर्ग पहेली का खेल कराएँ। | 16 से 20 तक के पहाड़े में हल्ला बोल पहाड़े बोल का खेल कराएँ। | आप बड़े समूह में 16 से 20 तक के पहाड़े के बारे में पूछें। जैसे – 16 सत्ते कितना? 19 पंचे कितना? इत्यादि। | बच्चों को 245 से 290 के बीच आने वाली विषम संख्याएँ लिखने को कहें। इन संख्याओं को छोटे से बड़े के क्रम में लगाने को भी कहें। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 30 मिनट | तमन्ना ने दुकानदार से 12 पंखे खरीदे। यदि एक पंखे की कीमत 575 रुपये है तो बताएँ कि तमन्ना ने दुकानदार को कितने रुपये दिये? | 25 कुर्सियों की कीमत 450 रुपये है तो ऐसे ही एक कुर्सी की कीमत कितनी होगी ? | 2 से 20 तक के पहाड़े में **हल्ला** बोल पहाड़े बोल का खेल कराएँ। | एक बच्चे के ड्रेस में 5 मीटर कपड़ा लगता है। 82 मीटर कपड़े में कितने बच्चों का ड्रेस बनेगा और कितने मीटर कपड़े बच जाएँगे? | एक कमरे में 18 बच्चे बैठ सकते हैं तो 702 बच्चों को बैठाने के लिए कितने कमरे की आवश्यकता पड़ेगी? | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 20 मिनट | बच्चों से अपने 3 दोस्तों का वज़न अनुमान लगाकर लिखने को कहें। इसके बाद आप उस पत बातचीत करें। | छोटे समूहों में एक–दूसरे समूह से मापन एवं अनुमान पर आधारित सवालों को पूछने का प्रतियोगिता कराएँ। | पूछें, रुपये 10 के कितने नोट 200 रुपये बनाएँगे? 50 रुपये के कितने नोट 500 रुपये बनाएँगे? अलग–अलग नोटों के बारे में पूछते हुए बातचीत को आगे बढ़ाएँ। | बच्चों के साथ बातचीत करते हुए ये जानने का प्रयास करें कि कौन–कौन सी वस्तुओं को किलोग्राम में, ग्राम में, लीटर में, मीटर में, किलोमीटर में, सेंटीमीटर में मापते हैं? | आलू और रोटी की गोलाई में अंतर के बारे में पूछें। आलू और रोटी की तरह दिखने वाली वस्तुओं के नाम बताने को कहें। | पुनरावृत्ति |

# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ चौबीसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

**लक्ष्य : बच्चे 3 अंको वाली संख्याओं में 2 अंको वाली संख्याओं से गुणा एवं भाग के शाब्दिक सवालों को हल कर पाएँगे।**

**सप्ताह–24**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | एक कमरे में 105 लोग बैठ सकते हैं तो ऐसे ही 12 कमरों में कितने लोग बैठेंगे? | 15 डायरी की क़ीमत अगर 801 रुपये है तो एक डायरी की क़ीमत कितने रुपये और कितने पैसे होगी? | बच्चों से 500–550 तक की संख्याओं के बीच सम संख्या बताने को कहें। सभी बच्चों को मौक़ा दें। | एक पंक्ति में 60 लोग खड़े हैं तो ऐसे 12 पंक्ति में कितने बच्चे खड़े होंगे? | यदि 20 कलम की कीमत 360 रुपये है तो 5 कलम की क़ीमत कितनी होगी? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | भाज्य और अभाज्य संख्याओं के बारे में बताएँ और बच्चों से पूछें। | छोटे समूहों में 1 से 100 तक की संख्याओं में भाज्य और अभाज्य संख्याएँ छाँटकर लिखने को कहें। | छोटे समूहों में बच्चों से 350 से 400 की संख्या के बीच 5 कितनी बार आता है गिनकर लिखने को कहें। | छोटे समूहों में 1 से 100 तक की संख्याओं में सम और विषम तथा भाज्य और अभाज्य संख्याएँ छाँटकर लिखने को कहें। | छोटे समूहों में आप संख्या आधारित विभिन्न तरह के सवाल पूछते हुए क्विज़ करें। जैसे–ऐसी कौन–सी संख्या है जो सम भी है और अभाज्य भी? सबसे छोटा अंक कौन–सा है? इत्यादि। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 30 मिनट | यदि एक गाय एक दिन में 25 लीटर दूध देती है तो वह 90 दिन में कितने लीटर दूध देगी? | एक दर्जन 12 के बराबर होते है। बताएँ, 348 में कितने दर्जन होंगे? | छोटे समूहों में गुणा और भाग के तीन–तीन अलग–अलग तरह के शाब्दिक सवाल लिखने को कहें। | छोटे समूहों में एक–दूसरे समूह से जोड़, घटाव, गुणा और भाग के शाब्दिक सवाल पूछने की प्रतियोगिता करवाएँ। | छोटे समूहों में आप शाब्दिक सवालों पर आधारित विभिन्न तरह के सवाल पूछते हुए क्विज़ करें। | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | बच्चों से सुबह 5:30 से 8:30 तक की जाने वाली गतिविधियों को लिखने को कहें। जैसे–सुबह जल्दी उठना, नहाना, धोना आदि। | बच्चों से घर में उपलब्ध बर्तनों की सूची बनाने को कहें जिनमें 5 लीटर से अधिक पानी भरा जा सकता है। | छोटे समूहों में एक–दूसरे समूह से मापन एवं अनुमान पर आधारित सवाल पूछने की प्रतियोगिता करवाएँ। | छोटे समूहों में एक–दूसरे समूह से मापन एवं अनुमान पर आधारित सवाल पूछने की प्रतियोगिता करवाएँ। | मापन एवं अनुमान पर क्विज़ करें। | पुनरावृत्ति |